


एचडीएफसी बैंक ने बाहरी कानूनी कंपनी को सौंपी जांच - 12



बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत - 12



किम जोंग का एलान-उत्तरी कोरिया को बनाएंगे परमाणु शक्ति संपन्न - 13



टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत : एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर - 14


आज का मौसम

27.0° अधिकतम तापमान

17.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.10 सूर्यास्त 06.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी 01:50 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 25 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 28, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले शख्स हरीश राणा का निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स-दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया। राणा (32) को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से एम्स के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टिट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई में स्थानांतरित किया गया था। वह 2013 से कोमा में थे।

एम्स ने कहा, हरीश राणा का 24 मार्च को शाम चार बजकर 10 मिनट पर दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह डॉक्टरों की एक विशेष टीम की देखरेख में थे और उन्हें ऑन्को-एनेस्थीसिया और पैलिएटिव मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा के नेतृत्व वाली पैलिएटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट में भर्ती कराया गया था। इस कठिन समय में एम्स उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

शीर्ष कोर्ट ने 11 मार्च को ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। राणा पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र थे। वह 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में। अदालत ने माता-पिता निर्मला राणा और अशोक राणा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, अपने बेटे के प्रति अपार स्नेह और देखभाल के लिए उनकी सराहना व्यक्त की। कहा था, उनके परिवार ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश अदालत के 2018 के कॉमन कॉज मामले में निर्णय के अनुरूप है, जिसे 2023 में संशोधित किया गया था और गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग के मामले में इच्छामृत्यु के लिए याचिका दायर करने वाली पत्रकार और कार्यकर्ता पिंकी विरानी ने एम्स के डॉक्टरों व नर्सों को करुणापूर्वक निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया को लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति इस अधिकार का प्रयोग करना चाहता है, तो उसे अपने परिवार के सदस्यों को बता देना चाहिए। कोर्ट ने शानबाग की ओर से विरानी की याचिका खारिज कर दी थी, जो नवंबर 1973 में हुए बर्बर यौन हमले के बाद से मुंबई के अस्पताल में कोमा जैसी स्थिति में बिस्तर पर पड़ी थीं। मुंबई की नर्स शानबाग की अंततः 2015 में निमोनिया से मृत्यु हो गई।

- 13 साल से थे कोमा में, शाम 4:10 बजे दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस



### पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे की गई थी बंद

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद राणा की पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे बंद कर दी गई। राणा की मृत्यु के बाद, उनके परिवार ने उनका कॉर्निया और हृदय वाल्व दान कर दिए, जिन्हें अस्पताल द्वारा प्राप्त किया गया। कोर्ट के फैसले के बाद राणा के परिवार ने कहा था कि कृत्रिम जीवनरक्षक सहायता हटाने से परिवार को व्यक्तिगत रूप से कोई लाभ नहीं होगा, लेकिन व्यापक जनहित में यह निर्णय समान परिस्थितियों का सामना कर रहे अन्य लोगों की मदद कर सकता है। हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने कहा था कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु से वर्षों के अपूरणीय कष्ट से हरीश को मुक्ति मिलेगी।

## हवाई हमले में तेहरान का गैस प्लांट उड़ाया, ईरान ने भी खाड़ी देशों व इजराइल पर दागे बम

दुबई, एजेंसी

ईरान पर मंगलवार को किए गए हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान में भारी तबाही मचाई और गैस प्लांट के साथ पाइपलाइन उड़ा दी, लेकिन ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने भी इजराइल के तेल अवीव और पश्चिम एशिया के कई ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य के साथ बातचीत कर रहा है। हजारों और अमेरिकी मरीन सैनिकों के खाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना होने, दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर तीव्र हमला जारी रहने और ईरान द्वारा किसी भी प्रकार की बातचीत से इनकार करने के बीच युद्ध तेज होता दिखा। वहीं, ब्रिटेन खाड़ी देशों में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात तैनात करेगा।

हालांकि, इसके एक दिन पहले ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समयसीमा भी आगे बढ़ा दी, जिसके तहत होर्मुज को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई थी।

पाकिस्तान ने राजनयिक वार्ता की मेजबानी की पेशकश की, लेकिन ईरान अपने रुख पर अड़ा रहा और पूर्ण विजय प्राप्त होने तक लड़ने की कसम खाई। ईरान ने मंगलवार को एक ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया, जिन्होंने हवाई हमले में मारे गए अली लारीजानी की जगह ली। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने नए सचिव की पहचान मोहम्मद बागेर जोलघाद्र के रूप में की है



- खाड़ी देशों में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात करेगा ब्रिटेन
- जोलघाद्र ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए सचिव नियुक्त

### होर्मुज स्ट्रेट से आने को किसी अनुमति की जरूरत नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि तेल समृद्ध फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ने वाले एकमात्र समुद्री मार्ग होर्मुज से गुजरने के लिए किसी भी देश की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नौवहन नियमों के अनुसार जलडमरूमध्य में आवागमन की स्वतंत्रता है। चूंकि जलडमरूमध्य संकरा है, केवल प्रवेश और निकासी मार्ग चिन्हित हैं, जिनका पालन सभी जहाजों को करना आवश्यक है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं।

### तेल का खेल



पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी की अफवाहों से घबराकर लोग वाहनों की टंकियां फुल कराने पहुंच गए। नागपुर में पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार।

## ब्रीफ न्यूज

### 19 अप्रैल को खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

**देहरादून।** यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर दोपहर 12:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंगलवार को श्री यमुनोत्री मंदिर समिति द्वारा यमुना जयंती पर यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली में विधि विधान से पंचांग गणना के बाद कपाट मुहूर्त निकाला गया। इसी दिन गंगोत्री धाम के कपाट भी दोपहर सवा 12 बजे खुलेंगे। दोनों धामों के कपाट खुलने के साथ ही इस वर्ष की उत्तराखंड चारधाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। वहीं, बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह सवा छह बजे तो केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को सुबह आठ बजे खोले जाएंगे।

### दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने बताया कि विधानसभा परिसर की तलाशी के बाद अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाशी अब भी जारी है। उसने बताया कि सुबह सात बजकर 28 मिनट पर विधानसभा को बम की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ और इसके बाद सुबह सात बजकर 49 मिनट पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भी एक ईमेल भेजा गया।

# प. एशिया जंग जारी रही तो यह भारत के लिए चिंताजनक : मोदी

## राज्यसभा में कहा- संकट से निपटने के लिए 7 नए समूह गठित किए

- प्रधानमंत्री बोले- आने वाला समय देश की सबसे कड़ी परीक्षा लेगा
- पूरे भारत को टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए सात नए समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

प्रधानमंत्री ने जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए कहा कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। कहा, हमारी अर्थव्यवस्था के आधारभूत स्तंभ मजबूत हैं तथा सरकार पल पल बदलते हालात पर नजर रखे हुए है। सरकार इसके अल्पकालिक, मध्य कालिक एवं दीर्घकालिक प्रभावों पर नजर रखने के लिए एक रणनीति के तहत काम कर रही है। मोदी ने कहा कि सरकार ने एक अंतर मंत्रालयी समूह बनाया है जो नियमित बैठक कर आयात-निर्यात में आने वाली बाधाओं का आकलन करता है। जैसे कोरोना महामारी के दौरान अलग अलग क्षेत्रों की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के विभिन्न समूह बने थे, वैसे ही सोमवार को सात नए समूहों का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये समूह गैस, महंगाई आदि विषयों पर विचार कर समाधान के लिए काम करेंगे।



### खाड़ी में एक करोड़ भारतीयों की आजीविका चिंता का कारण

मोदी ने कहा कि खाड़ी के देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं, वहां काम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एवं आजीविका भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता का कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दुनिया के कई जहाज फंसे हुए हैं। उनमें भारतीय चालक दल की संख्या भी बहुत अधिक है तथा यह भी भारत की एक बड़ी चिंता का विषय है।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने मोदी को किया फोन होर्मुज सुरक्षा पर की बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा कि भारत पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द तनाव कम करने और शांति बहाल करने का समर्थन करता है। ईरान के लिए अमेरिका की ओर से समयसीमा पांच दिन बढ़ाए जाने के एक दिन बाद ट्रंप ने मोदी को फोन किया। मोदी ने कहा, भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की। इस संबंध में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण पोत परिवहन मार्ग को खुला रखने के महत्व पर विचार-विमर्श किया। गोर ने सोशल मीडिया पर कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की अभी बातचीत हुई। उन्होंने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का महत्व भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई विवरण साझा किए बिना यह भी कहा कि संघर्ष के पूर्ण और समग्र समाधान के लिए अमेरिका तथा ईरान के बीच सार्थक बातचीत हुई है।



## धर्म बदलते ही खत्म होगा अनुसूचित जाति का दर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित व्यक्ति, किसी अन्य धर्म को अपनाकर एससी का दर्जा तुरंत और पूरी तरह खो देता है।

पीठ ने कहा, ऐसे किसी भी व्यक्ति को धारा तीन के अनुसार अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाता। उसे संविधान या संसद या राज्य विधानमंडल के किसी कानून के तहत कोई भी वैधानिक लाभ, संरक्षण या आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसमें कोई अपवाद नहीं है। कोई व्यक्ति धारा तीन में उल्लेखित धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करते हुए अनुसूचित जाति की सदस्यता का दावा नहीं कर सकता। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल 2025 को कहा था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और उसे सक्रिय रूप से मानता व पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है और इसलिए ईसाई धर्म अपनाने वाले व्यक्ति पर अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते।



- सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला रखा बरकरार

### 2021 में एक मामले में सुनाया आदेश

पादरी सी आनंद ने 2021 में एक आपराधिक मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने एआर रेड्डी नामक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और एससी/एसटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं का हवाला दिया था। आनंद ने आरोप लगाया कि पादरी के तौर पर कर्तव्यों का पालन करते समय आंध्र प्रदेश के एक गांव में रविवार की प्रार्थना के दौरान उन पर हमला किया गया। उन्होंने दावा किया कि आर रेड्डी ने उन पर कई बार हमला किया और जातिसूचक अपशब्द कहकर अपमानित किया।

## प. एशिया पर सर्वदलीय बैठक आज

- रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे बैठक की अध्यक्षता, राहुल गांधी नहीं होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने प. एशिया संकट पर चर्चा करने के लिए बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक बुधवार शाम पांच बजे बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर के भी इसमें मौजूद रहने की उम्मीद है।

इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि वह सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनका केरल में एक कार्यक्रम पहले तय है। विपक्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य के बाद इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक की मांग उठाई थी। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल पश्चिम एशिया युद्ध और इसके भारत पर प्रभाव को लेकर सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं। राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अधिकार संपन्न सात नए समूहों का गठन किया गया है जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे।

## वर्चस्व की लड़ाई में बीटेक के छात्र की हत्या

- मुजफ्फरनगर का रहने वाला था मृतक छात्र
- हमले के आरोप में तीन छात्र गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में छात्रों के दो गुटों में वर्चस्व और रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में मुजफ्फरनगर निवासी बीटेक के छात्र की मौत हो गई। यह छात्र मुजफ्फरनगर का निवासी था। पुलिस ने मामले में बीटेक और बीबीए के तीन आरोपी छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने मंगलवार को बताया कि, सोमवार देर रात थाना प्रेमनगर क्षेत्र के केहरी गांव में युवकों के बीच मारपीट में एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पर पुलिस सीएचसी प्रेमनगर पहुंची थी, जहां 22 वर्षीय बीटेक का छात्र दिव्यांशु जाटराना (22) पुत्र अमित जाटराना निवासी भोपा, मुजफ्फरनगर गंभीर रूप से घायल मिला। उसे दून अस्पताल रेफर किया गया था। सीएचसी में एम्बुलेंस खराब होने पर प्रेमनगर थाना पुलिस दिव्यांशु को सरकारी वाहन से दून अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर मामला दर्जाकर बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र बिहार निवासी युवराज (22), रुद्रपुर निवासी बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र मधुर खंडेलवाल और बिहार निवासी शिवम शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सगे भाई की पीटकर हत्या

**पिथौरागढ़।** सीमांत पिथौरागढ़ के गांव भगतिरवा में सनसनीखेज घटना में वनराजी युवक ने चाची और चचेरे दो भाइयों के साथ मिलकर अपने सगे भाई की हत्या कर शव जंगल में ठिकाने लगा दिया। शिकायत पर जौलजीबी पुलिस ने 24 घंटे में ही शव बरामद कर चारों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। (विस्तृत पेज-2)

### रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री ने मंगलवार को टिकट क्षेत्र में सुधारों की घोषणा करते हुए कहा कि ट्रेन के प्रस्थान करने के आठ घंटे पहले तक कंफर्म टिकट रद्द करने पर कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा, जबकि वर्तमान में यह नियम चार घंटे का है। मंत्री ने बताया कि पुनर्भुगतान का नया नियम इस साल एक से 15 अप्रैल के बीच लागू होगा। उन्होंने बताया कि टिकट रद्दीकरण के अन्य नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब ट्रेन के प्रस्थान करने से 24 घंटे से आठ घंटे पहले टिकट रद्द करने पर केवल 50 प्रतिशत राशि का पुनर्भुगतान किया जाएगा जबकि वर्तमान में यह अवधि 12 घंटे से चार घंटे है।

**आह्वान** | मुख्यमंत्री ने राजधानी में 1100 कन्याओं का पूजन किया, कहा-मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## हर बेटी की रक्षा-शिक्षा और प्रगति का संकल्प लें : धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिला सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर नारी गरिमा, अधिकारों और न्याय को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेमनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र में 1100 कन्याओं का पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, ऐसे आयोजन समाज में नारी सम्मान को सुदृढ़ करने तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कन्या पूजन के पावन अवसर पर समाज को यह संकल्प लेना चाहिए कि प्रत्येक बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे हर बेटी की रक्षा, शिक्षा और प्रगति का संकल्प लें, जिससे कन्या पूजन की भावना वास्तविक रूप से सार्थक हो सके।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं। बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल तथा 12वीं उत्तीर्ण करने पर 51,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के अलावा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना, नंदा गौरा योजना, गौरा देवी कन्याधन योजना, पोषाहार योजना जैसी पहलें बेटियों और मातृशक्ति के कल्याण की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रही हैं। कहा कि, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों के सामूहिक विवाह हेतु 61 हजार रुपए तथा व्यक्तिगत विवाह हेतु 55 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है।



चैत्र नवरात्र पर सनातन धर्म मंदिर में एक कन्या के चरण पखारते मुख्यमंत्री धामी।

## स्टेट ब्रीफ

### देहरादून विश्वविद्यालय तीन माह में लें निर्णय



**नैनीताल :** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने दून विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ता जगतपाल सिंह को निर्देश दिया कि वे न्यायालय के आदेश की प्रति विवि प्रशासन को तामील कराएं। आदेश की प्रति प्राप्त होने के बाद विवि प्रशासन याचिकाकर्ता के लंबित प्रत्यावेदन पर तीन माह के भीतर निर्णय ले। किसी भी निर्णय से पहले संबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर का पक्ष अवश्य सुना जाए।

### हरिद्वार में 20 भिक्षु गिरफ्तार, केस दर्ज

**हरिद्वार :** धर्म नगरी में 'ऑपरेशन लगाम' के तहत कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को हरकी पैड़ी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए घाटों पर श्रद्धालुओं से जबरन भीख मांगने और उन्हें परेशान करने वाले 20 भिक्षुओं को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ भिक्षुक अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किए गए हैं। कोतवाल रितेश शाह के अनुसार, हरकी पैड़ी क्षेत्र में ये भिक्षु श्रद्धालुओं के लिए असुविधा का कारण बन रहे थे। सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए व्यापक रूप से निगरानी अभियान चलाया गया।

# चारधाम यात्रा-26 में श्रद्धालुओं की सुविधा-सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा-यह राज्यवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड चारधाम यात्रा-2026 की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेशवासियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान उत्तराखंडवासी देश और दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत करते हैं। इस वर्ष चार धाम यात्रा का शुभारंभ 19 अप्रैल से है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सड़कों के सुदृढ़ीकरण, अवस्थापना सुविधाओं के विकास, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा परिवहन व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं, जैसे-पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 की यात्रा प्राकृतिक आपदाओं के कारण डेढ़ महीने से अधिक समय तक बाधित रही थी, इसके बावजूद 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की चारधाम यात्रा के लिए अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। साथ ही गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) के अतिथि गृहों में 5 करोड़ रुपये से अधिक की अग्रिम बुकिंग हो चुकी है, जो यात्रा के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुखद चार धाम दर्शन कराना सरकार की जिम्मेदारी है। शासन प्रशासन को लगातार सतर्क रहते हुए व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं।



### आवश्यक सूचनाएं श्रद्धालु तक पहुंचेंगी

सीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा समय-समय पर चार धाम यात्रा से संबंधित आवश्यक सूचनाएं श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जाती रहेंगी, जिससे वे अपनी यात्रा को बेहतर ढंग से नियोजित कर सकें। शासन को चारधाम यात्रा की तैयारी की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं।

**19** अप्रैल से शुरू होने जा रही है चारधाम यात्रा-2026

**51** लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए थे वर्ष 2025 यात्रा में दर्शन

**10** लाख से ज्यादा श्रद्धालु करा चुके इस साल पंजीकरण


**05** करोड़ से ज्यादा की हो चुकी है जीएमवीएन गेस्ट हाउस बुकिंग

### सीएम जल्द करेंगे समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से चारधाम यात्रा-2026 को और अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालु अनुकूल बनाया जाएगा। यात्रा संबंधित तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री धामी स्वयं जल्द ही समीक्षा बैठक करेंगे।

### समन्वय एवं संवाद स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों, जैसे-अतिथि गृह संचालक, ढाबा संचालक, टैक्सी एवं परिवहन सेवाओं से जुड़े लोगों के साथ अभी से समन्वय एवं संवाद स्थापित कर लिया गया है, ताकि यात्रा के दौरान बेहतर सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।





### सीएम आवास में 60 किलो शहद निकला

**देहरादून:** मुख्यमंत्री आवास परिसर में मंगलवार को शहद निष्कासन कार्य किया गया। पहले चरण में 60 किलोग्राम शहद निकाला किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री आवास परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में 3-बी गार्डन (बी-फ्रेंडली गार्डन, बटरफ्लाई फ्रेंडली गार्डन एवं बर्ड फ्रेंडली गार्डन) विकसित करने की दिशा में कार्य किए जाएं। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड में मौन पालन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में प्रचुर मात्रा में फूलों की प्रजातियां हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाले जैविक शहद उत्पादन में सहायक हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय गुणों वाला शहद तैयार करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। वहीं, लोक भवन में भी इस वर्ष प्रथम चरण में 15 बक्सों से करीब 41 किलोग्राम शहद प्राप्त हुआ। इस दौरान, राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हनी बी प्रोसेसिंग का अवलोकन किया। कहा कि मधुमक्खी पालन राज्य के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# पीएम का अप्रैल के प्रथम हफ्ते में दून दौरा संभावित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगामी अप्रैल में उत्तराखंड दौरा प्रस्तावित है। वह यहां ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के तहत नवनिर्मित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की भनक मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के खेमे में खासा जोश और उत्साह का माहौल बन गया है। हालांकि भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री के आगमन की अभी कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है लेकिन संभावना मानी जा रही है कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में वह देहरादून आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी अप्रैल के प्रथम सप्ताह में दिल्ली के अक्षरधाम से देहरादून तक नवनिर्मित एक्सप्रेसवे का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए देहरादून और उत्तराखंड सीमा पर हेलीपैड का निर्माण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह 210 किमी लंबा, 6-लेन का नवनिर्मित हाईवे है जिससे दिल्ली-दून के बीच यात्रा के समय सीमा 6.5 घंटे से घटकर सिर्फ 2.5 से तीन घंटे हो जाएगी।

### 12 किमी का है एलिवेटेड कॉरिडोर

इस एक्सप्रेस वे के मध्य में एशिया के सबसे लम्बे वन्यजीव कॉरिडोर राजाजी नेशनल पार्क के पास 12 किलोमीटर का एलिवेटेड कॉरिडोर है, जो वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। लगभग 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बना यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट बागपत, शामली और सहारनपुर से होकर गुजरता है जो इस माह के अन्त तक पूरी तरह से चालू हो जाएगा।

### 100 किमी प्रति घंटा की गति सीमा निर्धारित

डॉट काली मंदिर के पास 340 मीटर लंबी टनल भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस हाईवे पर कारों के लिए 100 किमी प्रति घंटा की गति सीमा निर्धारित की गई है। यह एक्सप्रेस-वे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी जुड़ता है। यह एक्सप्रेस-वे न केवल समय बचाएगा, बल्कि उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देगा।

# दूरस्थ क्षेत्र में हवाई सफर होगा सुगम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आरसीएस योजना से प्रदेश ने एक दर्जन हेलीपोटो से भरी उड़ान

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की संशोधित उड़ान योजना से उत्तराखंड के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र में हवाई सफर सुगम होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि क्षेत्र सम्पर्क योजना के तहत राज्य के एक दर्जन हेलीपोटो से उड़ान शुरू हो गई है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा सदन के पटल पर उत्तराखंड में हवाई सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मांगी गई। जिसमें उन्होंने राज्य के चमोली, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी जैसे दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं और अक्सर प्राकृतिक आपदाएं होती हैं, नियमित हेलीकॉप्टर सेवाओं को बढ़ाने की योजना पर सवाल पूछे, जिसके ज़बाब में नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि 'उड़ान' योजना के तहत, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाई अड्डों के साथ-साथ सहस्त्रधारा, चिन्यालीसौर, गौचर, नई टिहरी, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, श्रीनगर, मुनस्यारी, बागेश्वर और चंपावत में हेलीपोर्टों से आरसीएस उड़ान परिचालन आरंभ हो गया है।



उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और सुदृढ़ करने और बढ़ाने के लिए सरकार ने अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने हेतु उत्तराखंड राज्य सहित देशभर में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए संशोधित 'उड़ान' योजना आरंभ करने की घोषणा की है। यह योजना पर्वतीय, आकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों को भी सहायता प्रदान करेगी।

### अतिथि शिक्षक मामले में हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने अल्मोड़ा विश्वविद्यालय के विधि संकाय में अतिथि शिक्षक के मामले में सख्त रुख अख्तियार करते हुए विश्वविद्यालय से जवाब-तलब किया है। सुनवाई के दौरान विवि के अधिवक्ता ने आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के लिए दो दिन का समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामला विधि संकाय की अतिथि शिक्षक प्रियंका की पुनर्नियुक्ति से जुड़ा है। याचिकाकर्ता ने अपनी पुनर्नियुक्ति न होने और उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को अदालत में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्राथमिक रूप से माना कि विभागाध्यक्ष द्वारा पुन: नियुक्ति से इनकार करना न केवल भेदभावपूर्ण है, बल्कि दुर्भावनापूर्ण और प्रतिशोधात्मक भी प्रतीत होता है।

# जरूरत पर फिर करेंगे चुनौती का सामना

- रेस्टोरेंट पहुंचे सीएम धामी, गैस आपूर्ति का लिया जायजा
- गैस आपूर्ति सुचारू रखने के लिए सरकार के हरसंभव प्रयास

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़ी कैंट क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट में पहुंचकर रसोई गैस आपूर्ति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों से कहा कि अभी गैस का बहुत अधिक संकट नहीं है, फिर भी आने वाले दिनों में यदि जरूरत पड़ी तो देशवासियों को इस बार भी कोरोनाकाल की तरह एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करना होगा।



रेस्टोरेंट संचालक से जानकारी लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने रेस्टोरेंट संचालक से गैस आपूर्ति के बारे में पूछा, इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक ने कहा कि सप्लाई में थोड़ा कमी तो आई है लेकिन फिलहाल गैस लगातार मिल रही है। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि वो गैस की खपत कम करने के लिए तंदूर का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भी इस पहल को सराहते हुए, प्रशासन को वैकल्पिक ऊर्जा के लिए जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी गैस की आपूर्ति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आपूर्ति सुचारू रखने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के साथ ही आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो देश एकजुटता से इस चुनौती का सामना करेगा। जिस तरह कोरोना काल में देश ने एकजुटता का परिचय दिया था, उसी तरह का धैर्य का परिचय इस बार भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस के विकल्प के तौर पर इंडक्शन सहित अन्य विकल्पों का प्रयोग किया जा सकता है। सरकार हर तरह से लोगों की मदद करने के लिए तैयार है।

# वनराजी गांव में सगे भाई की हत्या से खौफ

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** पिथौरागढ़ में किमखोला ग्राम पंचायत के वनराजी गांव भगतिरवा में सनसनीखेज वारदात में एक युवक की लोहे की रॉड और लकड़ियों से पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में पुलिस ने हत्यारोपी सगे भाई, कथित चाची और उसके दो पुत्रों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने शव बरामद करते हुए सगे भाई समेत चारों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, 22 मार्च को कुंदन सिंह (35) पुत्र स्व. बहादुर सिंह रजवार का किसी बात को लेकर अपनी रिश्ते की चाची बसंती देवी (39) से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ा कि बसंती और उसके दोनों बेटे जनक (25) व रमेश सिंह (21) के साथ ही कुंदन के सगे भाई प्रदीप सिंह (30) ने मिलकर कुंदन पर लोहे की रॉड और डंडों से वार कर उसकी हत्या कर दी। अगले दिन चारों ने मिलकर शव जंगल में फेंक दिया। उधर, कुंदन की पत्नी रेखा देवी ने कोतवाली जौलजीबी में घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जंगल में खोजबीन शुरू की। कुछ देर बाद भी उसका पत्थरों में दबा शव मिल गया जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। थाना प्रभारी जौलजीबी प्रदीप कुमार ने कहा कि कुंदन आए दिन परिजनों के साथ झगड़ा करता था। इसी के चलते यह घटना होना बताया गया।

# प्रेमनगर में चला सघन अभियान

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रेमनगर में वर्चस्व और रंजिश में बीटेक के छात्र दिव्यांशु की हत्या के मामले में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कड़ी चेतावनी दी है कि शिक्षा की आड़ में यदि माहौल खराब किया तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने मंगलवार को प्रेमनगर क्षेत्र में हॉस्टल/पीजी में रहने वाले बाहरी छात्रों का सत्यापन किया।

अभियान के दौरान पीजी/हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के सत्यापन न कराने पर 8 प्रतिष्ठान संचालकों का पुलिस एक्ट में चालान करते हुए 80 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 24 व्यक्तियों के पुलिस एक्ट में चालान किए गए जबकि 52 नवयुवक वाहन चालको के विरूद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही करते हुए 16 वाहनों को सीज किया गया।



छात्रों के सत्यापन अभियान के तहत जानकारी लेते एसपी सिटी देहरादून।

सत्यापन के दौरान, पहचान संबंधित दस्तावेज न दिखा पाने और बिना सत्यापन के रह रहे करीब 75 छात्रों को पूछताछ के लिए थाना प्रेमनगर ले जाया गया। अभियान के दौरान सभी पीजी/हास्टल संचालकों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों में रहने वाले सभी छात्र/छात्राओं का शत प्रतिशत सत्यापन कराने, गैर प्रान्त के छात्र/छात्राओं का उनके मूल स्थान से भी चरित्र सत्यापन करवाकर उपलब्ध कराने, पीजी/हॉस्टल में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी व्यक्ति को पीजी/हॉस्टल में प्रवेश न करने देने के निर्देश दिए गए।

### नारसन में बनेंगे चार धाम यात्रियों के ग्रीन कार्ड

**हरिद्वार :** चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से राज्य परिवहन विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'सुरक्षित साथी गिग वर्कर रोड सेफ्टी एवं इमरजेंसी रिस्पांस ट्रेनिंग प्रोग्राम' का आयोजन किया। इस दौरान परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि चारधाम यात्रा के मद्देनज़र राज्य के प्रवेश द्वार गुरुकुल नारसन में एक आधुनिक सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र पर एआरटीओ कार्यालय भी संचालित होगा, जहां वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ ही ग्रीन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे यात्रियों और ड्राइवरों को बार-बार रुकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और यात्रा अधिक सुगम हो सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सूचना केंद्र पर शौचालय, खानपान सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके।

# एआई को अपना 'बॉस' बनाने की जरूरत नहीं

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) में मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) विषय पर कार्यशाला हुई।

कार्यशाला का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा अधिकारियों एवं कार्मिकों को एआई के प्रभावी और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक के तीव्र बदलाव का दौर है और एआई इस परिवर्तन का प्रमुख आधार बनकर उभरा है। एआई को हमें अपने सहयोगी के रूप में अपनाना चाहिए, न कि उस पर पूर्ण निर्भर होकर उसे अपना 'बॉस' बना लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से आपदाओं की पूर्वानुमान क्षमता को मजबूत किया जा सकता है, जैसे मौसम आधारित अलर्ट, भूस्खलन और बाढ़ की संभावनाओं का पूर्व आकलन। रियल टाइम डाटा एनालिसिस के जरिए त्वरित निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है, जिससे आपातकालीन प्रतिक्रिया अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनती है। इसके अतिरिक्त, एआई आधारित सिस्टम के माध्यम से रिस्क मैपिंग, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में भी मदद मिल सकती है।

## फैसले

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्णय लेने के दिए निर्देश

# यूओयू के सहायक प्राध्यापकों को मिली हाईकोर्ट से राहत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने हल्द्वानी स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में लंबे समय से कार्यरत सहायक प्राध्यापकों के विनियमितकरण और न्यूनतम वेतनमान के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए सरकार को जल्द फैसला लेने के निर्देश दिए हैं।

खंडपीठ में मंगलवार को मनीषा पंत, डॉ. पूजा जुयाल, बालम सिंह दफोटी समेत पांच सहायक प्राध्यापकों के मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, वह विश्वविद्यालय में पिछले करीब 15 वर्षों से कार्यरत हैं। उन्हें अब तक न तो न्यूनतम वेतनमान दिया गया है और न ही उनका विनियमितकरण किया गया है। इस संबंध में वे कई बार प्रत्यावेदन दे चुके हैं लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कहा गया कि इस संबंध में शासन को संस्तुति भेजी गई है। साथ ही पद सृजन का प्रस्ताव भी दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने न्यूनतम वेतनमान दिलाने और विनियमितकरण की मांग की। खंडपीठ ने सभी याचिकाओं को निस्तारित करते हुए सरकार को जल्द निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

### महिला कॉलेजों को भूमि छूट मामले में हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश में महिला कॉलेजों को भूमि पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत छूट के मामले में दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सचिव उच्च शिक्षा को निर्देशित किया है कि निदेशक उच्च शिक्षा द्वारा भेजे गए पत्रों पर आठ सप्ताह के अंदर निर्णय लें। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि पूर्व में निदेशक उच्च शिक्षा ने दो बार सचिव उच्च शिक्षा को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि महिला कॉलेज खोलने के लिए भूमि पर मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट वर्तमान में नहीं दी जा रही है। इससे नए कॉलेज खोलने में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। यह नियमावली मूल रूप से उत्तर प्रदेश सरकार से अधिकृत है और समय-समय पर इसमें प्रदेश सरकार की ओर से संशोधन भी हुए हैं, लेकिन इस महत्वपूर्ण प्रावधान पर अभी तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश में यह प्रावधान अभी भी मौजूद है। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि यह मामला विचाराधीन है और इस पर निर्णय की प्रक्रिया जारी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए सचिव उच्च शिक्षा को स्पष्ट निर्देश दिए कि निदेशक उच्च शिक्षा के पत्रों पर निर्धारित अवधि में अंतिम निर्णय लिया जाए।

### हाईकोर्ट ने लगाया याचिकाकर्ता पर जुर्माना

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीएचडीसी) के शेयर विवाद को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सख्त रुख अख्तियार करते हुए याचिकाकर्ता पर दस हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। याचिकाकर्ता भूपेंद्र सिंह एवं अन्य की ओर से दायर याचिका में भारत सरकार के उस निर्णय पर सवाल उठाया गया जिसमें टीएचडीसी के शेयरों में बदलाव की प्रक्रिया अपनाई गई। याचिका के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के प्रावधानों का पालन किए बिना केंद्र सरकार द्वारा एकतरफा कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच टीएचडीसी में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी को लेकर मामला पहले से ही शीर्ष अदालत (एससी) में लंबित है। ऐसे में याचिकाकर्ताओं ने केंद्र सरकार के कदम को अनुचित बताया। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने याचिका की पोषणीयता पर सवाल उठाते हुए याचिकाकर्ताओं पर 10000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही, याचिका को पूरी तरह से निस्तारित कर दिया है।

# 'टीबी मुक्त भारत' को सघन अभियान

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने मंगलवार को लोक भवन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड द्वारा विश्व टीबी दिवस पर '100 दिन सघन टीबी उन्मूलन' अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के अंतर्गत उन्होंने मोबाइल वैन को भी फ्लैग ऑफ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने टीबी रोगियों को गोद लेकर नियमित निगरानी एवं मानसिक संबल प्रदान करने वाले निक्षय मित्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद देहरादून, ऊधमसिंह नगर एवं पिथौरागढ़ को सम्मानित किया तथा टीबी से स्वस्थ हुए 'टीबी चैंपियनों' को भी सम्मानित किया। राज्यपाल ने 'टीबी मुक्त भारत' अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प आवश्यक है। टीबी से स्वस्थ हुए लोग असली योद्धा हैं और समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी लोगों, स्वयं सेवी संस्थाओं और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इन सभी लोगों की मेहनत से उत्तराखण्ड अग्रणी राज्यों में है।




निक्षय मित्र को सम्मानित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

राज्यपाल ने इस अभियान के 100 दिनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस अवधि में ठोस लक्ष्य निर्धारित कर उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। कहा कि हर दिन महत्वपूर्ण है और छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़े परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने जागरूकता की कमी को एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा।

## सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी - काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कालरात्रि: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः**

### 51 शक्तिपीठों में से एक है मां नैना देवी मंदिर को, नवरात्र के मौके पर नैनीताल के मंदिरों में जुटी भक्तों की भीड़

# बिना कुछ मांगे भक्तों का कष्ट हर लेते हैं मां नैना के नयन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** नैनीताल में नवरात्र के मौके पर नैना देवी मंदिर और पाषाण देवी मंदिर समेत सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां नैना देवी मंदिर को 51 शक्तिपीठों में शुमार माना जाता है। ऐसे में नवरात्रि के मौके पर देशभर के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए नैनीताल जाते हैं।

मान्यता है कि देवी सती की आंख (नैन) यहीं पर गिरी थी। इसी के बाद यहां मां नयना देवी की स्थापना हुई। देवी पार्वती का देह खंडित होने के बाद उनकी बांईं आंख यहां गिरी थी। पुराणों में वर्णित है कि देवी पार्वती के पिता दक्ष प्रजापति ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया था, लेकिन यज्ञ में भगवान शिव को आमंत्रण नहीं दिया गया। अपने पिता के यहां हो रहे अनुष्ठान में माता पार्वती बिना आमंत्रण के पहुंच गई जहां उन्होंने देखा कि अनुष्ठान के दौरान सभी देवी-देवताओं समेत ऋषि मुनियों के बैठने के लिए उपयुक्त स्थान है, लेकिन उनके पति यानी भगवान शिव के लिए कोई स्थान तक नहीं रखा गया है, जिससे माता पार्वती काफी आहत हुईं और अपने पति का अपमान न सह सकी।

पिता की ओर से अपने पति की उपेक्षा से खिन्न होकर देवी पार्वती यज्ञ के हवन कुंड में कूदकर सती हो गईं। माता के सती होने की सूचना के बाद भगवान शिव काफी क्रोधित हो गए उन्होंने पार्वती के देह को अग्निकुंड से निकाल कर ब्रह्मांड के चक्कर लगाने शुरू कर दिए। भगवान शिव का क्रोध देख प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगा। इससे तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब सृष्टि के संरक्षक भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से सती के देह के खंड-खंड कर दिए जिसमें माता पार्वती की बाईं आंख यानि नैन यहां की झील (ताल) में गिरी। जिसके बाद इस स्थान का नाम भी नैनीताल पड़ा। कहा जाता है मां सती के अंग जिस-जिस स्थान पर गिरे, उन स्थानों पर शक्तिपीठ का निर्माण हुआ, उन्हें में से एक शक्तिपीठ नैनीताल में भी स्थित है।



नैनीताल स्थित मां नैना देवी मंदिर का विहंगम दृश्य।

### साक्षात नयना के रूप में विराजमान हैं मां दुर्गा




मां नयना यहां नयन रूपी भगवती के रूप में विराजमान हैं। माना जाता है कि मां दुर्गा अपनी आंखों से हर इंसान के दुख-दर्द देख लेती हैं और भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं। नवरात्रि में लगातार नौ दिनों तक मां नयना देवी मंदिर में भव्य पूजा अर्चना होती है इस दौरान मां नयना देवी मंदिर में भक्त मां की उपासना में तल्लीन नजर आते हैं। मुख्य पुजारी, नयना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित नवीन तिवारी बताते है कि यहां मां दुर्गा के साक्षात नयन रूप में विराजमान हैं। मां दुर्गा बिना कुछ मांगे भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

## 11 पदों के लिए 1324 अधिवक्ता करेंगे मतदान

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को चुनाव समिति की बैठक में मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची और अन्य दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई।

मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद पांडेय ने बताया कि इस बार कुल 1324 अधिवक्ता मतदाता सूची में शामिल हैं, जो 11 विभिन्न पदों के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान 28 मार्च को जजी परिसर में सुबह 8 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित), कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, संयुक्त सचिव (प्रेस), पुस्तकालय अध्यक्ष, लेखाधिकारी, सदस्य (सामान्य) और सदस्य (महिला आरक्षित) जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए चुनाव होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### यूओयू ने परीक्षा तिथि में किया बदलाव

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने 30 मार्च को होने वाली परीक्षाएं अब 31 मार्च को आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह बदलाव शासन की ओर से 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण किया गया। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार ने आदेश जारी करते हुए बताया कि सभी परीक्षाएं नई तिथि पर पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही होंगी। इस संबंध में क्षेत्रीय व अध्ययन केंद्रों को सूचना दे दी गई है और विद्यार्थियों से नई तिथि के अनुसार तैयारी करने की अपील की गई है।

### नाबालिग चालक की चपेट में आया राहगीर

**हल्द्वानी :** राजपुरा क्षेत्र में पैदल जा रहा एक व्यक्ति नाबालिग वाहन सवार की चपेट में आ गया। हादसे में राहगीर की हड्डियां तीन जगह से टूट गई। तहरीर के आधार पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजेंद्रनगर राजपुरा निवासी जमुना ने पुलिस को बताया कि बीती 5 मार्च की रात करीब साढ़े 9 बजे उनके पिता देवकी नन्दन घर के पास टहल रहे थे। तभी एक वाहन पर सवार नाबालिग ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल देवकी नंदन को उपचार के लिए नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पता लगा कि उनके शरीर की हड्डियां तीन जगह से टूटी हैं।

# नशा माफिया पर चौतरफा वार की तैयारी, पुलिस समेत जुटेंगे 4 विभाग

### कार्रवाई में पुलिस के साथ शामिल रहेंगे डीडीए, आरटीओ और इनकम टैक्स विभाग

**सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** लोगों की रगों में नशा घोलकर खुद का महल खड़ा करने वाले नशा माफियाओं पर चौतरफा वार करने की तैयारी है। इस चौतरफा वार में पुलिस के साथ तीन और विभाग खड़े होंगे। इनमें जिला विकास प्राधिकरण, इनकम टैक्स, आरटीओ शामिल होगी। पुलिस मुख्यालय ऐसे नशा तस्करों को लेकर न सिर्फ सख्त हो गया, बल्कि सभी जिलों के कप्तानों को इनकी संपत्ति कुर्क करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। प्राथमिक चरण में नैनीताल पुलिस ने भी ऐसे दो नशा माफिया चिह्नित किए हैं, जिन्होंने स्मैक, चरस और नशीले इंजेक्शन जैसा अन्य नशा बेच कर बेतहाशा दौलत जमा की है।

नशा माफिया की कमर तोड़ने के लिए कुछ दिन पहले एडीजी एलओ डॉ.वी. मुरूगेशन ने प्रदेश के दोनों मंडल के आईजी, सभी जिलों के कप्तानों और एसटीएफ को निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था नशा माफिया की कमर तोड़ने के लिए उन्हें आर्थिक तौर पर तोड़ना होगा। इसके लिए जरूरी है कि पिछले पांच सालों में पकड़े गए ऐसे नशा माफिया को चिह्नित किया जाए, जो व्यवसायिक मात्रा के साथ गिरफ्तार किए गए हों। निर्देशित किया गया कि इसके लिए जिला विकास प्राधिकरण, इनकम टैक्स, आरटीओ जैसे सभी विभागों को साथ लिया जाए। देखा जाए कि पिछले पांच सालों में इन माफिया ने क्या-क्या संपत्ति अर्जित की है। सभी अर्जित चल-अचल संपत्ति को सूचीबद्ध कर उनकी कुर्की की जाए।



पहले चरण में नैनीताल जिले में ऐसे दो नशा माफिया चिह्नित किए गए हैं, जिन्हें व्यवसायिक मात्रा के साथ गिरफ्तार किया गया था। इनकी संपत्ति का ब्यौरा जुटा लिया गया है, जिसे दिल्ली भेजा जा रहा है। जल्द ही इनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। जिसके बाद अगले नशा माफिया पर नकेल कसी जाएगी। **-मनोज कुमार कत्याल**, एसपी

### यूएस नगर में कुर्क होगी ₹6.70 करोड़ की संपत्ति

**हल्द्वानी :** मुख्यालय से निर्देश के बाद ऊधमसिंह नगर पुलिस एक्टिव नजर आ रही है। जिले के एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि दो बड़े तस्करों की करीब 6.70 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ये नशा तस्कर रिफाकत स्मैक का डीलर है और दूसरा संजय गुप्ता गांजा तस्कर है। दोनों की संपत्तियों की कुर्की के लिए सक्षम प्राधिकरण, नई दिल्ली में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### गढ़वाल में 33 और कुमाऊं में 44 नशा माफिया किए गए चिह्नित

**हल्द्वानी :** एडीजी एलओ डॉ.वी.मुरूगेशन के मुताबिक, गढ़वाल में पुलिस ने ऐसे 33 नशा माफिया चिह्नित किए हैं, जिन्हें व्यवसायिक मात्रा में नशे के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह कुमाऊं में 44 नशा माफिया चिह्नित किए गए हैं। खास बात यह है कि इन सभी की जांचे अभी तक लंबित चल रही हैं। ऐसी जांचों को एक माह के भीतर निपटाने के साथ साक्ष्यों के आधार पर गैंगेस्टर एक्ट, पिट एनडीपीएस एक्ट और एसडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संपत्ति अधिग्रहण की जाए। इसके अलावा इनकी हिस्ट्रीशीट भी खोली जाएगी।

## नगर निगम में आज लगेगा वाद निस्तारण शिविर

**हल्द्वानी :** अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने बताया कि जन-जन की सरकार 4 साल बेमिसाल थीम के अंतर्गत आज राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए सुबह 11 बजे से नगर निगम हल्द्वानी में वाद निस्तारण शिविर लगाया जाएगा।

इसमें विभिन्न विभागों के वाद निस्तारित किए जाएंगे। शिविर में नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, कालाढूंगी, लालकुआं, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार हल्द्वानी, कालाढूंगी, लालकुआं की ओर से भी प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अलावा जिला विकास प्राधिकरण की ओर से नक्शों के निस्तारण के लिए भी कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त हल्द्वानी की देख रेख में नामांतरण वादों के निस्तारण के लिए कैंप लगाया जाएगाञ। इस शिविर में राजस्व, फौजदारी, विकास प्राधिकरण, स्टांप वाद आदि का भी निबटारा किया जाएगा।

## जिपं की बैठक 28 को

**हल्द्वानी :** जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि 27 मार्च को प्रस्तावित जिला पंचायत की बैठक स्थगित हो गई है। अब यह बैठक 28 मार्च को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस काठगोदाम में आहूत की जाएगी।

# 45 साल का दर्जी 19 साल की छात्रा को लेकर फरार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र में दर्जी की दुकान चलाने वाला समुदाय विशेष का 45 साल का दर्जी दूसरे समुदाय की 19 साल की शिष्या को लेकर फरार हो गया। मामला सामने आने के बाद इलाके में माहौल तनावपूर्ण हो गया। हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोग थाने पहुंच गए। छात्रा के परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया और छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित पिता ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी शहर के एक गर्ल्स कॉलेज की छात्रा है। बीती 26 फरवरी को वह घर से स्कूल के लिए निकली थी लेकिन फिर लौट कर घर नहीं आई। बीते सोमवार को हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों को जानकारी मिली तो हंगामा हो गया।

पता लगा कि छात्रा के घर के पास ही मूल रूप से पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी 45 वर्षीय रहमत दर्जी की दुकान चलाता था। यह छात्रा, रहमत की दुकान पर उससे सिलाई सीखने जाती थी और रहमत की दुकान भी उसी दिन बंद हो गई, जिस दिन से छात्रा गायब हुई।

हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों के हंगामे के बाद छात्रा के पिता ने तहरीर सौंपी। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि आरोपी रहमत पर अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम को दोनों की तलाश में लगा दिया गया है।

### छात्रा की डीपी में मेहंदी वाले हाथ, रहमत ने भी लगाई डीपी

**हल्द्वानी :** छात्रा के पिता ने पुलिस को अपनी बेटी और रहमत के मोबाइल नंबर सौंपे हैं। पुलिस ने दोनों की व्हाट्सएप डीपी चेक की तो सामने आया कि दोनों ने ही अपनी-अपनी फोटो नहीं लगाई है। छात्रा ने अपनी डीपी में जो फोटो लगाई है, इसमें युवती के हाथ में दुल्हन जैसी मेहंदी लगी दिख रही है जबकि आरोपी रहमत की व्हाट्सएप डीपी पर एक युवक के हाथ में युवती का हाथ दिख रहा है और ऐसा दिखाया जा रहा है जैसे हाथ दूल्हा-दुल्हन के हों। फिलहाल, रहमत फरार है और जहां वह दर्जी की दुकान चलाता था, वहां अब ब्यूटी पार्लर खुल चुका है।

# मार्च में 23 फीसदी अधिक बारिश

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** मार्च माह के दौरान अब तक सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून की जिलावार वर्षा रिपोर्ट के अनुसार राज्य में एक से 24 मार्च तक औसतन 55.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य 45 मिमी के मुकाबले 23 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कई जिलों में सामान्य से काफी अधिक वर्षा हुई है। टिहरी गढ़वाल में 102.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 131 प्रतिशत अधिक है। वहीं पौड़ी गढ़वाल में 124 प्रतिशत अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। हरिद्वार में भी 54 प्रतिशत और बागेश्वर में 34 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। राजधानी देहरादून में 61.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक है। अल्मोड़ा और चम्पावत में भी क्रमशः 15 और 31 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। हालांकि कुछ जिलों में वर्षा सामान्य से कम भी रही। चमोली में 5 प्रतिशत और पिथौरागढ़ में 12 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। नैनीताल में वर्षा सामान्य के बराबर रही। उधमसिंह नगर में 11.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई जबकि रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में भी क्रमशः 7 और 24 फीसदी अधिक वर्षा हुई है।



नैनीताल में मंगलवार को आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

### सरोवर नगरी में बूंदाबांदी से ठंड में इजाफा

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में मंगलवार को हल्की बूंदाबूंदी हुई। बादल आसमान में पूरा दिन छाए रहे। दिन के समय हल्की ठंड का एहसास हुआ। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक और पश्चिमी विक्षोभ आने जा रहा है। नगर में मौसम का मिजाज सुबह से बिगड़ा नजर आया। तेज हवाएं चल रही थी और काले घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे। जिस कारण वर्षा की उम्मीद बनी हुई थी और अपरान्ह 2.30 बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो कुछ बाद थम भी गई। इस बीच सर्द हवा चलने लगी। जिस कारण ठंड महसूस होने लगी।

### कमलुवागांजा मेहता की सड़क का होगा नवीनीकरण

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा मेहता वासियों के लिए खुशखबरी है। मुख्य सड़क का नवीनीकरण होगा, जिससे उन्हें गड्ढों व ऊबड़-खाबड़ वाली सड़कों से छुटकारा मिल जाएगा। मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, प्रधान मनीष भट्ट व विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने नारियल फोड़ कर मुख्य सड़क के निर्माण का शुभारंभ किया। भगत ने कहा कि मंडी समिति की ओर से सड़क निर्माण किया जा रहा है। मंडी समिति को गुणवत्ता के साथ ही समय से निर्माण के निर्देश दिए हैं ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड ने कहा की विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों से इस सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली हैं, जल्द ही आंतरिक मार्गों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव स्वीकृत कराए जाएंगे। इस दौरान गोवर्धन बहुगुणा, रमेश जोशी, पूरन गौड़, गीता नेगी, तारा बिष्ट, माधवी देवी, अंजू मनराल, बबीता जोशी, ज्योति पुरी, नीमा मेहता, नीलम कपिल, सोनी बिष्ट आदि रहे।



कमलुवागांजा मेहता की सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू होने पर मौजूद लोग।

# बनभूलपुरा में शिविर, सुरक्षा के इंतजाम परखने पहुंचे एसपी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- अतिक्रमण पर फैसला आने के बाद बनभूलपुरा में लग रहे शिविर
- प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म किए जा रहे हैं वितरित

**अमृत विचार :** रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में फैसला आने के बाद बनभूलपुरा में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म वितरित किए जा रहे हैं। इस बीच मंगलवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल बनभूलपुरा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की नब्ज टटोलने पहुंचे।

एसपी सिटी ने बनभूलपुरा क्षेत्र में लगे शिविरों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा और सुरक्षा बलों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन हल्द्वानी, अंजुमन इस्लामिया बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय किदवई नगर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनभूलपुरा, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपुरा और मदरसा नैनीताल पब्लिक स्कूल बनभूलपुरा में कैंप लगाए गए हैं। मंगलवार को एसपी ने इस सभी कैंपों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शिविरों में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश फर्त्याल, जीआरपी और रेलवे पुलिस के लोग उपस्थित रहे।



शिविर में सुरक्षा इंतजाम देखने पहुंचे एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल।

**वन्यजीव**

### लैंसडाउन समेत पश्चिमी वन वृत्त की पांच वन डिवीजनों को दिए जाएंगे 90-90 लाख रुपये

# बाघ संरक्षण प्रोत्साहन को मिले ₹5 .40 करोड़

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** केंद्र ने गैर आरक्षित जंगलों में बाघ संरक्षण प्रोत्साहन करने के लिए 5.40 करोड़ का बजट दिया है। यह बजट टाइगर आउट ऑफ टाइगर रिजर्व के तहत दिया है। इसमें लैंसडाउन समेत पश्चिमी वन वृत्त की पांच वन डिवीजनों को 90-90 लाख रुपये दिए जाएंगे ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष कम हो सके।

तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि टाइगर रिजर्व, वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में बाघों के संरक्षण के लिए विशेष बजट जारी किया जाता है। यह पहली बार है जब राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से गैर आरक्षित जंगलों में बाघों के संरक्षण व मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए बजट दिया जाएगा। इसके तहत तराई पूर्वी, तराई पश्चिमी, तराई केंद्रीय, हल्द्वानी, रामनगर और नैनीताल वन डिवीजनों को 90-90 लाख रुपये दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि मानव-बाघ संघर्ष की रोकथाम को टेंपरेरी शेल्टर, पिंजरे, अलार्म सिस्टम, निगरानी को ट्रैपिंग व थर्मल कैमरा व अन्य उपकरण भी लिए जाएंगे। वन विभाग की ओर से अगले दो वर्ष तक लागू किया जाएगा। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य में बाघों की संख्या 507 हैं इनमें 260 बाघ तो कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हैं जबकि 247 बाघ गैर आरक्षित जंगलों में हैं। ऐसे में इन जंगलों से सटे गांवों में मानव-बाघ संघर्ष का खतरा बढ़ जाता है।



### स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

**हल्द्वानी :** डीएफओ बागरी ने बताया कि मेरा बाघ मेरा मित्र के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों में निबंध, चित्रकला, फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। बच्चों को सुरई में जंगल सफारी के साथ ही जंगल बुक व प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 27 मार्च को सभी रेखीय विभाग जैसे एसएसबी, पुलिस, आईटीबीपी, प्रशासन, डाक, परिवहन, वन विकास निगम, खुफिया एजेंसी, रेलवे, पशु चिकित्सा विभाग आदि के लिए वन एवं वन्यजीव संवेदीकरण कार्यशाला प्रस्तावित है। इसमें सभी विभागों अधिकतम 31 कर्मियों को हीरा नगर स्थित वन डिवीजन के गोलज्यू सभागार में प्रस्तावित कार्यशाला में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, वन एवं वन्यजीव अपराध की रोकथाम के लिए टिप्स दिए जाएंगे।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला छात्र

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- सुबह उठी तो मां को गेंहू के नीले ड्रम से लटका मिला बेटा
- पिता असम राइफल्स में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर हैं तैनात
- पंचनामे के दौरान मृतक की कलाई पर कटे के निशान भी मिले

**अमृत विचार :** रात में मां और बहन के साथ खाना खाकर सोया एमबीए का छात्र सुबह मां को फांसी के फंदे पर लटका मिला। बेटे को फंदे से लटके देख मां के हलक में आवाज अटक कर रह गई। आनन-फान में छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्राथमिक जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के मुताबिक, गिरिजा विहार फेज 6 कमलुवागांजा मुखानी निवासी गंगा सिंह माहरा यहां पत्नी कुसुम माहरा, दो बेटों व एक बेटी के साथ रहते हैं। असम राइफल्स में तैनात गंगा सिंह इन दिनों दीमापुर में लेफ्टीनेंट कर्नल के पद पर तैनात हैं। एक बेटा पीलीभीत में रहता है। जबकि छोटा बेटा 22 वर्षीय दिनेश यहां मां और बहन के साथ रहता था। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी के मुताबिक, दिनेश शहर के प्रतिष्ठित कॉलेज से एमबीए द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था।

वह अपने घर की दूसरी मंजिल पर रहता था, जबकि मां, बेटी के साथ निचले तल पर। सोमवार रात करीब 9 बजे मां कुसुम ने फोन कर दिनेश को खाना खाने के लिए नीचे बुलाया। खाना खाने के बाद दिनेश अपने कमरे में चला गया और पूरा परिवार सो गया।

सुबह मां उठी और बेटे के कमरे की ओर गई तो उसका शव सीढ़ियों के ऊपर रैक पर रखे गेंहू के नीले ड्रम से रस्सी के सहारे लटका पाया। इससे घर में चीख-पुकार मच गई। पड़ोसी मौके पर पहुंच गए और सूचना पाकर पुलिस भी घर पहुंच गई। दिनेश को फंदे से उतार कर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंचनामे में दिनेश की कलाई पर कटे के निशान भी दिखे। माना जा रहा है कि संभवतः दिनेश ने पहले कलाई काटने का प्रयास किया होगा।

## गौलापार से तीन गोवंशीय पकड़ कर गोशाला भेजे

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, जिला पंचायत, पशुपालन, नगर निगम की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ कर नजदीकी गोशालाओं में शिफ्ट किया जा रहा है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात सुगम हो।

इसी क्रम में गौलापार क्षेत्र में संयुक्त टीम ने नियमित अभियान चलाकर तीन आवारा गोवंश को पकड़ कर गोशाला में पहुंचाया। अभियान आगे भी जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि आवारा गोवंश के सड़कों में विचरण करने से कई हादसे हो चुके हैं। इनमें कई लोगों की मौत भी हो चुकी है तथा कई लोग घायल हो चुके हैं।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# कॉर्बेट का ढिकाला दो मिनट में फुल बुकिंग व्यवस्था आई संदेह के घेरे में

## कारोबारियों ने की निरस्त करने की मांग, निदेशक ने पार्क वार्डन को दिए जांच के आदेश

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला जोन की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था अब सवालों के घेरे में है। महज 120 सेकंड में पूरी बुकिंग फुल हो जाने से पर्यटक ही नहीं, स्थानीय पर्यटन कारोबारी भी हैरान हैं। आरोप है कि इस सिस्टम में परमिट माफिया सक्रिय हो चुका है, जिससे आम लोगों के लिए बुकिंग लगभग नामुमकिन हो गई है।

बताया जाता है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का ढिकाला जोन देश-विदेश के पर्यटकों के बीच सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शामिल है। यहां नाइट स्टे के लिए सीमित गेस्ट हाउस उपलब्ध हैं, जिससे इसकी मांग हमेशा बनी रहती है। नियम के अनुसार, हर रविवार सुबह 10 बजे आगामी 45 दिनों के लिए ऑनलाइन बुकिंग खोली जाती है, लेकिन बुकिंग खुलते ही महज दो मिनट के भीतर सभी कमरे फुल हो गए। स्थानीय पर्यटन कारोबारी अमन खान और अन्य लोगों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया काफी जटिल है, जिसमें तारीख चयन, पर्यटकों की संख्या, कमरों का चयन, छह लोगों तक की डिटेल, आधार नंबर और अंत में ओटीपी सत्यापन जैसी कई प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। ऐसे में महज 120 सेकंड में पूरी बुकिंग होना सामान्य नहीं माना जा सकता। कारोबारियों का आरोप है कि इस प्रक्रिया में ऑटोमेटेड सिस्टम या सॉफ्टवेयर बॉट्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही बड़े स्तर पर मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है। अमन खान ने आरोप लगाया कि जहां ढिकाला में तीन दिन के स्टे की वास्तविक कीमत करीब 30 से 33 हजार रुपये होती है, वहीं इसे ब्लैक में बेचा जा रहा है। कारोबारियों का कहना है कि पहले मैन्युअल बुकिंग में पारदर्शिता की कमी के कारण ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया था, लेकिन अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी धांधली के आरोप बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में सिस्टम में अतिरिक्त ओटीपी सुरक्षा जोड़ी गई, लेकिन इससे पारदर्शिता बढ़ने के बजाय संदेह और गहरा गया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि परमिट बुकिंग की वेबसाइट एक निजी कंपनी "जीपर" द्वारा संचालित की जाती है। आशंका जताई जा रही है कि इसी प्लेटफॉर्म के जरिए स्पैम या ऑटोमेशन का इस्तेमाल हो सकता है।

CORBETT
NATIONAL PARK

- पर्यटन कारोबारियों ने लगाया धांधली का आरोप

### पार्क निदेशक ने जांच अधिकारी किया नियुक्त

कारोबारियों ने सभी बुकिंग तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जांच नहीं हुई तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। मामले के तूल पकड़ने के बाद कॉर्बेट प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पार्क के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने पार्क वार्डन बिंदर पाल सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, पार्क वार्डन बिंदर पाल सिंह ने बताया कि ढिकाला समेत अन्य जोनों की बुकिंग निजी कंपनी "जीपर" के माध्यम से होती है। हाल ही में दो मिनट में बड़ी संख्या में परमिट बुक होने का मामला सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है। साथ ही, कंपनी द्वारा बिना पूर्व सूचना के ओटीपी सिस्टम जोड़े जाने पर भी जवाब तलब किया गया है। प्रशासन का कहना है कि कंपनी के जवाब के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### ढिकाला में सीमित है आवास व्यवस्था

मुख्य कैंप में लगभग 20 कमरे, सुल्तान में 2 कमरे, गैरल में 6 कमरे, खिनानौली में 3 कमरे और सर्फदुली रेंज में 2 कमरे उपलब्ध हैं। इसके अलावा 20 बेड की एक डॉरमेट्री भी है। इतने सीमित संसाधनों के बावजूद इतनी तेज़ी से बुकिंग फुल होना कई सवाल खड़े करता है।



ओखलकांडा में हैंडपाल के ट्रायल में मौजूद प्रतिभागी व अतिथि।

# सीनियर महिला हैंडबॉल टीम के ट्रायल में युवतियों ने दिखाया दम

संवाददाता, धानाचूली

- कई जिलों के 80 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार:** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में तहसील मैदान, खनस्यूं ब्लॉक ओखलकांडा में सीनियर महिला हैंडबॉल टीम के चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 11:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न जनपदों से आई महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

ट्रायल की शुरुआत में आयोजकों व खिलाड़ियों द्वारा खनस्यूं ब्लॉक ओखलकांडा के समाजसेवी स्व. हरि शंकर गोस्वामी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद चयन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। यह चयन प्रक्रिया हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव डॉ. डीके सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें भारतीय रेलवे के कोच जितेंद्र सिंह, कोच त्रिलोक सिंह बिष्ट सहित चयन समिति के अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। ट्रायल में हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी गढ़वाल, चंपावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर और टिहरी सहित विभिन्न जिलों से करीब 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन समिति द्वारा मुख्य रूप से पहाड़ी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्राथमिकता देते हुए भावना बोहरा, आरती, संगीता, आकृति रावत, कविता बिष्ट, मनीषा, भावना और लक्ष्मी पाठक सहित कई खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो 30 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक बरेली (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना था।

ट्रायल के दौरान समाजसेवी पूर्व बीडीसी सदस्य रवि गोस्वामी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ओखलकांडा की वार्डन सुशीला जोशी, चंदन मेवाड़ी, नीमा, कुनाल नेगी, अमन जोशी, उमेश चंद्र पांडे रहे।

# रिटर्निंग ऑफिसर ने एसआईआर कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** तहसील मुख्यालय में 61 विधानसभा रामनगर के रिटर्निंग ऑफिसर ने बीएलओ, बीएलए, सेक्टर मजिस्ट्रेट और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की दो अलग-अलग बैठकें लेकर उन्हें प्री-एसआईआर एवं एसआईआर से संबंधित जानकारी विस्तार से दी और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम रामनगर गोपाल सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि वर्तमान में चल रहे प्री-एसआईआर कार्य में तेजी लाई जाए। जब तक एसआईआर लागू नहीं होता, तब तक प्री-एसआईआर का कार्य पूरी गति से किया जाए। उन्होंने एएसडी सूची के अंतर्गत अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

कहा कि अधिक से अधिक मैपिंग की जाए। जिनकी मैपिंग नहीं हो पाएगी, उन्हें नोटिस भेजे जाएंगे। मैपिंग अधिक होने पर नोटिस कम भेजने पड़ेंगे। जिन मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे, उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा और उनकी सुनवाई भी की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि फील्ड में सभी राजनीतिक दलों के बीएलए अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ को सहयोग करें। उन्होंने एसआईआर लागू होने के बाद की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी और सभी से निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा की। कांग्रेस प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने मांग रखी कि कोई भी बीएलओ निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना न करे। उपपा के महासचिव प्रभात ध्यानी, एआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर, बीएलओ समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे।

# एरीज के स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) का स्थापना दिवस विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां विभिन्न शोध कार्यों पर मंथन किया गया वहीं वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों में मनोरंजन भी किया। 5 दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ रक्तदान शिविर के साथ शुरू हुआ। जिसमें एरीज के कर्मचारियों और शोध छात्रों ने रक्तदान किया।

दूसरे दिन भाषण प्रतियोगिता तथा तीसरे दिन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। चौथे दिन आंतरिक विज्ञान-तकनीकी बैठक में संस्थान के वैज्ञानिकों और अभियंताओं ने पिछले 1 वर्ष के कार्यों पर चर्चा की और भविष्य की योजनाओं पर विचार मंथन किया गया।

इस मौके पर एरीज के पूर्व निदेशक प्रो. राम सागर ने खगोल विज्ञान पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने एरीज तथा 3.6 मीटर देवस्थल ऑप्टिकल टेलीस्कोप (डॉट) की स्थापना के बारे में वैज्ञानिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

शाम को सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। साथ ही विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग (डीइसटी), भारत सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर एरीज पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। मंगलवार को समापन अवसर पर 3.6 मीटर डॉट दूरबीन की दसवीं वर्षगांठ को लेकर वैज्ञानिक निष्कर्षों पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गए।

निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने एरीज की प्रगति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एरीज के वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. नरेंद्र सिंह, रजिस्ट्रार मोहित जोशी, डॉ. सौरभ, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. कुंतल मिश्रा, डॉ. स्नेह लता समेत वैज्ञानिक व शोध छात्र मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व निदेशक प्रो. राम सागर, निदेशक डॉ. मनीष नाजा व अन्य।

# मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के आह्वान पर आंदोलनरत अभियंताओं ने प्रांतीय लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि बीते जून माह में आयोजित संघ के अधिवेशन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं शामिल हुए थे और मांगों के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन उसके बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। वक्ताओं ने कहा कि संघ द्वारा पहले भी चरणबद्ध आंदोलन किया गया, देहरादून में रैली निकाली गई, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। मजबूर होकर अब अभियंताओं को अनिश्चितकालीन हड़ताल करनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी 27 सूत्रीय मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इंजीनियरों की प्रमुख मांगों में निर्धारित ग्रेड पे लागू करना, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले अभियंताओं को 5400 ग्रेड पे देना, पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित अन्य लंबित समस्याओं का समाधान शामिल है। धरना-प्रदर्शन में इंजीनियर दीप चौधरी, सुरेश डंगवाल, गोविंद सिंह जनौटी, तुलाराम टम्टा, राजेन्द्र गिरी, किशोर कुमार, जीबी जोशी, शालू प्रजापति, मनमोहन सिंह, नीरज तिवाड़ी, विपिन चंद्र, विजय बिष्ट, अशोक, सत्यजीत सरकार आदि रहे।

# अंतिम दिन तक 19 नामांकन पत्र बिके

- जिला बार चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों में से तीन पद महिलाओं के लिए आरक्षित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन प्रपत्रों की बिक्री के अंतिम दिन बुधवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 19 नामांकन फार्म खरीदे गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि मंगलवार तक 8 नामांकन फार्म खरीदे गए थे जबकि बुधवार को अलग-अलग पदों के लिए 11 और फार्म खरीदे गए। कुल मिलाकर 19 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई।

पदवार स्थिति पर नजर डालें तो अध्यक्ष पद के लिए पांच, उपाध्यक्ष पद के लिए तीन, सचिव पद के लिए चार, संयुक्त सचिव पद के लिए एक और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए कुल छह नामांकन फार्म खरीदे गए हैं। चंदोला ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाईन के मुताबिक कार्यकारिणी सदस्य के तीन पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित की गई है। इसके बाद 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची सामने आएगी और चुनावी तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।



जानकारी देते सीईओ राजेश चंदोला व सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद बहुगुणा।

# युवक की मौत मामले में पांच दोस्तों पर केस

**नैनीताल:** दिसंबर में नैनीझील से मिले रोहन शर्मा के शव मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पहले पुलिस ने इसे हादसा माना था, लेकिन पिता पुष्कर शर्मा की याचिका पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई। पिलग्रिम लॉज निवासी रोहन 24 दिसंबर को कार्निवाल देखने गया था और लापता हो गया, 3 जनवरी को उसका शव मिला था। रोहन के पिता पुष्कर शर्मा का आरोप है कि उस रात बेटे के कुछ दोस्त उसे जबरन अपने साथ ले गए थे। पूछताछ में दोस्तों ने भ्रामक जानकारी दी, जबकि बाद में पता चला कि रोहन उस रात उन्हीं के साथ ठंडी सड़क क्षेत्र में मौजूद था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सिद्धार्थ, मोनू, रितिक, कृतिका, विदुषी समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विश्व टीबी दिवस पर 50 ग्राम पंचायतों को मिली स्वर्ण श्रेणी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर बीडी पांडे जिला अस्पताल के सभागार में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आशा, एएनएम और टीबी चैंपियनों ने लोगों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और निःशुल्क उपचार के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर भाजपा नैनीताल के जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने उपस्थित लोगों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई। शुभारंभ नैनीताल विधायक सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सीएमओ डॉ. एचसी पंत, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डीएसए महासचिव मनोज जोशी और डीटीओ डॉ. राजेश डकरियाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति भी साझा की गई। जिले की कुल 469 ग्राम पंचायतों में से 203 ग्राम पंचायतों द्वारा दावा प्रस्तुत किया गया। इनमें से 71 ग्राम पंचायतों को कांस्य, 82 को रजत और 50 ग्राम पंचायतों को स्वर्ण श्रेणी में सम्मानित किया गया। इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के डिस्ट्रिक्ट लीड विजय कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान डीपीएम मदन मेहरा, डीपीसी अजय भट्ट, यूओयू से ललित, आरोही संस्था के समीरन त्रिपाठी, प्रमोद रहे।

# भारतीय साहित्य-भाषा पर कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी-एमएमटीटीसी द्वारा 'भारतीय साहित्य और भाषा' विषय पर 1पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के 10 राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत मातृभाषा की केंद्रीय भूमिका पर बल दिया। एमएमटीटीसी के सह-निदेशक प्रो. रितेश साह ने वर्तमान डिजिटल और वैश्विक परिदृश्य में अध्यापन और शोध को नवाचार, बहुभाषिकता और तकनीकी सशक्तता से जोड़ने की जरूरत बताई। कार्यक्रम निदेशक प्रो. दिव्या यू. जोशी, चंद्रिका चौधरी ने किया। इस दौरान डॉ. राजेंद्र बोरा, डॉ. जितेंद्र बिष्ट, डॉ. जसौद बिष्ट रहे।



स्कूल प्रबंधन को वैन की चाबी सौंपते ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी एवं अन्य लोग।

### उपहार में मिनी वैन मिलने से खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे

**रामनगर :** यूएसआर इंदु समिति को सीएसआर परियोजना के अंतर्गत उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए एक मिनी वैन भेंट की गई। ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने वैन का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह वैन दिव्यांग बच्चों के लिए वरदान साबित होगी। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की रीजनल मैनेजर स्वेता सुमन एवं फाइनेंस मैनेजर प्राची जैन ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को दया और सहानुभूति की नहीं, बल्कि प्रोत्साहन और उत्साह की आवश्यकता है। संस्था के निदेशक संदीप रावत ने आशा व्यक्त की कि दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए अन्य स्वयंसेवी संगठन भी आगे आएंगे। सीएसआर विभाग से मनोज गुप्ता, संस्था के प्रबंधक-निदेशक संदीप रावत, पारुल रावत, संस्था अधीक्षक अभिषेक शर्मा, अनुप्रिया शर्मा आदि रहे।

# हरिद्वार जा रही रोडवेज बस का स्टेयरिंग फेल, हादसा बचा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा डिपो की बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो जाने से यात्रियों में हड़कंप मच गया, लेकिन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बताया जाता है कि बस मंगलवार सुबह करीब 8 बजे अल्मोड़ा से सवारियां लेकर चली थी और दोपहर करीब 1:30 बजे रामनगर डिपो पहुंची। यहां से भी यात्रियों को बैठाकर बस हरिद्वार के लिए रवाना हुई।

बस चालक नंदन सिंह ने बताया कि हाईवे 309 पर बस लगभग 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। टांडा के पास अचानक बस का स्टेयरिंग फेल हो गया और नियंत्रण खत्म हो गया। बस धीरे-धीरे हाईवे से नीचे उतरने लगी। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत ब्रेक लगाकर बस को सड़क किनारे सुरक्षित रोक दिया। उन्होंने बताया कि स्टेयरिंग पूरी तरह काम करना बंद कर चुका था। बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश हरिद्वार और काशीपुर के रहने वाले थे। अचानक ब्रेक लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और बस रुकते ही सभी यात्री नीचे उतर गए। यात्रियों का कहना था कि अल्मोड़ा से चलते समय बस की ठीक से जांच नहीं की गई थी। गनीमत रही कि स्टेयरिंग रास्ते में पहले फेल नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। रामनगर रोडवेज डिपो के एआरएम नवीन आर्य ने बताया कि दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है। घटना की जानकारी अल्मोड़ा डिपो के अधिकारियों को दे दी गई है।



कालाढूंगी नैनीताल मोटर मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त कार व मौके पर जुटी भीड़।

### उत्तर प्रदश के पर्यटकों की कार क्रैश बैरियर से टकराकर क्षतिग्रस्त, हादसे में दो लोग घायल

**कालाढूंगी :** नैनीताल से घूमकर लौट रहे उत्तर प्रदेश के पर्यटकों की कार कालाढूंगी-नैनीताल मार्ग पर अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकरा गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को कासगंज और बदायूं (यूपी) के पर्यटक नैनीताल से लौट रहे थे। नगर से लगभग एक किलोमीटर पहले लाल मिट्टी क्षेत्र के पास तीव्र मोड़ पर उनकी कार अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकरा गई। हादसे में जुनैद और अजीम घायल हो गए। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जुनैद को हल्द्वानी रेफर कर दिया। चालक सोनू ने बताया कि सोमवार को कासगंज और बदायूं निवासी सात दोस्त नैनीताल घूमने आए थे। लौटते समय मोड़ पर ब्रेक नहीं लग पाने के कारण कार क्रैश बैरियर से टकरा गई।

**सिटी ब्रीफ**

## स्टेम लैब के कॉन्सेप्ट पर दी जानकारी

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को स्टेम (साइंस टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स) लैब और महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला हुई। जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यशाला के पहले सत्र में स्टेम लैब के कॉन्सेप्ट और उपयोगिता पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदीप सिंह बोरा (विज्ञान शाला फाउंडेशन) ने प्रैक्टिकल व रिसर्च आधारित शिक्षा का महत्व बताते हुए स्टेम क्षेत्र में संभावनाओं की जानकारी दी। कॅरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. नवल किशोर लोहनी ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगारपरक शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**85वीं जयंती पर स्वराज आश्रम में स्मृति दिवस का आयोजन, कांग्रेसियों ने डॉ. इंदिरा हृदयेश को किया याद, श्रद्धासुमन किए अर्पित**

# इंदिरा हृदयेश का जीवन जनसेवा, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक

- **उनके द्वारा किए विकास कार्य लोगों को हमेशा रहेंगे याद: आर्य**

**संवाददाता, हल्द्वानी**



स्वराज आश्रम में डा. इंदिरा हृदयेश की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी और विचार व्यक्त करते शहर विधायक सुमित हृदयेश।

**अमृत विचार:** पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा शहर विधायक सुमित हृदयेश की माता स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की 85वीं जयंती के अवसर पर स्वराज आश्रम में स्मृति दिवस का आयोजन हुआ। वरिष्ठ नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रेरणादायक जीवन को याद किया।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि स्व. इंदिरा हृदयेश का जीवन जनसेवा, संघर्ष और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उत्तराखंड के विकास और जनता के अधिकारों के लिए किए गए कार्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इंदिरा हृदयेश केवल एक जननेता नहीं, बल्कि हम सभी के लिए मार्गदर्शक थीं। उनके संस्कार और जनसेवा की भावना आज भी हमें निरंतर प्रेरित करती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल ने कहा कि स्व. इंदिरा हृदयेश एक दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व की प्रतीक थीं। उन्होंने हमेशा आमजन की आवाज़ को प्राथमिकता दी और जनहित के लिए संघर्ष किया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि उनका राजनीतिक जीवन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण का अनुपम उदाहरण है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। इस दौरानहरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, सुहैल सिद्दीकी, भोला दत्त भट्ट, एनबी गुणवंत, मधु सांगुड़ी, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, कुंदन नेगी, पुष्कर दानू, मलय बिष्ट, रंजीत डसीला, डॉ. मयंक भट्ट, सचिन नेगी, संजय किरौला, नरेश अग्रवाल, राजेंद्र बिष्ट 'रज्जी', हरेंद्र बोरा, गोविंद बिष्ट, ललित जोशी, जया कर्नाटक, पार्षद नीमा भट्ट, शोभा बिष्ट, शाहजहां बेगम, कमला सनवाल, राजो टंडन, राधा आर्य, निर्मला जोशी, रेनू तोमर, राधा चौधरी, भगवती बिष्ट रहे।

## विधायक भगत ने लिया भागवत कथा में भाग



**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत मंगलवार को गरमपानी में कफलाड़डीना में मंदिर एवं विकास समिति की ओर से आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा में सम्मिलित हुए। उन्होंने कथा श्रवण के साथ ही मां भगवती के श्रीचरणों में राज्य एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनमानस के कल्याण की कामना की।

विधायक भगत ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, जहां की संस्कृति, परंपरा और आस्था सदैव समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का काम करती रही है। श्रीमद देवी भागवत जैसी पावन कथाएं समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती हैं। इस दौरान रमेश सुयाल, घनश्याम सुयाल, केसर सिंह नेगी, मदन जीना, आनंद नेगी, यजमान दयाकृष्ण पांडे, शेर सिंह आदि रहे।

# गैस संकट के चलते कोयले की कीमतों में वृद्धि

**कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के चलते कोयले का उपयोग कर रहे होटल-रेस्टोरेंट व मिठाई व्यवसायी**

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत के बीच होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई कारोबारियों ने विकल्प के तौर पर कोयले का इस्तेमाल बढ़ा दिया है। अधिकांश व्यंजन अब कोयले की भट्टी में तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन कोयले की बढ़ती कीमतों ने कारोबारियों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई कारोबारियों ने व्यंजनों की कीमतों में भी वृद्धि कर दी है।

व्यवसायियों के अनुसार लकड़ी के कोयले की कीमत 35–40 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 60–70 रुपये तक पहुंच गई है। वहीं, पक्का कोयला 15–20 रुपये से बढ़कर 25–30 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसके साथ ही कोयले की भट्टी में बार-बार पंखा चलाने से बिजली की खपत भी बढ़ रही है, जिससे कुल खर्च में इजाफा हो रहा है।

कारोबारियों का कहना है कि बाजार में इन दिनों कोयले की गुणवत्ता भी खराब मिल रही है। जहां पहले 5 किलो कोयले में काम चल जाता था, वहीं अब डेढ़ से दोगुना अधिक कोयला खर्च करना पड़ रहा है।


एक रेस्टोरेंट में कोयले की भट्टी पर खाना बनाता कारीगर। ● अमृत विचार

### एक दिन में 200 किलो तक कोयले की खपत

**हल्द्वानी :** होटल और रेस्टोरेंट में अब प्रतिदिन करीब 200 किलो कोयले की खपत हो रही है, जो पहले की तुलना में कई गुना अधिक है। पहले कोयले का इस्तेमाल सीमित कार्यों के लिए होता था, लेकिन अब अधिकांश खाद्य सामग्री इसी से तैयार की जा रही है। कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से कई कारोबारियों ने हीटर का उपयोग भी शुरू कर दिया है, जिससे बिजली खर्च में और बढ़ोतरी हो रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी होने लगी गैस सिलेंडर की किल्लत

**भीमताल :** भीमताल गैस एजेंसी के अधीन नजदीकी ग्राम पंचायतों में इंडेन गैस सिलेंडर की किल्लत शुरू होने लगी है। ग्राम पंचायत जंगलिया गांव की ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने बताया कि विगत 25 फरवरी को क्षेत्र में गैस वाहन पहुंचा था। उसके बाद पिछले हफ्ते एक बार गाड़ी आई थी जिसमें केवल आधे उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर मिल पाए जबकि कई उपभोक्ताओं द्वारा सिलेंडर बुक करवाए गए थे। गैस की गाड़ी नहीं आने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है।

उन्होंने आशंका जताई कि यदि जल्द गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।


लालकुआं में गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

### लालकुआं में गैस के लिए परेशान रहे लोग

**लालकुआं :** मंगलवार को लालकुआं, बरेली रोड और बिंदुखत्ता क्षेत्र में दोपहर तक गैस वितरण बंद रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद लालकुआं, बिंदुखत्ता और 25 एकड़ क्षेत्र में कुल 360 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई। पिछले 15 दिनों से क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी है। जिला प्रशासन की निगरानी में सिलेंडरों बांटे जा रहे हैं। सुरुचि इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक जीवन सिंह ने बताया कि गोदाम में गैस सिलेंडर पूरी तरह समाप्त हो गए थे। बाद में काशीपुर प्लांट से आपूर्ति मिलने पर दोपहर बाद वितरण शुरू किया गया, जिसमें 360 सिलेंडर बांटे गए।

### सिलेंडर को लेकर हंगामा, रोकी गाड़ी

**नैनीताल :** मंगलवार सुबह से ही तल्लीताल डांठ और मल्लीताल क्षेत्रों में सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। सुबह करीब सात बजे से लोग लाइन में खड़े रहे, लेकिन वितरण व्यवस्था को लेकर हालात तनावपूर्ण हो गए। मल्लीताल में गैस वितरण वाहन पहुंचने पर जब केवल स्पॉट से जुड़े उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर देने की बात कही गई, तो लाइन में लगे अन्य लोग भड़क उठे। नाराज लोगों ने विरोध जताते हुए गैस वाहन को भी कुछ देर के लिए रोक दिया। स्थिति संभालने के लिए गैस एजेंसी की प्रबंधक अंकिता पांडे मौके पर पहुंचीं और स्पष्ट किया कि उपभोक्ता अनावश्यक रूप से स्पॉट पर लाइन न लगाएं। बाद में दोपहर एक बजे तक पात्रों को सिलेंडर बांटे गए।

## फार्मासिस्टों ने चारधाम ड्यूटी का बहिष्कार करने की चेतावनी दी

**हल्द्वानी :** कुमाऊं मंडल के फार्मेसी अधिकारियों ने चारधाम यात्रा ड्यूटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर वर्ष 2026 की यात्रा का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में मंडलीय सचिव ठाकुर प्रेम शंकर सिंह के नेतृत्व में निदेशक स्वास्थ्य को ज्ञापन भेजा गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर जिलों के फार्मेसी अधिकारी हर वर्ष रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में लाखों यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं देते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी हो रही है। वर्ष 2024 और 2025 के लगभग 20 लाख रुपये के यात्रा व प्रोत्साहन भत्ते अब तक लंबित हैं। साथ ही यात्रा मार्ग पर तैनात कर्मचारियों के लिए भोजन व आवास की समुचित व्यवस्था नहीं है। संगठन ने लंबित भुगतान, अलग बजट, समयबद्ध भत्ता भुगतान, बेहतर आवास-भोजन और ट्रांजिट हॉस्टल की मांग की है।

मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर अप्रैल के पहले सप्ताह से धरना-प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार शुरू होगा, जिससे चारधाम यात्रा प्रभावित हो सकती है।

# बोतल में नहीं देंगे पेट्रोल पंपों में बढ़ाई जाए सुरक्षा


पर्वतीय पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** पर्वतीय पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की आपात बैठक में खाड़ी देशों के हालात के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर संभावित प्रभाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार की ओर से जारी एसओपी व दिशानिर्देशों के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल बेचा जाएगा।

उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे बोतल, डिब्बे, जरीकेन या अन्य खुले बर्तनों में तेल देने के लिए पंप कर्मचारियों पर दबाव न बनाएं। स्पष्ट किया कि वर्तमान में तेल की आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं है, इसलिए उपभोक्ता स्टोरेज से बचें।

इस दौरान रामपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर बोतल में तेल देने से मना करने पर कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा की। मुकदमा दर्ज न होने पर चिंता जताई। एसोसिएशन ने प्रशासन से पेट्रोल पंपों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। साथ ही तेल कंपनियों से मांग की गई कि मांग के अनुरूप नियमित आपूर्ति की जाए। डीलर्स ने कहा कि कंपनियां एडवांस पेमेंट के बाद ही तेल दे रही हैं, जबकि कई सरकारी विभागों व आयोजनों के लाखों रुपये के बिल पेंडिंग हैं। प्रशासन से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया पेट्रोलियम एसोसिएशन के सचिव गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने की। यहां अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चड्ढा, महामंत्री चेतन बल्यूटिया, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, संरक्षक अमरीक सिंह चड्ढा, कविराज सिंह, संजय तिवारी, जयदीप सच्चर, समर्थ अग्रवाल, शहजाद खान, हरजीत सिंह, अम्मार अब्दुला, सरल गोयल रहे।

# चैती छठः डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** शहर में चैती छठ महापर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को पर्व के तीसरे दिन व्रतियों ने संध्या काल में डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। अब बुधवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत पूर्ण होगा।

शहर के रामपुर रोड स्थित छठ पूजा घाट पर इस अवसर के लिए व्यापक तैयारियां की गईं। खासकर भाबर क्षेत्र में पूरब की संस्कृति का जीवंत रूप देखने को मिला। सुबह की हल्की ठंडक, घरों में सजे सूप और घाटों की ओर बढ़ते श्रद्धालुओं के कदमों ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। छठ महापर्व के तीसरे दिन का विशेष महत्व होता है, जब व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। कमर तक पानी में खड़े होकर अस्त होते सूर्य को नमन करना इस पर्व का सबसे भावुक क्षण माना जाता है। जैसे-जैसे सूर्य अस्त होने लगता है, घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जाती है। पारंपरिक गीत, ढोलक की थाप और "छठी मईया" के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। बांस के सूप में ठेकुआ, फल, नारियल, गन्ना और कसार सजाकर अर्घ्य अर्पित किया गया। संध्या अर्घ्य के साथ ही छठ महापर्व अंतिम चरण में पहुंच गया है। बुधवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती पारण करेंगे और 36 घंटे का व्रत समाप्त होगा। इस क्षण के साथ ही परिवारों में सुख-समृद्धि और नई आशाओं की कामना की जाएगी।


रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर पूजा करतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मास्टर ट्रेनर ने फील्ड ट्रेनर्स को सिखाई बारीकियां

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जनगणना–2027 के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल जनगणना से जुड़ी बारीकियां सिखाई गईं। काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार में हुए प्रशिक्षण में एडीएम शैलेंद्र नेगी एवं मास्टर ट्रेनर जिला अर्थ एवं सांख्याधिकारी डॉ. मुकेश नेगी ने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि इस बार डिजिटल जनगणना भी होगी इसलिए जरूरी है कि फील्ड ट्रेनर्स स्वयं प्रशिक्षण ले तभी सुपरवाइजर एवं संगणकों को प्रशिक्षण दे पाएंगे। फील्ड ट्रेनर्स सवाल, समस्याओं को तत्काल पूछ सकते हैं, उनका समाधान किया जाएगा ताकि जनगणना त्रुटिहीन हो। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं को समय रहते उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। इस दौरान धारी तहसीलदार मनीषा बिष्ट, हल्द्वानी तहसीलदार कुलदीप पांडे आदि रहे।


जनगणना का प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

# 127 करोड़ से सुधरेगी उत्तराखंड परिवहन निगम की माली हालत

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**बसों की खरीद को ब्याज रहित ऋण देगी सरकार**

सरकार बसों की खरीद पर 5 करोड़ तक का लोन लेने पर ब्याज माफ करेगी। जिससे अनुबंधित बसों के संचालन में भी मदद मिलेगी। बसें खरीदने पर सरकार की ओर से लोन का ब्याज का भुगतान किया जाएगा। महाप्रबंधक संचालन क्रांति सिंह ने बताया कि इस योजना से परिवहन निगम के साथ-साथ वाहन स्वामी को भी लाभ मिलेगा।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम की माली हालत सुधारने के लिए विभिन्न मदों में कुल 127 करोड़ का बजट मिला है। शासन से मिले बजट से परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत होने के साथ ही परिवहन सेवाओं के विस्तार मिलेगा।

बजट में परिवहन निगम को हिल लॉस के मद में 60 करोड़ रुपये, विशिष्ट श्रेणी योजनाओं के अंतर्गत 42 करोड़ रुपये और बसों की खरीद पर देय ब्याज व प्रतिभूति मद में 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। परिवहन निगम के लिए बसों की खरीद के लिए 20 करोड़ का सॉफ्ट लोन उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई है। इस तरह चालू वित्तीय वर्ष में निगम के लिए कुल 127 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। पूर्व में हल्द्वानी सहित नैनीताल रीजन के कई डिपो में पर्याप्त बसें नहीं मिल पाई थी, जिससे कई रूटों पर नई बसों का संचालन शुरू नहीं हो पाया। अब नई बसें मिलने से विभिन्न डिपो से पर्वतीय रूटों पर बसें चलाई जा सकेंगी। महाप्रबंधक संचालन क्रांति सिंह ने बताया कि पूर्व में कई डिपो की ओर से देरी से डिमांड भेजी गई थी, जिस कारण उन्हें पर्याप्त बसें मिल सकीं। उन्होंने बताया कि निगम की पिछली बोर्ड बैठक में ही 250 नई बसों की खरीद का प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिसमें 200 बसें मैदानी और 50 बसें पर्वतीय रूटों के लिए चलाई जाएंगी। शीघ्र ही नई बसें मिलने से पर्वतीय रूटों पर बसों का बेड़ा बढ़ाया जाएगा। नई बसें मिलने से सभी डिपो को पर्याप्त बसें आवंटित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही शासनादेश जारी होने पर बजट मिल जाएगा।


वॉलीबॉल में अंक के लिए जूझते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### जन-जन की सरकार: 4 साल बेमिसाल में खेलों की धूम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जन-जन की सरकार: 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सुबह 7 बजे मिनी स्टेडियम से तिकोनिया चौराहे तक बालक-बालिका एवं पुरुष-महिला वर्ग की मैराथन दौड़ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कपूर डब्बू (उपाध्यक्ष, उत्तराखंड मंडी परिषद) और विशिष्ट अतिथि एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 123 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 खिलाड़ियों को लॉटरी सिस्टम से पुरस्कृत किया गया। जिला क्रीड़ाधिकारी डॉ. निर्मला पंत ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें सात टीमों ने भाग लिया। फाइनल में हल्द्वानी स्टेडियम ने कठघरिया को हराकर ट्रॉफी जीती। इसका शुभारंभ दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा ने किया।

**स्मरण** | **डॉ. राममनोहर लोहिया की 116वीं जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने की गोष्ठी**

# डॉ. लोहिया के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया की 116वीं जयंती पर उत्तराखंड सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय आजाद नगर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा में सपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। सपा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



हल्द्वानी में जयंती पर डॉ. राममनोहर लोहिया को याद करते सपा कार्यकर्ता।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सिद्दीकी ने कहा, डॉ. राममनोहर लोहिया सच्चे समाजवादी थे और उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोहिया दूरदर्शी नेता थे, जिनकी सामाजिक व राजनीतिक भविष्यवाणियां काफी हद तक सही साबित हुईं। उनमें बचपन से ही अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने का साहस था। उनका पूरा जीवन गरीबों की भलाई और असमानता के खिलाफ लड़ाई में समर्पित रहा। सिद्दीकी ने कहा कि लोहिया के पदचिह्नों पर चलते हुए सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने समाजवाद की अलख जगाई। लोहिया और मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए अखिलेश यादव का साथ दिया जाए।

कार्यक्रम में जावेद सिद्दीकी, जावेद मिकरानी, अलीम अंसारी, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी, रेहान मलिक, संजय गुप्ता, आसिम सिद्दीक़ी, अनवर हुसैन, ज़ाहिद खान, विक्की खान, दीपक अग्रवाल, सरताज अंसारी, एडवोकेट जावेद अहमद, नाज़िम सलमानी, अथर खान, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद, अज़हर मलिक, शाहिद खान आदि रहे।


ईटीबी रोग पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर। ● अमृत विचार

### फेफड़ों संग अन्य अंगों को भी शिकार बनाता है ईटीबी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से लेक्चर थिएटर में क्षय रोग (टीबी) के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. डॉ. जीएस तितियाल और संचालनकम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. साधना अवस्थी ने किया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष ने एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी (ईटीबी) पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह टीबी का वह रूप है, जिसमें संक्रमण फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित करता है। टीबी के जीवाणु पहले फेफड़ों में प्रवेश करते हैं और फिर रक्त या लसीका तंत्र के माध्यम से अन्य अंगों तक पहुंचते हैं। टीबी एवं श्वास रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रवि कुमार शर्मा ने कहा कि एचआईवी संक्रमित, मधुमेह से पीड़ित तथा धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों में टीबी होने की संभावना अधिक रहती है। इस दौरान प्रो. डॉ. राम गोपाल नौटियाल, डॉ. हरि शंकर पांडेय, डॉ. सांभवी रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद भीमताल (नैनीताल)

पत्रांक : 835/निर्माण अनुभाग / स्था०नि०/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक : 24-03-2026

नगर पालिका परिषद भीमताल में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 09.04.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिवस 09.04.2026 को दिन पूर्वाह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25 मार्च से 07 अप्रैल 2026 को 12 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर नगर पालिका परिषद कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं। किन्ही अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश होने पर मुहरबन्द निविदा अगले कार्यदिवस को प्राप्त / खोली जायेगी। अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र० संख्या | कार्य का नाम | आगणित धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य बिक्रीकर | अग्रिम धरोहर धनराशि | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-01 (सौनगांव मार्ग) श्री ग्रेवाल के घर से श्री पाण्डे के घर तक टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 2201600.00 | 2200+ 18% GST | 44040.00 | 60 दिवस |
| 2 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-01 में भीमताल भवाली मोटर मार्ग (गोरखपुर) से यूनिवर्सिटी गेट तक सी०सी० रोड व खड़जे का निर्माण कार्य। | 2002800.00 | 2000+ 18% GST | 40060.00 | 60 दिवस |
| 3 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-01 में मुख्य मोटर मार्ग विनायक (खुटानी) के पास से श्री प्रकाश चन्द्र के घर तक सी०सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 942300.00 | 900+ 18% GST | 18850.00 | 45 दिवस |
| 4 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-01 में श्री थापा के घर के पास (गोरखपुर) से श्री बिष्ट के घर तक सी०सी० रोड एवं शुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 991500.00 | 900+ 18% GST | 19830.00 | 45 दिवस |
| 5 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-01 में श्री रौतेला के मकान से मुख्य मोटर मार्ग विनायक एक सी०सी० रोड, नाला निर्माण एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु | 1157300.00 | 1200+ 18% GST | 23150.00 | 60 दिवस |
| 6 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-01 में शहीद दुर्गा मल्ल पॉर्क से हिम तारा होटल गेट तक नाली निर्माण कार्य | 1966100.00 | 2000+ 18% GST | 39330.00 | 60 दिवस |
| 7 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-09 में श्री रौतेला जी के मकान के पीछे से श्री टम्टा जी के मकान तक सी०सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु | 844300.00 | 800+ 18% GST | 16890.00 | 45 दिवस |
| 8 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-02 में श्री बलवंत के घर के पास से श्री नौगाई के घर तक एवं श्री सांगुड़ी जी के घर के पास से श्री निरंजन के घर के गेट तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 1544600.00 | 1500+ 18% GST | 30900.00 | 60 दिवस |
| 9 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-02 में पटवारी चौकी के पास सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 349400.00 | 300+ 18% GST | 6990.00 | 30 दिवस |
| 10 | नगर पालिका परिषद भीगताल के वार्ड संख्या-02 में दीन दयाल पार्क के पास टिन शेड निर्माण कार्य। | 218900.00 | 300+ 18% GST | 4380.00 | 30 दिवस |
| 11 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-02 में डाक बंगला डॉट (मुख्य मोटर मार्ग नौकुचियाताल) में नाली निर्माण कार्य हेतु | 299100.00 | 300+ 18% GST | 5990.00 | 30 दिवस |
| 12 | वार्ड 02 में पॉर्किंग के पास प्लम और सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य | 777900.00 | 800+ 18% GST | 15560.00 | 45 दिवस |
| 13 | वार्ड संख्या 03 में बिजरौली में पंचायत घर की ओर जाने वाले सी० सी० मार्ग की मरम्मत व दीवार निर्माण कार्य। | 202900.00 | 200+ 18% GST | 4060.00 | 30 दिवस |
| 14 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-03 में मुख्य मोटर मार्ग नौकुचियाताल से नोल मार्ग (200 मीटर) सी० सी० निर्माण कार्य हेतु | 1185100.00 | 1200+ 18% GST | 23710.00 | 45 दिवस |
| 15 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-04 में मुख्य मार्ग से कमल बृजवासी के घर तक इंटरलॉकिन टाईल्स निर्माण कार्य। | 1753600.00 | 1800+ 18% GST | 35080.00 | 60 दिवस |
| 16 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-04 में जिला पंचायत की रोड से रमेश दुमका जी के घर तक सी०सी० मार्ग निर्माण का कार्य। | 731700.00 | 700+ 18% GST | 14640.00 | 45 दिवस |
| 17 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-04 में संतोष दुमका जी के घर से Monal Midows के गेट तक सी०सी० मार्ग और सुरक्षा दीवार निर्माण का कार्य। | 575500.00 | 600+ 18% GST | 11510.00 | 30 दिवस |
| 18 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-04 नौकुचियाताल में हेलिपैड के पास से जानी मेहता के घर तक सड़क निर्माण के लिए खुदान और सुरक्षा दीवार निर्माण का कार्य। | 1468300.00 | 1500+ 18% GST | 29370.00 | 60 दिवस |
| 19 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-04 थपलिया महरा गांव के तोक लुलियापानी में सार्वजनिक नौले की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य। | 581400.00 | 500+ 18% GST | 11630.00 | 30 दिवस |
| 20 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-04 में हरीश भट्ट के घर के पास सी०सी० मार्ग और सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 1864800.00 | 1900+ 18% GST | 37300.00 | 60 दिवस |
| 21 | वार्ड संख्या 04 में मुकेश नौलिया के घर से कमल बृजवासी के घर तक पैदल सी०सी० मार्ग निर्माण कार्य। | 348200.00 | 300+ 18% GST | 6970.00 | 30 दिवस |
| 22 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में PWD रोड से पान सिंह फत्र्याल जी के घर तक सी०सी० मार्ग का कार्य। | 2212200.00 | 2200+ 18% GST | 44250.00 | 60 दिवस |
| 23 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में PWD रोड श्री B.K शुक्ला जी के घर के आगे तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 476800.00 | 500+ 18% GST | 9540.00 | 30 दिवस |
| 24 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या 05 में रावत गाँव में विक्रम सिंह रावत जी के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत और इंटरलॉकिन टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 517000.00 | 500+ 18% GST | 10340.00 | 30 दिवस |
| 25 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या- 05 में श्री रमेश चन्द्र पाडेय जी के घर से राजेन्द्र प्रसाद वर्मा जी के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 564400.00 | 600+ 18% GST | 11290.00 | 30 दिवस |
| 26 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में निकासी के लिए आर०सी०सी० नाली निर्माण कार्य। | 1345100.00 | 1300+ 18% GST | 26910.00 | 60 दिवस |
| 27 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में श्री गोपाल राम के घर के पास से श्री पाण्डे के मकान तक सी० सी० रोड का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु | 607700.00 | 600+ 18% GST | 12160.00 | 30 दिवस |
| 28 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में SOS स्कूल के पास इंटरलॉकिन टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 586100.00 | 600+ 18% GST | 11730.00 | 45 दिवस |
| 29 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में श्री अतुल कुमार की दुकान से श्री कमल कुमार के घर तक इंटरलॉकिन टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 700200.00 | 700+ 18% GST | 14010.00 | 45 दिवस |
| 30 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में श्रीमती नीमा नेगी के घर से श्री हरीश जोशी के घर तक इंटरलॉकिन टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 392600.00 | 400+ 18% GST | 7860.00 | 30 दिवस |
| 31 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में विनोद कुमार जी के घर से मंदिर परिसर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 473700.00 | 500+ 18% GST | 9480.00 | 30 दिवस |
| 32 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-05 में श्री रमेश चन्द्र पांडेय जी के घर से श्री शेर सिंह बजेठा के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 709200.00 | 700+ 18% GST | 14190.00 | 45 दिवस |
| 33 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-06 में नलदमयंती ताल के पास सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 322800.00 | 300+ 18% GST | 6460.00 | 30 दिवस |
| 34 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-06 में श्री नीरज कुमार घर से श्री दिवान राम के घर तक सी०सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 814700.00 | 800+ 18% GST | 16300.00 | 45 दिवस |
| 35 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-06 में श्री चिंता राम के घर से श्री राजकमल के घर तक सी०सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 843500.00 | 800+ 18% GST | 16870.00 | 45 दिवस |
| 36 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-06 में श्री प्रेम राम के घर पास से श्री विनोद कुमार के घर तक सी०सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 1496700.00 | 1500+ 18% GST | 29940.00 | 60 दिवस |
| 37 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-06 में सातताल बाईपास रोड से श्री तिवारी के श्री पाण्डे एवं संजय जोशी के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 811900.00 | 800+ 18% GST | 16240.00 | 45 दिवस |
| 38 | वार्ड- 06 में श्री विनोद कुमार के घर से श्री खीम राम के घर के पास सी० सी० एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 743300.00 | 700+ 18% GST | 14870.00 | 45 दिवस |
| 39 | वार्ड-06 थाकुरा में क्रिपाल राम के घर के पास सी०सी० एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 571400.00 | 600+ 18% GST | 11430.00 | 45 दिवस |
| 40 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड-06 में चौबटिया से श्री राजेन्द्र कुमार के घर के पास तक सी०सी० मार्ग एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 2368400.00 | 2400+ 18% GST | 47370.00 | 60 दिवस |
| 41 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड-08 नल दमयंती ताल के समीप टाइल रोड के निर्माण का कार्य। | 228800.00 | 200+ 18% GST | 4580.00 | 30 दिवस |
| 42 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड-06 में नल दमयंती ताल के समीप बैटमिंटन कोर्ट में सी०सी० फ्लोरिंग व बाथ टैंक निर्माण का कार्य। | 419400.00 | 400+ 18% GST | 8390.00 | 30 दिवस |
| 43 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड-06 नलदमयंतीताल में रविंद्र चनौतिया के घर से निहाल बृजवासी के घर तक सी०सी० रोड का नवनिर्माण कार्य। | 810000.00 | 800+ 18% GST | 16200.00 | 45 दिवस |
| 44 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड-06 नलदमयंतीताल में जमुना दत्त के घर से कमलेश हर्बोला के घर तक सी०सी० रोड का नवनिर्माण कार्य। | 446300.00 | 400+ 18% GST | 8930.00 | 30 दिवस |
| 45 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-07 में श्री नन्दन सिंह के घर से श्री एल०एस० दंगवाल एवं श्री विक्रम सिंह के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 1525500.00 | 1500+ 18% GST | 30510.00 | 60 दिवस |
| 46 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-07 में डॉ० कविता पाण्डे के घर से श्री अख्तर के घर तक इंटरलॉकिन टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 1016900.00 | 100+ 18% GST | 20340.00 | 60 दिवस |
| 47 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या 07 में सिया नारायण कोटेज से पंकज बिष्ट के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 640500.00 | 600+ 18% GST | 12810.00 | 45 दिवस |
| 48 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-07 में श्री गणेश सिंह के घर के पास से श्री कुल्याल के घर तक नाला एवं श्री महेश लाल के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 379300.00 | 400+ 18% GST | 7590.00 | 30 दिवस |
| 49 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-07 में श्री बुधानी के घर से श्री ललित रावत के घर तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | 506700.00 | 500+ 18% GST | 10140.00 | 30 दिवस |
| 50 | वार्ड 07/08 में ब्लॉक रोड मल्लीताल में नाली का निर्माण कार्य। | 2360400.00 | 2400+ 18% GST | 47210.00 | 60 दिवस |
| 51 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-07 में स्पार्क जिम के पास से श्री जोशी जी मकान तक सी० सी० रोड का पुनर्निर्माण कार्य | 330400.00 | 300+ 18% GST | 6610.00 | 30 दिवस |
| 52 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-08 में मिडवे बार के पीछे श्री जोशी के घर से श्री वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 692800.00 | 700+ 18% GST | 13860.00 | 45 दिवस |
| 53 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-08 में श्री आर्या के घर से ओवर हेड वाटर टैंक तक इंटरलॉकिंग टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 897500.00 | 900+ 18% GST | 17950.00 | 45 दिवस |
| 54 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-08 में बास्केटबॉल कोर्ट के फर्स का पुनर्निर्माण कार्य | 2380900.00 | 2400+ 18% GST | 47620.00 | 60 दिवस |
| 55 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-08 में श्री जोशी जी के घर के पास से श्री गोस्वामी जी के मकान तक सी० सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु | 310100.00 | 300+ 18% GST | 6210.00 | 30 दिवस |
| 56 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-08 में श्री यादव जी के घर के पास से श्री आर्य जी के मकान तक सी० सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु | 452000.00 | 500+ 18% GST | 9040.00 | 30 दिवस |

शेष अगले पृष्ठ में

ब्रीफ न्यूज

## बी ह्यूमन फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**रुद्रपुर** : अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर ' 'बी ह्यूमन फाउंडेशन क्लब' ' द्वारा गूलरभोज रोड स्थित पंच मंदिर में 12वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना था। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शहीदों को नमन करने के लिए रक्तदान से बेहतर कोई मार्ग नहीं है। क्लब अध्यक्ष गौरव अरोड़ा और सचिन तनेजा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, रविंद्र शर्मा, अमित अदलखा, सनी अदलखा, लकी चिलाना, अनमोल विर्क, अमित अरोड़ा मौजूद रहे।

## बीमा कंपनी को 20.49 लाख हर्जाने का आदेश

**रुद्रपुर** : द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश मीना देऊपा ने वर्ष 2022 में सड़क हादसे में हुई एक बुजुर्ग की मौत के मामले में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को 20.49 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया है। बाजपुर निवासी 65 वर्षीय लीलाधर पंतोला की स्कूटी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी उमा पंतोला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने माना कि दुर्घटना ट्रक चालक की लापरवाही से हुई। न्यायालय ने बीमा कंपनी को एक माह के भीतर हर्जाने की राशि 6 प्रतिशत ब्याज दर के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया है।

## बिजली घर की दीवार फांदकर तांबा ले उड़े चोर

**रुद्रपुर** : चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे सरकारी संस्थानों को भी निशाना बना रहे हैं। मटकोटा उप संस्थान बिजली घर में चार संदिग्धों ने दीवार फांदकर प्रवेश किया और परिवर्तकों (ट्रांसफॉर्मर) से तांबे की चोरी की। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने शोर मचाया, जिसके बाद भागने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि बाकी स्कूटी से फरार हो गए। मटकोटा पावर हाउस के अवर अभियंता कुलदीप सिंह के अनुसार, पकड़े गए आरोपी ने चोरी की बात कबूल कर ली है और उसके पास से उपकरण भी बरामद हुए हैं।

# गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर फूटा लोगों का गुस्सा, लगाया जाम

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकार लोगों को हटाया, सूचना पर पूर्व विधायक ठुकराल भी पहुंचे, एजेंसी स्वामी से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गैस सिलेंडर न मिलने से आक्रोशित लोगों ने बिलासपुर मार्ग पर भारत गैस एजेंसी के समक्ष जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और लाठियां फटकार कर जाम खुलवाया। इस बीच पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी वहां पहुंचे और एजेंसी प्रबंधन से वार्ता की। इसके बाद कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय और प्रभारी डीएसओ मलकीत सिंह से वार्ता की और एजेंसी पहुंचे।

मंगलवार को सुबह से लोग रसोई गैस सिलेंडर लेकर भारत गैस एजेंसी पहुंचे। गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर लोग आक्रोशित हो गये और राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस कर्मी भी वहां पहुंचे और लाठी फटकार कर जाम हटाया। इस बीच सूचना पर पहुंची पूर्व विधायक ठुकराल ने लोगों से बातचीत करने के बाद एजेंसी प्रबंधन से वार्ता की। जिन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर 23 मार्च से एजेंसी पर सिलेंडर नहीं बांटकर उपभोक्ताओं के घर ही आपूर्ति की जाएगी। ठुकराल ने कहा कि इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को समय से दी जानी चाहिए थी।

इसके बाद पूर्व विधायक ठुकराल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय व प्रभारी डीएसओ मलकीत सिंह से इस संदर्भ में वार्ता की। इसके बाद दोनों अधिकारी भारत गैस एजेंसी पहुंचे। जहां उन्होंने उपभोक्ताओं को समझाकर शांत किया और एजेंसी प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय व प्रभारी डीएसओ मलकीत सिंह काशीपुर बाईपास रोड़ पर इंडेन गैस एजेंसी पहुंचे। जहां लोगों की भारी भीड़ देखकर एजेंसी प्रबंधक प्रमोद पांडे को जमकर लताड़ लगायी। साथ ही व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



दिनेशपुर में गूलरभोज मार्ग को जाम करने वाले उपभोक्ताओं को समझाते थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में गैस न मिलने से गुस्साए लोगों ने तीन घंटे लगाया जाम

**दिनेशपुर** : नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भारत गैस सिलेंडर की डिलीवरी तीन दिन से कम वितरण होने से उपभोक्ताओं ने फिर गूलरभोज मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जाम हटाने को लेकर पुलिस से लोगों की काफी नोकझोंक हुई। इस दौरान कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने जाम लगा रहे लोगों को अपना समर्थन दिया। तीन घंटे बाद मौके पर पहुंचीं बाजपुर एसडीएम अमृता सिंह के बुधवार से होम डिलीवरी मिलने के आश्वासन देने पर उपभोक्ता शांत हुए। मंगलवार को भारत गैस सिलेंडरों की गाड़ी न आने से गुस्साए उपभोक्ताओं ने दिनेशपुर-गूलरभोज मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं का कहना था कि तीन दिन से लगातार मध्य रात्रि 12 बजे से लाइन लगाकर सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है। उनका आरोप था की दो दिन छुट्टी के बाद सोमवार को हीबा भारत गैस एजेंसी लालपुर द्वारा 50 सिलेंडर ही वितरण करें। जबकि चंद्रा भारत गैस एजेंसी भूरारानी, रुद्रपुर का कोई वाहन नहीं पहुंचा। उपभोक्ताओं ने कहा कि अधिकांश लोग प्रतिदिन दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। यही हाल रहा तो गैस के साथ खाद्य सामग्री के लाले पड़ जाएंगे। जाम हटाने पहुंचे थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट की लोगों से काफी नोकझोंक हुई। लेकिन उपभोक्ता प्रशासनिक अधिकारी को मौके में बुलाकर गैस सिलेंडर मंगवाने की मांग करते रहे। तीन घंटे बाद बाजपुर एसडीएम अमृता शर्मा, तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट व पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज मौके पर पहुंची। उन्होंने उपभोक्ताओं से वार्ता करते हुए उनकी परेशानी को समझा। एसडीएम शर्मा ने कहा जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार से होम डिलीवरी द्वारा गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा। जिस पर उपभोक्ता ने जाम खोला और शांत हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित चौहान उर्फ कमांडो, किसान नेता शंकर सिंह नगरकोटी, युवा नेता किशोर हालदार, नगराध्यक्ष नारायण हालदार, आलो गाईन, नमिता हालदार, पुष्पा देवी, ललिता गाईन, शिफाली सरकार, रविंद्र मंडल, श्याम सिंह, मुंशी सिंह आदि मौजूद रहे।

### सितारगंज में गैस के लिए भटक रहे उपभोक्ता, पूर्ति निरीक्षक ने दिए निर्देश

**सितारगंज** : जिले में गैस एजेंसियों पर लाइन लगाने के बजाय केवल होम डिलीवरी करने के डीएम के निर्देश धरातल पर विफल साबित हो रहे हैं। मंगलवार को किच्छा हाईवे स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर सैकड़ों उपभोक्ता घंटों कतार में खड़े रहे, लेकिन गैस न मिलने पर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो हफ्तों से गांवों में गैस की गाड़ी नहीं पहुंची है। एजेंसी प्रबंधक के अनुसार प्लांट से गाड़ी न आने और 1800 सिलेंडरों के बैकलॉग के कारण आपूर्ति बाधित है। वहीं, पूर्ति निरीक्षक डीएस धामी ने निरीक्षण के दौरान प्रबंधकों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि होम डिलीवरी के बजाय एजेंसी पर भीड़ जुटी, तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गैस होम डिलीवरी का विरोध, उपभोक्ताओं ने छीनी वाहन की चाबी

**बाजपुर** : जिलाधिकारी के होम डिलीवरी निर्देशों के बावजूद बाजपुर में गैस वितरण को लेकर भारी हंगामा हुआ। मंगलवार को अनाज मंडी स्थित इंडेन गैस एजेंसी से होम डिलीवरी के लिए निकल रही पिकअप को आक्रोशित उपभोक्ताओं ने रोक लिया और वाहन की चाबी निकाल ली। उपभोक्ता होम डिलीवरी के बजाय मौके पर ही सिलेंडर देने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया और वाहन को रवाना कराया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि पिछले कई दिनों से सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं और बुकिंग में भी समस्या आ रही है। कालाबाजारी की अफवाहों और आपूर्ति में देरी के कारण इंडेन व यादव गैस एजेंसी पर लोगों की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

# फर्म को लगाया 31 लाख का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर

● क्वालिफाइड फर्म से की थी लेबर की डिमांड, हड़प लिया धन

**अमृत विचार:** एम श्री एम ग्रुप का एचआर हेड बताकर एक अभियुक्त ने सिक्योरिटी एंड प्लेसमेंट सर्विसेज फर्म से लेबर की डिमांड की और लाखों रुपये का चूना लगा डाला। अभियुक्त ने रुद्रपुर की फर्म के अलावा अपनी भी कंपनी का पैसा हड़प लिया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अजय प्रताप सिंह निवासी दानपुर ने बताया कि पीएसए प्लाजा में उसका क्लासिफाइड सिक्योरिटी एंड प्लेसमेंट सर्विसेज कंपनी का कार्यालय है। जनवरी 2024 को रूप कुमार बख्तावर निवासी जामो गौरीगंज अमेठी के रहने वाले व्यक्ति का फोन आया जो खुद को एमश्रीएम ग्रुप गुड़गांव का एचआर हेड बता रहा था। बताया कि लेबर की डिमांड देने के 45 दिन बाद फर्म भुगतान करेगी। बातों पर विश्वास करते हुए उसने तीन माह का भुगतान 31 लाख रुपये कर दिया। जब गुड़गांव की फर्म द्वारा खाते में कोई भी भुगतान नहीं आया तो गुड़गांव जाकर पड़ताल की तो पता चला कि रूप कुमार सिंह ने नौकरी छोड़ दी है और बताए गए ग्रुप में उनकी फर्म को कोई भी लेबर कोड नहीं खुला है। अभियुक्त ने किसी प्रकार का बिल जमा नहीं किया है। यह भी पता चला कि अभियुक्त ने दूसरी फर्जी फर्म के नाम पर लेबर कोड खुलवाया और उस कंपनी से भी भुगतान कर लिया। शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश तेज कर दी है।

## छत से कूदकर युवक ने दी जान

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक मानसिक बीमारी से ग्रसित युवक के छत से कूदने का मामला सामने आया है। आनन फानन में परिवार वाले युवक को जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोमवार की देर शाम को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि जगतपुरा में एक युवक छत से नीचे गिर गया है और परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए हैं। सूचना मिलते ही चीता मोबाइल अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

पूछताछ में पता चला कि 25 वर्षीय युवक अनिल चंद्र अपने बड़े भाई दीपक के साथ जगतपुरा मकान में रहता था। जो कि मानसिक बीमारी से ग्रसित था और उसका उपचार भी चल रहा था। सोमवार की शाम को युवक प्रथम मंजिल की छत पर गया और छत से नीचे कूद गया।

# विधायक अरोरा ने किया वार्ड 16 में दो सीसी मार्गों का लोकार्पण

● 10 लाख की विधायक निधि से किया गया है निर्माण, मार्ग के निर्माण से लोगों में खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने वार्ड 16 क्षेत्र के विम स्क्वायर कॉलोनी में विधायक निधि से स्वीकृत 5-5 लाख के दो सीसी मार्गों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले कॉलोनी के लोगों ने विधायक अरोरा का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

मंगलवार को लोकार्पण के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि विम स्क्वायर क्षेत्र जहां बहुत ही बुद्धिजीवी वर्ग के लोग रहते हैं। कॉलोनी वासियों की मांग पर यहां की दो सड़कों का निर्माण कार्य उनके द्वारा विधायक निधि से कराया गया है। इन मार्गों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया गया है। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने विधायक से मुख्य गेट के निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की। जिस पर विधायक अरोरा ने आने वाले समय में प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने का भरोसा दिया।

इस अवसर पर पार्षद प्रमोद शर्मा, सांसद प्रतिनिधि कपिल शर्मा, महेश अग्रवाल, मोर सिंह यादव बिट्टू चौहान, जीतेंद्र संधू, महेंदी शर्मा, अरविंद गंगवार, वीरेंद्र सुखीजा, नीरज तिवारी, कमलेश शर्मा, राजीव चौहान, धर्मेंद्र शर्मा, रावेश गंगवार, दीपक सक्सेना, भूपेंद्र चौहान, अरविंद, कृष्ण कुमार, अनिल द्विवेदी, प्रदीप दास, बालेश शर्मा, रोहित शर्मा, अजय गाबा, प्रशांत सक्सैना, एससी तिवारी, सुनील सचान, सुधांशु भारद्वाज, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।



विम स्क्वायर कॉलोनी में सीसी मार्ग का लोकार्पण करते विधायक शिव अरोरा।


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 57 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या 08 में मिनी स्टेडियम में सार्वजनिक कार्यों हेतु मंच का निर्माण कार्य। | 2446900.00 | 2400+ 18% GST | 48940.00 | 60 दिवस |
| 58 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या- 09 में श्री मुख्य मोटर मार्ग साततल से श्री मनीष के घर एवं श्री मोहित के घर से श्री संजय के घर तक सी०सी० रोड एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य | 758100.00 | 800+ 18% GST | 15170.00 | 45 दिवस |
| 59 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-09 में साततल रोड (डोब) के पास से वर्मा के घर तक सी०सी० व पुलिया रोड निर्माण कार्य। | 112300.00 | 100+ 18% GST | 2250.00 | 30 दिवस |
| 60 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या 09, में सार्वजनिक मार्ग के ऊपर श्री महेश भगत तथा खान के घर के पास दीवार निर्माण कार्य। | 472100.00 | 500+ 18% GST | 9450.00 | 30 दिवस |
| 61 | नगर पालिका परिषद भीगताल के वार्ड संख्या-09, में (निशौला नाले के पास) श्री विनोद कनवाल के घर के पास दीवार निर्माण कार्य। | 195700.00 | 200+ 18% GST | 3920.00 | 30 दिवस |
| 62 | नगर पालिका परिषद भीमताल के वार्ड संख्या-09, पढालनी के घर के पास से श्री मुन्ना बिष्ट के घर तक सी०सी० रोड व दीवार निर्माण कार्य। | 524700.00 | 500+ 18% GST | 10500.00 | 30 दिवस |
| 63 | नगर पालिका कार्यालय के एम०आर०एफ० सेन्टर के पीछे प्लम एवं पत्थर की दीवार निर्माण कार्य। | 1186800.00 | 1200+ 18% GST | 23740.00 | 60 दिवस |
| 64 | नगर पालिका परिषद भीमताल के अतंर्गत डांठ पार्किंग, ब्लॉक रोड स्थित सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत का निर्माण कार्य। | 248700.00 | 200+ 18% GST | 4980.00 | 30 दिवस |
| 65 | नगर पालिका परिषद भीमताल के अतंर्गत डांठ एवं चनौती स्थित सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत का निर्माण कार्य। | 574100.00 | 600+ 18% GST | 11490.00 | 30 दिवस |
| 66 | नगर पालिका परिषद भीमताल के अतंर्गत गोरखपुर तिराहा, मिनी स्टेडियम स्थित सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत का निर्माण कार्य। | 247600.00 | 200+ 18% GST | 4960.00 | 30 दिवस |

निविदा की शर्तें :-

1- निविदा प्रपत्र केवल निकाय में पंजीकृत ठेकेदारों को विक्रय की जायेगी।

2- ठेकेदार को निविदा के साथ 02 प्रतिशत अग्रमि जमानत धनराशि एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० / एन०एस०सी० आदि के रूप में अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक रूप में जमा करना अनिवार्य होगी।

3- निविदा के समय 100 रू० का स्टाम्प पेपर पर रसीदी टिकट हस्ताक्षर सहित संलग्न करना आवश्यक होगा।

4- सर्शत, संदिग्ध एवं अपूर्ण निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

5- अनुबन्ध गठन हेतु बुलाये गये समय तथा अनुबन्ध गठन के एक सप्ताह के अन्दर यदि कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तो निविदा/अनुबन्ध की धरोहर / जमानत धनराशि नियमानुसार जब्त हो जायेगी।

6- सफल निविदाता को 03 प्रतिशत जमानत धनराशि नियमानुसार अनुबन्ध गठित करते समय प्रस्तुत करनी होगी।

7- किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद भीमताल**
**नैनीताल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद भीमताल**
**नैनीताल**



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, तिकोनिया नैनीताल रोड़, हल्द्वानी (नैनीताल)-263139, फोन एवं फैक्स: 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है शासन के आदेशानुसार नरीमन चौराहा काठगोदाम से गौलापार जाने वाली सड़क चौड़ीकरण में दौरान आ रहे 11 केवी विद्युत पोलों एवं लाईन के स्थानान्तरण का कार्य एवं हाईडिल गेट नैनीताल रोड स्थित परिवर्तक के स्थानान्तरण का कार्य तथा जमरानी बाँध बहुउद्देश्यीय परियोजना के अन्तर्गत नैनीताल रोड स्थित नहर के पुनर्निर्माण के कार्य के दौरान नहर के किनारे वृक्षों के पातन के कार्य हेतु शट-डाउन अति आवश्यक है। जिस कारण निम्नलिखित सूची के अनुसार विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आशिंक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | दिनांक एवं दिन | उपसंस्थान का नाम | फीडरों के नाम | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 25.03.2026 (बुधवार) से 27.03.2026 (शुक्रवार) तक | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, HMT रानीबाग | 1. शीशमहल पोषक<br>2. गायत्री नगर पोषक | प्रातः 10:00 से सांय 04:00 बजे तक |
| 02 | 25.03.2026 (बुधवार) से 30.03.2026 (सोमवार) तक | 33/11 के0वी0 GIS उपसंस्थान, शीशमहल | कॉलटैक्स पोषक<br>दो-नहरिया पोषक<br>नया आवास विकास पोषक<br>हाईडिल गेट पोषक | प्रातः 10:00 से अपरान्ह 03:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांक: 1718/वि0न0वि0ख0/ दिनांक : 24/03/2026 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405



**टेण्डर/सूचना**

**कंबाईन से गेहूं कटाई रीपर से भूसा बनवाई/लाग बिक्री निविदा सूचना/ डेयरी के पशुओं की बिक्री**

**गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब के 04 कृषि फार्मों (चौमेला फार्म-68 एकड गेहूं, देवीपुर फार्म-125 एकड गेहूं, नानकमता फार्म-67 एकड गेहूं, प्रतापपुर फार्म-78 एकड गेहूं) के कुल 338 एकड गेहूं की फसल की कंबाईन द्वारा कटाई कराये जाने, रीपर द्वारा भूसा बनवाये जाने व गेहूं की कटाई के बाद भूसा बनवाये जाने से अतिरिक्त बचे अवशेष / पुआल (लाग) की बिकी हेतु निविदा हेतु हेतु निविदा दि०- 03.04.2026 दिन शुकवार पूर्वाहन 10.00 बजे तक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन गु०प्र० कमेटी श्री नानकमता साहिब के निदेशकों/निविदा समिति के समक्ष पूर्वाहन 11.00 बजे खोली जायेगी। इसके अतिरिक्त डेयरी के पशुओं की बिकी खुली बोली के माध्यम से दि०-03.04.2026 दिन शुकवार को अपराहन 01.00 बजे की जायेगी। इच्छुक निविदादाता अर्नेस्ट मनी जमा कर निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तें गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी की रसीद संलग्न होना आवश्यक है।

**(स० अमरजीत सिंह)**
**जनरल सेक्रेटरी**
**गु०प्र० कमेटी श्री नानकमता साहिब**
**मो० नंबर-7906091964-9917473403**


## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

**सितारगंज:** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं, परिजनों ने पति समेत आठ नामजद ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। साथ ही, पुलिस से आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। गांव पिपलिया, गदरपुर निवासी मनोज सरदार ने बताया कि करीब 16 साल पहले उसकी बहन रीना मंडल (36) का गांव सुरेंद्रनगर, शक्तिफार्म निवासी दिलीप मंडल से विवाह हुआ था। उसकी दो बेटी और एक बेटा हैं। आरोप लगाया कि उसका पति, सास, देवर और ननद सभी मिलकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पति से कई बार झगड़ा होने के बाद वह मायके चली आई थी। दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद उसे वापस भेज दिया था। बताया कि 21 मार्च की शाम को उसके ससुरालियों ने उसे रीना तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराने की सूचना दी। इस पर वह अपने भाईयों के साथ उप जिला अस्पताल सितारगंज पहुंचा। यहां पता चला कि संदिग्ध परिस्थितियों में पहले ही उसकी मौत हो चुकी है।

## नगर निगम मंदिरों को भेंट करेगा कीर्तन सामग्री

**रुद्रपुर:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम रुद्रपुर ने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए अनूठी पहल की है। निगम द्वारा शहर के सभी 40 वार्डों के मंदिरों में ढोलक, मंजीरा और अन्य कीर्तन उपकरण वितरित किए जाएंगे। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि इन सामग्रियों का वितरण चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर किया जाएगा। महापौर के अनुसार, इस कदम का मुख्य उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को सशक्त बनाना और समाज को आपस में जोड़ना है। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में कोई भी मंदिर भजन-कीर्तन से वंचित न रहे, इसी संकल्प के साथ यह योजना लागू की गई है।

## सिटी ब्रीफ

### छठे नवरात्र पर मां कात्यायनी की पूजा की

**जसपुर :** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर छठे दिन देवी के मां कात्यायनी स्वरूप की पूजा-अर्चना पूरे विधी-विधान के साथ की गई। मंगलवार को सुबह से ही स्थानीय मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां भक्तों ने देवी को फल, पुष्प और मिष्ठान का भोग लगाया। मंदिरों में तड़के ही मंगला आरती के साथ पूजा शुरू हो गई। नगर के ठाकुर मन्दिर, धर्मशाल मन्दिर, काली माता मन्दिर, बड़ा शिव मन्दिर में माता की प्रतिमा को फूलों से सजाया गया। नवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मंगल कामना की।

### छात्रसंघ वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय नवोन्मेष छात्रसंघ वार्षिकोत्सव एवं मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना पुरस्कार वितरण समारोह का समापन हो गया। मंगलवार को कॉलेज में दूसरे दिन मेहंदी, रंगोली, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय से दो ग्रुप और योग संकाय से एक ग्रुप ने प्रतिभाग किया। कला संकाय और बीएड संकाय से तीन-तीन ग्रुप ने प्रतिभाग किया। वहीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सभी संकायों से करीब 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में भी सभी संकायों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. पदमा वशिष्ठ ने किया। इस मौके पर डॉ. भगवती नेगी, डॉ. ममता बेलवाल, डॉ. राघव कुमार झा, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. संतोष पंत, डॉ. राजेंद्र परिहार आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज की पांच बसों को किया जाएगा नीलाम

**काशीपुर :** काशीपुर डिपो की पांच रोडवेज की बसों को नीलाम किया जाएगा। डिपो प्रशासन की ओर से परिवहन मुख्यालय में पत्र भेजा है। संस्तुति मिलने के बाद बसों की नीलामी की जाएगी। काशीपुर डिपो की विभिन्न रूटों पर चलने वाली पांच बसें अपनी उम्र पार कर चुकी हैं। आठ सालों में इन बसों ने दस लाख किलोमीटर का सफर पूरा कर लिया है। ऐसे में अब इन बसों को बाहर किया जा रहा है, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो सके। इन बसों को नीलाम करने के लिए डिपो की ओर से परिवहन मुख्यालय को पत्र भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद इन बसों को हटाया जाएगा और नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी। काशीपुर डिपो के कार्यशाला प्रभारी मोहम्मद यामीन ने बताया कि पांच बसें उम्र और किलोमीटर पार कर चुकी हैं। इन बसों को रूट से हटा दिया गया है और जल्द ही नीलामी की जाएगी।

### जसपुर में तमंचों समेत दो गिरफ्तार

**जसपुर :** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई कर दो लोगों को तमंचों एवं कारतूसों समेत गिरफ्तार किया है। बुधवार को कोतवाली पुलिस टीम ने गस्त के दौरान भूपेंद्र सिंह निवासी रघुवाला ठाकुरद्वारा मुरादाबाद एवं मोहम्मद जुबेर निवासी मोहल्ला चौहानान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 315 बोर के दो तमंचे तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### सरकारी अस्पताल में टीबी दिवस पर हुई बैठक

**काशीपुर :** एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में टीबी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूत बनाकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की दिशा में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। मंगलवार को राजकीय चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें टीबी बीमारी को लेकर जानकारी दी गई। कहा कि क्षय रोग एक संक्रामक बीमारी है। इस मौके पर डॉ. गोविंदर सिंह, दिलशाद अरशद, दीपक जोशी, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**Notice**

I am Manakdeep Singh, in my 10th marksheet, the spelling of my mother's name is mistakenly written as Sarabjeet Kaur, whereas the correct spelling of my mother's name is Sarvjeet Kaur, in future my mother's name should be known by its correct ( Sarvjeet Kaur) spelling only.

# आज अर्धरात्रि चैती मंदिर में आएगा माता का डोला, भक्तों में भारी उत्साह

## प्रशासन ने किया माता के डोले के रास्ते का निरीक्षण, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** प्रशासन ने मां बाल सुंदरी देवी का डोला आने वाले रास्ते का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

चैत्र मास में लगने वाले मां बाल सुंदरी देवी के चैती मेला में मां भगवती का डोला बुधवार की अर्धरात्रि को पंडा आवास मोहल्ला कानूनगोयान में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मंदिर परिसर के लिए रात लगभग तीन बजे रवाना होगा। मां भगवती की डोला ले जाने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मेला मजिस्ट्रेट/एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने तहसीलदार पंकज चंदोला, एसपी स्वप्न किशोर सिंह, नगर निगम टीम और पंडा परिवार के साथ डोला मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया पंडा आवास से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक का रास्ता सही है। जबकि महाराणा प्रताप चौक से रोडवेज बस स्टेशन के पास आरओबी के नीचे का रास्ता खराब हालत में है। रेलवे क्रॉसिंग के पास एक खुला नाला यात्रा में बाधक बन रहा है। मेला मजिस्ट्रेट ने नगर निगम से खुले नाला को कवर्ड करने और बेरिकेडिंग करने के लिए कहा। वहीं एसपी स्वप्न किशोर सिंह ने कहा कि डोला यात्रा मार्ग और मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स लगाया जाएगा। पुलिस-प्रशासन की टीम ने खोखरा देवी जाने वाले मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग आदि को देखा। यहां पर मां बाल सुंदरी देवी के मुख्य पंडा पंडा विकास अग्निहोत्री, सहायक प्रधान पंडा मनोज अग्निहोत्री, नीरज कांडपाल, नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज बिष्ट, एसएनए शालिनी नेगी आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में चैती मेले मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

### मेले के व्यापार पर रहेगी जीएसटी की नजर

**काशीपुर :** जीएसटी के साथ करोड़ों में उठने वाले ठेके से होने वाले कारोबार पर विभाग पूरी नजर बनाए हुए है और विभाग अब राजस्व लाभ उठाने की तैयारी में है। इसके लिए मेले में आने व्यापारियों को अपनी खरीद-बिक्री का पूरा हिसाब-किताब रखना होगा। इतना ही नहीं, उन्हें जीएसटी का अस्थायी पंजीयन भी अनिवार्य रूप से लेना पड़ेगा। जीएसटी विभाग काशीपुर के असिस्टेंट कमिश्नर राहुल सिंह ने बताया इस बार पूरे मेले पर विभाग की नजर रहेगी। नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### चौथी पीढ़ी के कंधों पर होगी देवी का डोला लाने की जिम्मेदारी

**काशीपुर :** मां भगवती बाल सुंदरी के डोला से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। डोला पंडा आवास से चैती मंदिर तक जाता है। वहीं इसे मंदिर तक ले जाने का काम चौथी पीढ़ी के बारह सदस्य संभालते हैं। जो पंडा आवास से लेकर चैती मेला तक छह-छह सदस्य डोला को कंधे पर लेकर चलते हैं। खड़कपुर देवीपुरा निवासी डोला उठाने वाली टीम के मुख्य सदस्य दीपक कश्यप व उनके मामा धर्मवीर बताते हैं यह उनकी चौथी पीढ़ी है, जो मां भगवती के डोले को अपने कंधे पर लेकर जाती है। वह बताते हैं कि आम दिनों में वह लोग मेहनत-मजदूरी और फैक्टरी में काम करते हैं। उन्होंने बताया उनके दादा-परदादा डोला लेकर जाते थे, अब वह लोग इस जिम्मेदारी को वर्षों से निभा रहे हैं। डोला के वाहक रिंकू कश्यप बताते हैं नियम वही पुराना छह कंधे डोले को उठाते, कदम-ताल मिलाते हुए चलते हैं। दो-तीन सौ मीटर बाद हल्का-सा "बदलो" गूंजता और कंधे बदल जाते हैं। इस तरह डोला कभी रुकता नहीं और हर जोड़ी की सांस में मां का भार बराबर बंट जाता।

## तेज रफ्तार कार सवार ने युवक को मारी टक्कर, गंभीर

**काशीपुरः** कुंडेश्वरी तिराहे के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आगे जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर किया गया है।

कुंडेश्वरी निवासी दिनेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मार्च को दोपहर लगभग 1:30 बजे उनके जीजा, राजेन्द्र दानी अपनी बाइक से काशीपुर से कुंडेश्वरी की ओर जा रहे थे। तभी कुंडेश्वरी तिराहा स्थित यामाहा शोरूम के पास पीछे से आ रही एक सफेद स्विफ्ट कार के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार युवक को रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। हादसे के वक्त वह भी अपनी दूसरी बाइक से पीछे ही आ रहे थे। उन्होंने स्थानीय पुलिसकर्मियों और राहगीरों की मदद से घायल राजेंद्र को तुरंत ई-रिक्शा के जरिए एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। राजेंद्र को हल्द्वानी में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पंप एक्शन गन के साथ दो हथियार तस्कर धरे



जसपुर में पुलिस की गिरफ्त में हथियार तस्कर। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस और कुमाऊं एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर दो शातिर हथियार तस्करों को मय अवैध हथियारों के गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो 32 बोर की पिस्टल, दो 12 बोर की पंप एक्शन गन समेत दस कारतूस और एक स्विफ्ट कार बरामद की है।

मंगलवार को काशीपुर एसपी स्वप्न किशोर सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी के नेतृत्व में एसटीएफ कुमाऊं एवं जसपुर पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो हथियार तस्करों को फोरलेन स्थित पतरामपुर अंडर पास से गिरफ्तार किया। टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त शमशेर सिंह निवासी ग्राम हजीरो के पास से एक 32 बोर पिस्टल, पांच कारतूस और सिमरनदीप सिंह निवासी अंजनिया फार्म पुलभट्टा के कब्जे से एक 32 बोर पिस्टल, 5 कारतूस बरामद किए हैं। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपियों के वाहन की तलाशी लेने पर वाहन से 12 बोर की दो पंप एक्शन गन बरामद हुई हैं। पुलिस ने हथियार तस्करी में इस्तेमाल कार को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की गई है। एसटीएफ एसआई विनोद जोशी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है आरोपियों के तार पीलीभीत, शाहजहांपुर से जुड़े हुए हैं, आरोपी क्षेत्र में किसी को हथियार बेचने की फिराक में थे। पुलिस टीम में एसटीएफ एसआई विनोद जोशी, महेंद्र गिरी, किशोर कुमार, वीरेंद्र चौहान, जितेंद्र कुमार, पतरामपुर चौकी इंचार्ज गोविंद सिंह मेहता, विक्रम सिंह शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

जिला मुरादाबाद पुतली की रोड मझोला निवासी एक व्यक्ति की बेटी का विवाह काशीपुर निवासी एक युवक के साथ 17 फरवरी 2020 को हुआ था। परिजनों के मुताबिक शादी में दिए दान-दहेज से ससुराली खुश नहीं थे। जिसके चलते कई बार उनकी बेटी और उसके पति के बीच विवाद होता था। विवाहिता के भाई ने आरोप लगाया कि बीती 21 मार्च को उसकी बहन की अचानक घर में हालत बिगड़ गई थी। तब ससुरालियों ने उसको मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं सूचना पर वह लोग अस्पताल पहुंच गए थे। तब डॉक्टर ने बताया कि महिला ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। 24 से 72 घंटे तक भर्ती करना होगा। बावजूद इसके ससुराली उसको अगले दिन घर ले गए। अब बीती 23 मार्च की दोपहर लगभग दो बजे अचानक उसकी बहन की हालत बिगड़ गई तब ससुराली उसको पहले मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। बाद में ससुराली उसको गिरीताल स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

## दूसरे दिन भी जारी रही इंजीनियरों की हड़ताल

**काशीपुरः** 27 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। अभियंताओं ने सिंचाई खंड कार्यालय पर धरना देते हुए नारेबाजी की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ काशीपुर के शाखा सचिव हिमांशु पंत की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अभियंता इस हड़ताल में शामिल हुए। महासंघ की प्रमुख मांगों में पात्रता के अनुसार वेतन विसंगति दूर करना और तीन पदोन्नति प्रदान करना शामिल है। इस मौके पर केशव सिंह, गौरव पाठक, मनमोहन सिंह ऐरी, ज्योति रावत, राजेश भट्ट, राजन पंत, नरेंद्र सिंह रावत, किशोर पटवाल आदि मौजूद रहे।

# थार चालक ने दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** स्टेडियम चौराहे के पास एक थार कार सवार युवक ने पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की कार रुकवाकर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

सिल्वर सिटी कॉलोनी निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 मार्च की रात करीब 9:20 बजे वह अपने साथियों विवेक कुमार शर्मा, सतवंत भुल्लर और अपनी पत्नी के साथ भोजन कर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार स्टेडियम चौराहे से मानपुर रोड की ओर मुड़ी, पीछे से आ रही एक थार कार ने उन्हें ओवरटेक कर अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। पीड़ित के अनुसार, थार से नवरूप नाम का युवक उतरा और कार के शीशे पर हाथ मारकर धमकाना शुरू कर दिया। जब कार में सवार सतवंत भुल्लर ने शीशा नीचे किया, तो आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा तुम मेरे खिलाफ बहुत तहरीर दे रहे हो। यदि 24 घंटे के भीतर सभी शिकायतें वापस नहीं लीं, तो मैं तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूंगा।

हरप्रीत सिंह ने बताया कि आरोपी पर पूर्व में भी अपहरण जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

### हिंदू वाहिनी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**काशीपुर :** मानपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में हिंदू वाहिनी का स्थापना दिवस पूरे जोर-शोर से मनाया गया। मानपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर दीपक बाली ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मेयर बाली ने कहा कि जब-जब भाजपा की सरकार आती है, तब-तब एक सवाल उठता है। कि उथल-पुथल क्यों होती है। मेरा कहना है कि वर्षों से जो लोग अनाधिकृत रूप से नियमों को तोड़ मरोड़ कर और बदलकर आनंद ले रहे थे। भाजपा सरकार आने पर उन नियम कायदों को सही किया गया है। जिस कारण उथल-पुथल होना स्वाभाविक है। कार्यक्रम आयोजकों ने मांग की कि मंदिरों के आसपास की सड़कों को दुरुस्त किया जाए। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। इस मौके पर संत शिवदत्त, प्रदेश अध्यक्ष रुचिन शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री आनंद तिवारी, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, अभिषेक शर्मा, उर्वशी दत्त बाली, राघवेंद्र नागर, शेष कुमार सितारा, अमिताभ सक्सेना, महेंद्र सिसोदिया, संगीता अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# बिरयानी, कुट्टू आटा व सूजी के सैंपल लिए

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** मिलावटखोरी पर शिकंजा कसते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिरयानी से लेकर कुट्टू आटा और सूजी तक के सैंपल लिए गए, जिससे खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

शिकायत के आधार पर विभागीय टीम ने दोराहा क्षेत्र स्थित एक बिरयानी प्रतिष्ठान से बिरयानी का नमूना लिया। इसके बाद बाजार क्षेत्र की एक दुकान से खुले में बिक रहे कुट्टू के आटे का सैंपल भी उठाया गया। वहीं काशीपुर क्षेत्र में सूजी की गुणवत्ता संदिग्ध मिलने पर उसका नमूना भी जांच के लिए लिया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त ललित मोहन पांडे व वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह ने किया। अधिकारियों ने बताया कि सभी सैंपलों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि उपभोक्ताओं की सेहत से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान तेज किए जाएंगे।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम का भारी विरोध

● बुलडोजर के आगे धरने पर बैठे लोग, बैरंग लौटी प्रशासन की टीम

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** सहकारी चीनी मिल की आवासीय कॉलोनी में मंगलवार को उस समय भारी हंगामे की स्थिति बन गई, जब प्रशासन, पुलिस और मिल प्रबंधन की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, वहां रह रहे संविदा कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिजनों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कार्रवाई की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सदस्य पं. जितेंद्र कुमार शर्मा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति राजकुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रदर्शनकारियों ने अतिक्रमण हटाने आए लोडर का रास्ता रोक लिया और उसके आगे दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। लोगों ने सरकार और मिल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि गरीबों को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उजाड़ना अमानवीय है। मिल प्रशासन के अनुसार, कुल 153 आवासों को अवैध श्रेणी में चिह्नित किया गया है, जिनमें से लगभग 100 में वर्तमान में लोग रह रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे परिवारों का कहना है कि उन्हें कम से कम चार माह का समय दिया जाए ताकि वे रहने की दूसरी व्यवस्था कर सकें।



मिल के प्रशासनिक भवन के सामने धरना देते पीड़ित परिवार।

### किसान नेताओं का मिला समर्थन

इस आंदोलन को किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन को सेवानिवृत्त मजदूरों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। भारी विरोध और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अंततः प्रशासनिक टीम को बिना कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा।

## नगर निगम में लगा स्वास्थ्य शिविर

**काशीपुरः** नगर निगम परिसर में मंगलवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ मेयर दीपक बाली ने किया। इस दौरान मेयर बाली ने कहा कि स्वास्थ्य आपका, प्राथमिकता हमारी सोच के तहत इस शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में चिकित्सक परामर्श से लेकर आंखों की जांच और न्यूरोपैथी टेस्ट समेत अन्य प्रकार की जांच और दवाई वितरण की निःशुल्क सुविधा क्षेत्रवासियों के अलावा पार्षद और नगर निगम कर्मचारी व पर्यावरण मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में लगभग 225 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरित की गई। यहां पर नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट मौजूद रहे।

आस्था

**दिनेशपुर में पांच दिवसीय महोत्सव शुरू, बंगाल लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होंगे**

# षष्ठाधि कल्पारंभ पूजा के साथ बसंती पूजा का आगाज

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** षष्ठी कल्पारंभ पूजा व मंगलघाट की स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र पर होने वाली पांच दिनी मां बसंती पूजा महोत्सव का आगाज हो गया। इससे पूर्व महिलाओं ने पारंपरिक परिवेश में सज-धज कर भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर बांग्ला लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार को प्रातः दुर्गा मंदिर प्रांगण में महिला संगठन की ओर से आयोजित पांच दिवसीय मां बसंती पूजा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर कलश लेकर भजन गाते हुए मां के जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा शामिल हुई। पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती ने मंगल ध्वनि के बीच मंदिर के दक्षिण पूर्व कोण में बेल वृक्ष के नीचे मंगल घट स्थापना की तत्पश्चात षष्ठाधि पूजा संपन्न करवाई। इस मौके पर शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सावित्री मंडल, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, नीतू मंडल, पारुल मंगल, रीता गाइन, श्रुति राय, गीता हालदार, सोनिया हालदार, इति मंडल, सुरवाला देवी, अष्टमी शील मौजूद रहीं।



दिनेशपुर में मां बसंती पूजा में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार



शक्तिफार्म के रुदपुर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### शक्तिफार्म में भी बसंती पूजा का हुआ शुभारंभ

**शक्तिफार्म :** ग्राम सभा रुदपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री शारदीय बसंती पूजा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर, ठंडी नदी तक पहुंची। जहां से पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष सुकुमार वैद्य ने कहा कि 26 मार्च को महा अष्टमी पूजा, 27 मार्च को महानवमी पूजा, 28 मार्च को विजयदशमी एवं 29 मार्च को बांग्ला जात्रा नाटक एवं उसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# मलयनाथ स्वामी मंदिर में अखंड रामायण शुरू

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर लालपुर स्थित श्री मलयनाथ स्वामी मंदिर में दो दिवसीय अखंड रामायण कथा शुरू हुई। मंगलवार को पुरोहित आचार्य प्रकाश चंद जोशी, आचार्य मनीष चंद्र जोशी, आचार्य महेश चंद्र जोशी और बसंत पाठक द्वारा विधि-विधान और संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ कथा का शुभारंभ किया गया।

मंदिर के मुख्य पुजारी पूरन सिंह पानू ने बताया कि श्री मलयनाथ स्वामी का मुख्य धाम जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट स्थित सिराकोट में विराजमान है। श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा के चलते वर्ष 2002 में ग्राम पंचायत कूल्हा के लालपुरी में इस मंदिर की स्थापना की गई थी, जहां प्रत्येक माह सामूहिक पूजा अनुष्ठान किए जाते हैं। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हीरा सिंह पानू ने जानकारी दी कि अखंड रामायण कथा का समापन बुधवार प्रातः 10 बजे होगा। इस मौके पर भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, मंदिर कमेटी अध्यक्ष हीरा सिंह पानू, सचिन खड़क सिंह पानू, कोषाध्यक्ष दीवान सिंह पानू, युवा नेता योगेश पानू आदि मौजूद रहे।



अखंड रामायण कथा पढ़ते आचार्य।

## ब्रीफ न्यूज

### शादी सीजन में सिलेंडरों की किल्लत की आशंका

**रानीखेत :** आगामी शादी-विवाह सीजन को देखते हुए टेंट एवं कैटरिंग व्यवसायियों ने एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। इस संबंध में टेंट एसोसिएशन ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आने वाले महीनों में बड़ी संख्या में शादियां निर्धारित हैं, जिनमें भोजन व्यवस्था के लिए गैस सिलेंडरों की भारी जरूरत पड़ेगी। एक मध्यमवर्गीय शादी में औसतन 10 से 12 सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। व्यवसायियों का कहना है कि वर्तमान में गैस आपूर्ति की स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने से बुकिंग लेने में दिक्कत हो रही है।

### करन माहरा ने धर्मशाला को दीं 80 रजाइयां

**रानीखेत :** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने शिव मंदिर धर्मशाला समिति को 80 रज़ाइयां भेंट की। माहरा ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी केवल शब्दों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे सेवा के रूप में जमीन पर उतारना ही सच्ची मानवता है। जरूरतमंदों के लिए सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। इसी भावना के साथ इस प्रकार के कार्य लगातार किए जा जाएंगे। इस अवसर पर शिव मंदिर एवं धर्मशाला समिति के अध्यक्ष कैलाश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, सह-सचिव अगस्त लाल साह, दिनेश अग्रवाल मौजूद रहे।

### बाजार में दोपहिया वाहनों पर रोक की मांग

**अल्मोड़ा :** नगर की बाजार में दोपहिया वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर पार्षद मुखर हो गए है। मंगलवार को पार्षदों ने एसएसपी से मुलाकात कर मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। बावनसीढ़ी से शिशु मंदिर स्कूल तक दोपहिया वाहन के संचालन पर रोक लगाने की मांग उठाई। नगर निगम के पार्षदों ने कहा कि नगर के बावनसीढ़ी से लेकर शिशु मंदिर स्कूल तक कई विद्यालय है। वहीं, इन स्थानों पर मार्ग पर भी संकरा है, लेकिन इस मार्ग से दोपहिया वाहन धड़ल्ले से चल रहे है।

### दूसरों के सुख से परेशान होना अशांति का कारण

**बागेश्वर :** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में रामलीला मैदान, गरुड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा का शुभारंभ उप जिलाधिकारी वैभव कांडपाल और तहसील पत्रकार संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बड़सीला ने दीप प्रज्वलित कर किया। गुरुदेव आशुतोष महाराज की शिष्या भागवताचार्या महामनस्विनी मेरुदेवा भारती ने कहा कि आज समाज में अशांति का प्रमुख कारण यह है कि व्यक्ति अपने दुख से अधिक दूसरों के सुख से परेशान रहता है।

### वन्य जीवों के आवास संरक्षण पर मंथन

**खटीमा :** वन विभाग ने मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें वन और वन्यजीव संवाद से सुरक्षा की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारियों, मीडिया कर्मियों और वन्यजीव विशेषज्ञों ने भाग लिया।

वनविभाग द्वारा सोमवार को सुरई रेंज में कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य वन और वन्यजीव संवाद से सुरक्षा की ओर ध्यान केंद्रित करना था। इस कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व और वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता के बारे में जानकारी दी।

### 10 करोड़ का स्मृति कोष स्थापित करें

**बाजपुर :** बुक्सा-थारू जनजाति समाज के उत्थान के लिए क्षेत्रवासियों ने उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन सौंपकर श्रद्धेय राजा जगतदेव जी की स्मृति में 10 करोड़ रुपये का "स्मृति कोष" स्थापित करने की मांग उठाई है।

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता व भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि बुक्सा समाज आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, जिसके कारण युवाओं को उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं मिल पाते।

### स्वरांजलि का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**शक्तिफार्म :** देवनगर निवासी प्रणय मंडल की पुत्री स्वरांजलि मंडल का



नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ। नगर के एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत देव नगर निवासी प्रणय मंडल की पुत्री, होनहार स्वरांजलि मंडल का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ। होनहार छात्रा ने अपनी इस उपलब्धि के लिए, पिता प्रणय मंडल, दादा माखन मंडल एवं क्वांट्स एकेडमी के संचालक नीरज हालदार को इसका श्रेय दिया।

# मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों ने किया प्रदर्शन

## अल्मोड़ा में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने दिया धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में नारेबाजी करते डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 27 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के बैनर तले इंजीनियर्सों ने सरकार के खिलाफ धरना देकर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

नगर के शक्ति सदन परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कई बार मांग के बावजूद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे इंजीनियर्सों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। इंजीनियर्स ने पूर्ण सेवाकाल में पदोन्नति की पात्रता के अनुसार न्यूनतम तीन प्रोन्नति प्रदान करने, कनिष्ठ अभियंताओं को अपर सहायक अभियंता में पदोन्नत करने, कनिष्ठ अभियंता को दस वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पूर्व की भांति 5400 ग्रेड पे देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, उत्तराखंड पेयजल निगम और जल संस्थान का राजकीयकरण करने, वित्तीय अधिकारी बढ़ाए जाने, पदोन्नति की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने की मांग उठाई। इस मौके पर शाखा इं. अध्यक्ष सूरज रावत, मंडल सचिव दीपक मटियाली, उपाध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, हिमांशु जोशी, ललित मोहन बिष्ट, हितांशी नैनवाल, निवेश वर्मा मौजूद रहे।

### एबीवीपी ने समस्याओं को लेकर सड़क जाम की

**अल्मोड़ा :** एसएसजे परिसर की तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर एबीवीपी ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को संगठन से जुड़े छात्र नेताओं ने परिसर के मुख्य पार्किंग गेट बंद कर जमकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो परिसर प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।आक्रोशित एबीवीपी के छात्र नेताओं ने कहा कि लंबे समय से परिसर प्रशासन से छात्रों की समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे है, लेकिन परिसर प्रशासन लगातार मांगों को अनदेखा कर रहा है। जिससे छात्रों में रोष व्याप्त है। यहां प्रदर्शन करने वालों में एबीवीपी नगर मंत्री रोहित कुमल्टा, दीपक लोहनी, दीपक राठौर, कृष्णा कार्की, ऋतिक नेगी, भास्कर जोशी, निखिल उप्रेती, लक्ष्मी रानी, निशु, वंदना गोस्वामी, पंकज कुमार, लकी जोशी, मयंक धामी आदि शामिल रहे।

## बाढ़ सुरक्षा के लिए 11.59 करोड़ दिए

**टनकपुर:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपद चम्पावत में आपदा प्रबंधन और जनसुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम पहल की गई है। टनकपुर क्षेत्र में शारदा नदी के दाएं तट पर बाढ़ सुरक्षा हेतु तटबंध निर्माण के लिए 1159.43 लाख रुपये (करीब 11.59 करोड़) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह तटबंध बूम से टनकपुर के मध्य शारदा नदी किनारे स्थित लगभग 28 हेक्टेयर उपजाऊ कृषि भूमि तथा चिलियाघोल क्षेत्र को बाढ़ और भू-कटाव से सुरक्षित करेगा। परियोजना को राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है, जिससे संवेदनशील क्षेत्रों में दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत धनराशि का 40 प्रतिशत, यानी 463.77 लाख रुपये की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। इससे निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है।

परियोजना पूरी होने पर शारदा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में भू-कटाव पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा और कृषि भूमि के साथ-साथ चिलियाघोल क्षेत्र की आवासीय संपत्तियों को भी सुरक्षा मिलेगी।

# जनपक्षीय पत्रकारिता की चुनौतियों पर चर्चा




अल्मोड़ा में उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह पर झांकी निकालते पत्रकार।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में दो दिवसीय 33 वें उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह का आगाज हो गया है। मंगलवार को समारोह के पहले दिन नगर में भव्य सांस्कृतिक जुलूस निकाला गया। वहीं, वक्ताओं ने जनपक्षीय पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों पर मंथन किया गया।

मंगलवार को नगर के जिला पंचायत सभागार में 'उत्तराखंड संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों ने पहुंचे वक्ताओं ने राज्य और देश के समसामयिक जमीनी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा संवाद कार्यक्रम में जनपक्षीय पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों और सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने पर विशेष चर्चा की गई। वहीं, सत्र के दौरान उत्तराखंड प्रेस क्लब अल्मोड़ा की नवनियुक्त कार्यकारिणी को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर उमेश डोभाल स्मृति ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद पंत राजू, उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, उत्तराखंड प्रेस क्लब अध्यक्ष जगदीश चंद्र तिवारी, चंद्रशेखर द्विवेदी, सचिव अशोक पांडे, उपसचिव कपिल मल्होत्रा, उपसचिव संस्था मोहित अधिकारी, रमेश जोशी, किशन जोशी, हिमांशु लटवाल, नसीम अहमद, अमित उप्रेती, शिवराज कपकोटी, प्रकाश पांडे, प्रकाश पंत, ईश्वरी दत्त जोशी, डॉ. निर्मल जोशी, नवीन बिष्ट, रोहित भट्ट, राजीव लोचन साह, जयमित्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## लाभार्थियों को चेक व उपकरण वितरित

**बागेश्वर:** प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड गरुड़ में 'चार साल-बेमिसाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार 'विकल्प रहित संकल्प' के ध्येय के साथ विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा ने कहा कि सरकार की कार्यप्रणाली से धरातल पर सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए 'जय मां भगवती आजीविका स्वायत्त सहकारिता' को चेक प्रदान किया गया।

डेयरी विकास विभाग द्वारा 14 दुग्ध उत्पादकों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन किट वितरित की गई। सामाजिक कल्याण विभाग के तहत नौ दिव्यांग एवं वृद्धजनों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी व छड़ी जैसे सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके अलावा एक लाभार्थी को शादी अनुदान के तहत 50 हजार रुपये तथा दूसरे को अटल आवास योजना के अंतर्गत 1.30 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

# पाठ्यक्रम में लोक भाषाओं को शामिल करना जरूरी

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** प्रो. डीएस पोखरिया ने कहा कि यदि हम अपनी संस्कृति और भाषा के संरक्षण के प्रति गंभीर हैं, तो उत्तराखंड की लोक भाषाओं को शिक्षण सामग्री और पाठ्यक्रम में शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य के नीति-निर्धारकों को ठोस निर्णय लेना होगा।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में आयोजित 'लोक भाषाएं: हमारी थाती' विषयक संगोष्ठी के द्वितीय दिवस का शुभारंभ करते हुए डॉ. पोखरिया ने प्राथमिक स्तर पर लोक भाषाओं को शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए देहरादून के भाषाविद रमाकांत बैंजवाल ने कहा कि क्रियात्मक एवं गतिविधि आधारित पुस्तिकाएं विभिन्न लोक भाषाओं में एक साथ प्रकाशित की जानी चाहिए।

एनसीईआरटी के डॉ. मनोज बहुगुणा ने बताया कि विभागीय स्तर पर लोक भाषाओं को मूल्यांकन प्रणाली से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। रं-ल्यू भाषा पर परिचर्चा के दौरान डॉ. हरीश हरकोटिया, दीपा नबियाल, लता चौड़िया, इंद्रा खिनच्याल और किशोरी गर्ब्याल ने शब्दावली और बाल गतिविधियां प्रस्तुत कीं।

# नगर के विकास को होंगे प्रयास

संवाददाता, बागेश्वर



नगर पालिका की बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष व सभासद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका की यहां हुई बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए। पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि नगर विकास के लिये ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। पालिका सभागार में आयोजित बैठक में तय किया कि नगर के विभिन्न नालों को कवर कर छोटे वाहनों हेतु पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो व राहगीरों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

तय किया कि नगर में नई चिन्हित जगहों पर दुकानों का निर्माण किया जाएगा। मंडल सेरा पीपल चौक सड़क की पाइपलाइन शिफ्टिंग हेतु जल संस्थान को धनराशि ट्रांसफर की जाएगी। प्रत्येक वार्ड में घर-घर एवं प्रतिष्ठानों के लिए कूड़ेदान वितरित किए जाएंगे। ताकि नगर में सफाई रहे।तय किया कि विभिन्न वार्डों में सोलर लाइट लगाई जाएंगी तथा सभी वार्डों के जनमिलन केंद्र एवं पंचायत घरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। बैठक में नगर में हो रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए अतिक्रमण पर आवश्यक कार्यवाही का निर्णय लिया। तय किया कि सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा वार्डों में पेयजल व्यवस्था के लिए नई योजनाएं बनाई जाएंगी। तय किया गया कि समस्त वार्डों के सभासदों द्वारा दिए प्रस्तावों पर शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

# योजनाओं की पूरी जानकारी साझा करें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सरकार के चार साल पूर्ण होने पर कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। मंगलवार को डीएम अंशुल सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान आज होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज बुधवार को भी मल्ला महल में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। साथ ही कई अन्य स्टॉल भी लगेंगे जिसमें सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलाया जाएगा। बताया कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें संस्कृति से जुड़े कलाकार स्थानीय संस्कृति को मंच के माध्यम से लोगों से साझा करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए मल्ला महल का निरीक्षण भी किया तथा सिटिंग अरेंजमेंट, मंच, साउंड सिस्टम, साफ सफाई आदि के लिए दिशा निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को कहा कि अपने-अपने विभाग की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का यह विशेष अवसर है, इसलिए अधिकारी योजनाओं की पूर्ण जानकारियों को साझा करें।

## उधमसिंह नगर

# 'गिफ्ट' में तमंचा रख दोस्त को बनाया मोहरा, हड़पे 9.50 लाख

- रजत वर्मा का दोस्त है आरोपी नीरज, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोस्ती को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने अपने ही दोस्त की गाड़ी में 'गिफ्ट' के बहाने अवैध तमंचा रखवाकर उसे ब्लैकमेल किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लाखों रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जवाहर नगर निवासी रजत वर्मा की दोस्ती नीरज नाम के युवक से थी। 31 जनवरी को नीरज ने योजनाबद्ध तरीके से हल्द्वानी में रजत से मुलाकात की और उसकी गाड़ी में एक डिब्बा रखवा दिया। जब रजत ने डिब्बा खोला, तो उसमें एक देशी कट्टा बरामद हुआ। घबराए रजत ने उसे फेंक दिया, लेकिन तभी नीरज ने फोन कर उसे डराना शुरू कर दिया कि कट्टा देने वाला पकड़ा गया है और पुलिस अब रजत की तलाश कर रही है। नीरज ने जेल जाने का खौफ दिखाकर रजत को जबरन देहरादून भेज दिया। इस बीच, उसने रजत के पिता को बेटे की गिरफ्तारी का भय दिखाया और मामले को रफा-दफा करने के नाम पर 9.50 लाख रुपये और रजत की कार हड़प ली। जब रजत को संदेह हुआ और उसने वापस आकर पड़ताल की, तो पूरी साजिश का खुलासा हुआ। थाना पंतनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग की धाराओं में केस दर्ज कर फरार आरोपी नीरज की तलाश तेज कर दी है।

### पिता को दिया झांसा, फिर डराया

**रुद्रपुर :** शिकायतकर्ता रजत का कहना था कि नीरज इतना शातिर था कि उसे देहरादून भेजने के बाद वह घर गया और पिता को यह कहकर साथ ले गया कि पंतनगर वाइस चांसलर से वार्ता कर बेटे की नौकरी की बातचीत करते हैं। जबरन पिता को साथ ले जाने के बाद नीरज स्टेडियम ले गया। बताया कि रजत का नाम हथियार सप्लायर में आया है। उसने एसएसपी पेशकार के अलावा कोतवाल से बातचीत कर ली और मामला रफा दफा करने के लिए पैसे की आवश्यकता पड़ सकती है।

### दोस्त अरुण को भेजा धमकी भरा मैसेज

शिकायतकर्ता रजत ने बताया कि जब असलियत का खुलासा होने पर वह देहरादून से थाना पंतनगर आया। अपने दोस्त अरुण से मुलाकात कर वास्तविकता जानने का प्रयास किया तो दोस्त ने मोबाइल पर एक मैसेज दिखाया। जिसमें नीरज ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकाया कि साले तुझे भी पुलिस ढूंढ रही है। यह भी पता चला कि अरुण जिस होटल में रुका था। वहीं से नीरज ने नंबर निकाला और ट्रैक करते हुए घर भी पहुंचा था।

### 52 दिन तक बाहर रहा रजत

**रुद्रपुर :** नीरज ने पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए रजत को देहरादून जाकर छिपने की सलाह दी और उसकी कार भी अपने पास रख ली। जब वह जनवरी माह में देहरादून गया और कई दिन तक मामला रफा दफा होने का इंतजार करता रहा। अभियुक्त फोन पर बातचीत करता रहा, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि उसे देहरादून भेजने के पीछे भी अभियुक्त की सोची समझी साजिश थी। कुछ दिन बाद जब दोस्त अरुण व पिता से बात की तो नीरज के खौफनाक खेल पर संदेह हुआ।

### दोस्त को बताता रहा मंत्री का नाम

14 फरवरी को अभियुक्त ने पीड़ित युवक को फोन किया और बोला कि यदि पुलिस पूछताछ करती है कि तेरी गाड़ी कहां है तो बोलना कि गाड़ी एक मंत्री के पास है और गाड़ी का प्रयोग उनका परिवार और चालक करता रहता है। पुलिस से बोलना कि वह मंत्री के साथ काम करता है और एक दिसंबर को उसने नौकरी ज्वाइन की थी। मंत्री का नाम सामने आते ही पुलिस भी कार्रवाई करने से कतराएगी।

> थाना पंतनगर इलाके के रहने वाले युवक रजत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कारण घटनाक्रम हल्द्वानी और काठगोदाम इलाके का है। बावजूद थाना पंतनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता के आरोपों की तस्दीक हो रही है और प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश का हो सकता है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है और जांच के बाद ही आरोप-प्रत्यारोप की वास्तविकता सामने आएगी। मामला सही पाए जाने पर पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।
> **-नंदन सिंह रावत**, थाना प्रभारी, पंतनगर



एनएसएस शिविर में उपस्थित विधायक भुवन कापड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

### एनएसएस शिविर में पहुंचे विधायक कापड़ी

**खटीमा :** राजकीय इंटर कॉलेज श्रीपुर बिछुवा के छात्रों के सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन बच्चों ने सुबह योगाभ्यास किया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चटिया फार्म में आयोजित शिविर में पहुंचे विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को कर्तव्य, उद्देश्य, स्वच्छता, राष्ट्रीयता, अनुशासन का पालन करते हुए अपने कर्तव्य का पालन करने को कहा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी अतर सिंह ने विधायक कापड़ी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संचालन योगेश जोशी ने किया। इस अवसर पर विशेष कुमार सक्सेना, हेमंत खनका, गीता राणा, संतोष जोशी आदि मौजूद रहे।




जागरूकता अभियान चलाते राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य। ● अमृत विचार

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**सितारगंज :** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर सिसौना में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल, ग्राम प्रधान मिथिलेश देवी, प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र फुलारा, प्राध्यापक डॉ. जगदीपक जोशी, डॉ. मोहन चंद्र आर्य और डॉ. दीपा मखौलिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मिथिलेश देवी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और समाज में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी।

### बैराज के पास झाड़ियों में मिला युवक का सड़ा-गला शव

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत किच्छा बैराज के पास मंगलवार शाम एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने झाड़ियों और दलदल के बीच से शव को बाहर निकाला। शव की स्थिति को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह करीब 5-6 दिन पुराना है, जिसके कारण वह बुरी तरह सड़-गल चुका है। मृतक की उम्र लगभग 35-40 वर्ष है और उसने सफेद शर्ट व काली पैंट पहनी हुई है। कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू के अनुसार, फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे रुद्रपुर मोर्चरी भेज दिया है। अब आसपास के थानों और गुमशुदा रिकॉर्ड के जरिए शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर झोंका फायर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा पांडे में मंगलवार रात हाट बाजार में खरीदारी करने आए एक



युवक पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हमले में 18 वर्षीय शाने अली कंधे में छर्रे लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

वारदात के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई, जिसका फायदा उठाकर हमलावर मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी चचेरे भाई साहिल के अनुसार, वे दोनों बाजार से घर लौट रहे थे। इसी बीच एक नकाबपोश युवक बाइक से बाजार के चक्कर काट रहा था। जैसे ही वे बाजार से बाहर निकले, बाइक पर एक अन्य नकाबपोश सवार हुआ और उन्होंने शाने अली पर निशाना साधकर गोली चला दी। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की है। हालांकि, घायल और उसके परिजनों ने किसी भी पुरानी रंजिश से इनकार किया है।

## पारिवारिक कलह से तंग युवक ने दी जान

**शक्तिफार्म :** पारिवारिक कलह से तंग आकर देव नगर, हाल निवासी वार्ड नंबर एक नगर पंचायत निवासी युवक ने विषाक्त पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली।

देवनगर, हाल निवासी वार्ड नंबर एक नगर पंचायत निवासी गौतम मंडल (42) पुत्र सुभाष मंडल, कपड़ा व्यापारी था। गौतम विगत दो दिनों से अपने घर से गायब था। मंगलवार शाम करीब 3:30 बजे वाराकोली वन क्षेत्र में स्थित वन शक्ति मंदिर के निकट ग्रामीणों ने, जंगल के भीतर शव देखा। इसके पश्चात तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने कहा कि परिजनों के मुताबिक पति-पत्नी में लंबे समय से क्लेश चल रहा था।

# निबंध में रोशनी, भाषण में गणेश आए अव्वल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसबीएस महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद की कार्यकारिणी गठित की गयी। इसमें काजल अध्यक्ष और टीना दिवाकर सचिव बनी। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रोशनी ने पहला, भाषण प्रतियोगिता में गणेश भट्ट ने पहला और पोस्टर प्रतियोगिता में श्याम सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को विभाग प्रभारी प्रो. सर्वजीत सिंह ने बताया कि परिषद की कार्यकारिणी में अध्यक्ष और सचिव के अलावा कुमकुम मिश्रा को उपाध्यक्ष, कोमल गंगवार को उप सचिव, नितिन पुनेठा को कोषाध्यक्ष, श्याम सिंह को संगठन मंत्री, संगीता को सांस्कृतिक सचिव, मानसी पांडेय को सांस्कृतिक उप सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा गणेश भट्ट, प्रदीप कुमार, नीतू मौर्या, रोशनी और कविता को सदस्य बनाया गया है। इस दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रोशनी ने पहला, हीना ने दूसरा, नीतू, कुमकुम, टीना, मानसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में गणेश भट्ट ने पहला, टीना दिवाकर ने दूसरा, संगीता और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर में श्याम सिंह ने पहला, आरती ने दूसरा, कोमल गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण के कारखाने हैं और अध्यापक उन्हें बनाने वाले कारीगर।
–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार

# एकपक्षीय युद्धविराम

पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एकतरफा "पांच दिन के युद्ध विराम" की घोषणा कूटनीतिक पहल के अलावा कई स्तरों पर दबावों का परिणाम है। यह कदम उस समय आया है, जब इजराइल-ईरान तनाव अपने चरम पर है और वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति तथा सामरिक संतुलन सभी खतरे में हैं। ट्रंप के इस निर्णय के पीछे घरेलू राजनीतिक मजबूरियां साफ दिखाई देती हैं। अमेरिका में आगामी मिडटर्म चुनावों की आहट के बीच उनकी लोकप्रियता में गिरावट और संभावित महाभियोग का खतरा उन्हें जोखिम लेने से रोक रहा है। रक्षा बजट, जो लगभग 19 लाख करोड़ रुपये के समकक्ष है, पर भी दबाव है। ऐसे में लंबा युद्ध अमेरिकी करदाताओं पर भारी पड़ सकता है, जिसे राजनीतिक रूप से उचित ठहराना कठिन होगा। दूसरी ओर इजराइल का ट्रंप के इस फैसले पर आश्चर्य जताना इस बात का संकेत है कि वाशिंगटन और तेल अवीव के बीच इस मुद्दे पर पूर्ण सहमति नहीं है। इजराइल, जो ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद रणनीतिक बढ़त मान रहा था, किसी भी जल्दबाजी में युद्धविराम को अपने हितों के विरुद्ध मान सकता है। अतः यह स्पष्ट है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं अब केवल इजराइल की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि व्यापक वैश्विक और घरेलू समीकरणों से प्रभावित हैं। ट्रंप का अपने पूर्व आक्रामक बयानों से यू-टर्न लेना भी कई संकेत देता है। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना के लगभग 40 प्रतिशत के प्रभावित होने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। ताइवान में चिप उत्पादन बाधित होने की आशंका ने एप्पल और एनवीडिया जैसी अमेरिकी कंपनियों के हितों को भी खतरे में डाल दिया है। यह आर्थिक दबाव किसी भी सैन्य महत्वाकांक्षा पर भारी पड़ता है। इसके अतिरिक्त, नाटो और अन्य पश्चिमी सहयोगियों का सीमित समर्थन अमेरिका को "अकेले पड़ने" की स्थिति में ला सकता है। यूरोपीय देश पहले ही यूक्रेन संकट से थके हुए हैं और एक नए युद्ध में गहराई से शामिल होने को इच्छुक नहीं दिखते। ऐसे में ट्रंप का युद्ध विराम प्रस्ताव सामरिक पुनर्संतुलन का प्रयास भी हो सकता है।

अमेरिका-ईरान वार्ता में पाकिस्तान की मध्यस्थता और कतर, तुर्किये व मिस्र की सक्रिय भूमिका ने इस धारणा को चुनौती दी है कि भारत ही एकमात्र संतुलनकारी शक्ति है। हालांकि भारत की "रणनीतिक स्वायत्तता" और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे अब भी एक महत्वपूर्ण, अनौपचारिक भूमिका देती है। युद्धविराम की आशंकित असफलता हमारी ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति और खाड़ी देशों में फंसे लाखों भारतीयों की सुरक्षित निकासी की चुनौती बनेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य का संभावित बंदी भारत के लिए अस्वीकार्य होना स्वाभाविक है, हमारी लगभग 60 प्रतिशत तेल आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में दी गई चेतावनी इस मामले में संकेत है कि हमें वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं, सामरिक तेल भंडार और आपातकालीन निकासी योजनाओं को तुरंत सक्रिय करना होगा। इसमें ऊर्जा विविधीकरण, कूटनीतिक सक्रियता, रक्षा सतर्कता और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना शामिल है। भारत को इस अनिश्चितता के दौर में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी नीति अपनानी होगी।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण-अनुकूल परिवहन की ओर बढ़ती दुनिया

जलवायु परिवर्तन आज मानव सभ्यता के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। बढ़ते वैश्विक तापमान, चरम मौसम घटनाओं और प्रदूषण ने विकास के मौजूदा मॉडल पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संदर्भ में परिवहन क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह आधुनिक जीवन का आधार भी है और प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत भी। परिवहन क्षेत्र वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा पैदा करता है, जबकि ऊर्जा से जुड़े कार्बन उत्सर्जन में इसकी हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत तक है। यही कारण है कि विश्वभर में परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर जोर बढ़ा है। 'ग्रीन मोबिलिटी' या 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट' की अवधारणा इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ऐसे साधनों और ढांचों का विकास करना है, जो कम ऊर्जा उपयोग करें और प्रदूषण घटाएं।

इस दिशा में यूरोप अग्रणी है। नॉर्वे, नीदरलैंड और जर्मनी जैसे देशों ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियां अपनाई हैं। नॉर्वे में नई कारों की बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। वहीं एम्स्टर्डम और कोपेनहेगन जैसे शहरों में साइकिल आधारित परिवहन का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे प्रदूषण और यातायात दबाव दोनों कम हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार वर्ष 2022 में दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं, जो कुल बिक्री का लगभग 14 प्रतिशत हैं। यह परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। भारत के लिए यह चुनौती और भी बड़ी है, क्योंकि यहां तेजी से शहरीकरण और वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। देश के ऊर्जा-संबंधी कार्बन उत्सर्जन में सड़क परिवहन की हिस्सेदारी लगभग 12 से 14 प्रतिशत है। पिछले दो दशकों में परिवहन क्षेत्र से उत्सर्जन 155.9 मिलियन टन से बढ़कर 368.2 मिलियन टन तक पहुंच गया है। केंद्र सरकार की फेम योजना के तहत ई-वाहनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों में ई-बसों का विस्तार हो रहा है। साथ ही मेट्रो रेल परियोजनाओं के विस्तार ने शहरी परिवहन को नया विकल्प दिया है। पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में साइकिल की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी साधन है। भारत में आज भी बड़ी संख्या में लोग साइकिल का उपयोग करते हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, लेकिन शहरी क्षेत्रों में इसका उपयोग काफी घटा है। जहां 1990 के दशक में 20-30 प्रतिशत यात्राएं साइकिल से होती थीं, वहीं आज यह घटकर 2-5 प्रतिशत रह गई हैं। इसके पीछे साइकिल लेन का अभाव, कार-केंद्रित विकास और सामाजिक धारणाएं प्रमुख कारण हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कई चुनौतियां हैं। पहली चुनौती बुनियादी ढांचे की हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन अभी भी सीमित हैं। दूसरी चुनौती लागत से जुड़ी है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआती कीमत अधिक है। तीसरी चुनौती शहरी नियोजन की है, जहां दीर्घकालिक परिवहन दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। चौथी चुनौती साइकिल और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्गों की कमी है। यदि शहरों में सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल मार्गों को प्राथमिकता दी जाए, तो प्रदूषण और यातायात दोनों को नियंत्रित किया जा सकता है। भारत यदि इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा को समन्वित रूप से विकसित करे, तो देश प्रदूषण नियंत्रित करने का साथ ही इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व भी हासिल कर सकता है। इस दिशा में उठाए गए कदम शहरों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और रहने योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# निकट आई लाल आतंक के खात्मे की घड़ी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 के समापन, आतंकवाद का खात्मा समेत कई बड़े वादों के साथ 2014 में केंद्र की सत्ता में आई भाजपा ने उन तमाम वादों को देर सबेर पूरा किया। इसलिए भाजपा नेताओं के साथ ही आमजन में यह धारणा बनी कि मोदी है तो मुमकिन है। यह धारणा नारे में तब्दील हो गई और अब भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंच पर इसे पूरे जोश से बोला जाता है।

अब मोदी सरकार अपने एक और वादे को पूरा करने जा रही है वह है लाल आतंक यानी नक्सल मुक्त भारत। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों को डेडलाइन दी गई थी कि वे या तो आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें अथवा मुठभेड़ में मारे जाएंगे या फिर जेल जाएंगे। इस सख्ती का असर हुआ और तमाम बड़े हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटना ही उचित समझा। उनके सहयोगी भी बड़े पैमाने पर हथियार डालने को मजबूर हुए। अब नक्सल मुक्त वादे के पूरा होने में सात दिन बचे हुए हैं। सुरक्षा बलों ने अपने अभियान को तेज कर दिया है। ताकि एक- एक नक्सली की गिरफ्तारी हो जाए या फिर वह हथियार डाल दे। हालांकि अभी तमाम हार्डकोर नक्सली ऐसे हैं, जो सरेंडर करने को तैयार नहीं हैं और सुरक्षा बलों की नजरों से बचकर छिपे हुए हैं, पर सरकार की जो इच्छाशक्ति है, उसे देखकर नहीं लगता कि वे सुरक्षा बलों से बच पाएंगे। भारत सीमा पर पाकिस्तान के पाले हुए आतंकवादियों से तो लड़ ही रहा है।

देश के अंदर मौजूद उग्रवादियों, नक्सलियों के सफाए के लिए भी पूरी ताकत झोंकी जा रही है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1967 में नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी। धीरे-धीरे यह लाल गलियारा ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में भी फैल गया। नक्सलियों ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों के जवानों, जनप्रतिनिधियों और आमजन को अपनी गोली या बारूद का शिकार बनाया। तमाम कोशिशों के बाद भी कोई सरकार उनके आतंक पर अंकुश नहीं लगा सकी, लेकिन मजबूत इच्छा शक्ति, सुरक्षा बलों को दी गई खुली छूट, मजबूत सर्विलांस सिस्टम और मुखबिर तंत्र बनाकर मोदी सरकार ने नक्सलवाद मुक्त भारत का वादा किया और 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय की। उम्मीद है कि मोदी सरकार डेडलाइन खत्म होने से पहले ही लाल आतंक का खात्मा कर यह घोषणा कर देगी कि पूरा भारत अब नक्सल मुक्त हो गया है।

देश के अंदर मौजूद उग्रवादियों, नक्सलियों के सफाए के लिए भी पूरी ताकत झोंकी जा रही है। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1967 में नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी।

2019 तक देश के 9 राज्यों के 61 जिलों के 245 पुलिस थानों तक नक्सलवाद फैला हुआ था। जनवरी 2026 तक सिर्फ दो राज्यों के 5 जिले और 11 पुलिस थाने ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। मोदी सरकार ने सिर्फ सुरक्षा बलों के दम पर ही नहीं, बल्कि विकास की गंगा बहाकर भी नक्सलियों को आत्मसपर्मण के लिए मजबूर किया है। विकास, रोजगार, शिक्षा की बयार बही, तो उनकी मदद करने वाले ग्रामीण भी न सिर्फ कदम पीछे खींचने लगे, बल्कि परिवार वालों पर दबाव डालकर नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार भी किया।

प्रभावित इलाकों में विकास की बात करें, तो जनवरी 2026 तक 15 हजार किलोमीटर सड़कें बनाई गईं। मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए 9233 टॉवर लगाए गए और युवाओं, महिलाओं को दक्ष बनाकर रोजगार दिलाने के लिए 46 आईटीआई और 49 स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की गई। 179 एकलव्य मॉडल स्कूल, 6025 पोस्ट ऑफिस, विभिन्न बैंकों की 1804 शाखाएं और 1321 एटीएम स्थापित किए गए, जो नक्सली आत्मसपर्मण कर रहे हैं, उनके पुनर्वास के लिए भी सरकार खूब धन खर्च कर रही है। ऐसे में सरकार को उम्मीद है कि देश की जनता से जो वादा किया गया है वह निर्धारित अवधि में पूरा हो जाएगा।

अब बात करें आतंकवाद की तो सुरक्षा बलों की सतर्कता, मजबूत खुफिया तंत्र की वजह से इसमें 43 फीसद की कमी आई है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की ताजा रिपोर्ट में भारत इस बार 13 वें स्थान पर है, जबकि पिछले साल 11 वें स्थान पर था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा लांच किए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए जाने और बड़े आतंकियों के मारे जाने से उनके आका डरे हुए हैं।

पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के आकाओं को भी पता है कि भारत ऑपरेशन सिंदूर पार्ट टू कभी भी लांच कर सकता है। ऐसे में वे ऐसी कोई हरकत नहीं कर रहे हैं, जिससे कि हमारी सेना और सरकार को कड़ा कदम उठाना पड़े। हालांकि आईएसआई भारत को अस्थिर करने की हर चाल चल रही है। आईएसआई ने भारत में तेजी से जासूसों का जाल बिछाना शुरू किया है। सोनीपत में स्टेशन के आउटर इलाके में सोलर आधारित सीसीटीवी कैमरे लगवाने का उसका खेल पकड़ में आ गया है।

एनएआई ने उसके स्लीपर सेल और जासूसों की धरपकड़ करके उसके नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम तेज किया है, लेकिन आईएसआई ने जासूसी का ये जो नया तरीका निकाला है यह हमारी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। ईरान के सबसे बड़े धार्मिक नेता अली खामेनेई और सैन्य प्रमुखों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने ऐसे ही कैमरे ईरान में लगवाए थे। इससे यह पता चलता है कि आईएसआई भी मोसाद के नक्शेकदम पर चल रही है और हमारे प्रमुख स्थलों पर कैमरे लगवाकर निगरानी करना चाहती है। हालांकि उसकी कोई भी चाल सफल नहीं होगी, क्योंकि हमारा खुफिया तंत्र बहुत मजबूत है, लेकिन उसकी यह चाल गंभीर खतरे की तरफ इशारा जरूर कर रही है।

## आमने सामने



एक फिल्म ने अतीक अहमद और समाजवादी पार्टी के संबंधों को उजागर कर दिया है कि किस तरह से सपा सरकार में अतीक अहमद देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा था। मैं तो यही कह सकती हूं कि योगी आदित्यनाथ यूपी के धुरंधर मुख्यमंत्री है, जिन्होंने अतीक और मुख्तार जैसे माफियाओं के साम्राज्य का अंत कर दिया।
– **पूजा पाल**, विधायक

पूजा पाल का बयान पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। एक फिल्म धुरंधर आई, जिसमें अतीक अहमद के बारे विदेशी कनेक्शन की बात कही गई। जिस अतीक के नाम पर लोकसभा में शोक सभा हुई, जो सांसद व विधायक रहे, जिनकी पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी, लेकिन कभी उनके विदेश से कनेक्शन की बात नहीं आई। अब बजनिए तय करेंगे कौन विदेशी है और कौन हिंदुस्तानी है?
– **इसरार अहमद**, AIMIM नेता



# तमिलनाडु विस चुनाव में दिलचस्प होगा मुकाबला



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

दक्षिण भारत की राजनीति में तमिलनाडु हमेशा से एक विशिष्ट प्रयोगशाला रहा है। यहां की राजनीति लंबे समय तक द्रविड़ विचारधारा और क्षेत्रीय अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। पिछले पांच दशकों से सत्ता का केंद्र लगभग दो दलों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के बीच बंटा रहा है, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव इस पारंपरिक द्वंद्व से आगे निकलकर नए राजनीतिक समीकरणों की आहट दे रहा है।

विधानसभा चुनाव को लेकर तस्वीर अब लगभग साफ हो गई है। राज्य में चार-कोणीय मुकाबला तय माना जा रहा है, जिससे चुनावी संघर्ष और भी दिलचस्प हो गया है। राज्य में 2019 से मजबूत स्थिति में रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाले गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वाम दल, विदुथलाई चिरूथैगल कच्ची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और मनिथनया मक्कल कच्ची जैसे दल शामिल हैं। हाल ही में कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम और देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम भी इस गठबंधन में जुड़ गए हैं। दूसरी ओर, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन में अंबुमणि रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल कच्ची, टी.टी.वी. दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम और जी.के. वासन की तमिल मनीला कांग्रेस भी शामिल हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं।

इस बीच अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। कांग्रेस के साथ उनके संभावित गठबंधन की चर्चाएं तेज थीं और यहां तक कहा गया कि राहुल गांधी से उनकी बातचीत भी हुई है। हालांकि कांग्रेस ने अंततः द्रमुक के साथ ही अपना गठबंधन बरकरार रखा। इसके बाद टीवीके के एनडीए में शामिल होने और विजय को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश जैसी खबरें भी सामने आईं, लेकिन इन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए विजय ने एक इफ्तार कार्यक्रम में साफ कर दिया कि उनकी पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। उन्होंने घोषणा की कि टीवीके अपने दम पर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का दावा भी किया। वहीं, सीमान की पार्टी नाम तमिलर कच्ची भी हर बार की तरह अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। इस प्रकार राज्य में चार प्रमुख मोर्चे बन गए हैं।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार के "द्रविड़ मॉडल" पर इस बार एंटी-इनकंबेंसी, कानून-व्यवस्था, हिंदुत्व विरोध और परिवारवाद के मुद्दे हावी हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लगभग दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी की थी। उस समय जनता ने तत्कालीन एआईएडीएमके सरकार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी और नेतृत्व संकट को देखते हुए परिवर्तन का फैसला किया था, लेकिन राजनीति में पांच वर्ष लंबा समय होता है। अब वही डीएमके सरकार जनता की कसौटी पर है। क्योंकि इस अवधि की ढेर सारी कमियों का चुनावी हथियार विपक्ष के हाथ लग गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा से क्षेत्रीय पहचान, भाषा और सामाजिक न्याय के मुद्दे महत्वपूर्ण रहे हैं। द्रविड़ आंदोलन की विरासत ने यहां की राजनीति को इस तरह आकार दिया कि राष्ट्रीय दल लंबे समय तक हाशिये पर रहे, लेकिन हाल के वर्षों में भाजपा ने राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत बनाई है। भाजपा कार्यकर्ता नेटवर्क के सहारे जमीनी पकड़ और मजबूत करने के कारण आगामी विधानसभा चुनाव केवल दो क्षेत्रीय दलों की लड़ाई नहीं, बल्कि क्षेत्रीय मुद्दे बनाम राष्ट्रीय राजनीति की एक नई परीक्षा बन गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में एंटी-इनकंबेंसी का इतिहास मजबूत रहा है। कई चुनावों में देखा गया कि सत्ता में बैठी पार्टी अगले चुनाव में हार गई। ऐसा परिदृश्य इस बार और पुरजोर अंदाज में दिखाई दे रहा है। खासकर दलित, वंचित, ग्रामीण और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए डीएमके सरकार ने कोई करिश्माई काम नहीं किया है। इसके चलते चुनाव में डीएमके को इन वर्गों का व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा है।

तमिलनाडु में बीजेपी की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और वैचारिक अभियान के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ाने के तेज प्रयास किए हैं। एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन मजबूत होने के चलते कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के बजाय सीधे सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के बीच हो सकता है। इस स्थिति में बीजेपी को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं। असल में तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का संघर्ष नहीं, बल्कि द्रविड़ राजनीति के भविष्य का भी परीक्षण है। भाजपा समेत विपक्ष अप्रत्याशित प्रदर्शन राज्य की राजनीति में नए गठबंधन और नई रणनीतियों का दौर शुरू कर सकता है। इसी कारण आगामी चुनाव को केवल सीटों की गणना के रूप में नहीं, बल्कि तमिलनाडु की सामाजिक-राजनीतिक चेतना की नई परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# दिवा स्वप्न

हिंदी सोशल मीडिया का एक पॉपुलर डे ड्रीम है-पेट्रो डॉलर चौपट हो जाएगा, अमेरिका तबाह हो जाएगा और भारत विश्व का नंबर एक राष्ट्र बन जाएगा। पेट्रोलियम का व्यापार डॉलर में न हो, तो अमेरिका का जो नुकसान हो सो हो। उनके पास अपने देश के लिए पर्याप्त पेट्रोलियम है वह एक्सपोर्टर हैं इंपोर्टर नहीं। इसके अलावा टेक वर्ल्ड- एआई, डिफेंस, एनर्जी इन सबमें वह आने वाले पचीस साल तक की टेक्नोलॉजी में अग्रणी हैं। उनका जो है वैसे चलता रहेगा, उनके पास अनाज पर्याप्त है, फल, तेल सब निर्यात ही करते हैं। आयात जो करते हैं वह भी इसलिए करते हैं कि उनकी कंपनियों का माल बाहर सस्ते में बनता है, बाहर महंगे में बनेगा तो वो कंपनियां अपने देश में बना लेंगी। ऐपल आईफोन फिर भारत में नहीं अमेरिका में ही बनवा लेगा। पर हां भारत के ऐंगल से मान लो कल से ईरान कह दे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से निकलने के लिए डॉलर नहीं युआन चाहिए और मान लो ईरान यह फोर्स कर ले गया, तो भाई डॉलर तो भारत अमेरिका को एक्सपोर्ट कर कमाता है, सॉफ्टवेयर से कमाता है और एनआरआई भी भेजते हैं। युआन क्लोज्ड करेंसी है। भारत चाइना को माल बेचता नहीं खरीदता है, तो भारत युआन कहां से जुटाएगा? अरुणाचल बेचकर या कश्मीर बेचकर? वैसे डॉलर बंद हो जाएगा तो ये जो चाइना से भी इंपोर्ट में डॉलर पे करते हैं, वह भी युआन में ही करना पड़ेगा? वह कहां से आएगा?



नितिन त्रिपाठी
लेखक

फिर दूसरी मजेदार बात चलती है- ब्रिक्स। इस समय जो युद्ध चल रहा है वह ब्रिक्स के छठे ताकतवर देश यूएई और सातवें ताकतवर देश ईरान के बीच ही है। आपस में युद्ध रुक नहीं रहा है और आपको उम्मीद है कि ये एक दूसरे की मुद्रा उपयोग करेंगे। चाइना हर चार पांच साल में भारत पर चढ़ाई कर देता है, आज भी अरुणाचल को भारत का हिस्सा नहीं मानता, ऑपरेशन सिंदूर में सीधे भारत पर हमला कर रहा था और आपको लगता है वह आपके संचालन में एक करेंसी मानेगा? इसमें दो राय नहीं जैसे-जैसे लोकल कंट्रीज की पॉवर बढ़ेगी आपस में व्यापार लोकल करेंसी में होगा/होता ही आया है। रूस भारत के बीच पेट्रोल का आदान-प्रदान एक लेवल तक रुपये से ही हो रहा था, इसलिए क्योंकि रूस का स्विफ्ट अमेरिका ने बंदकर रखा है वो डॉलर नहीं ले सकता, तो रूस भारत से रुपये में उतनी पेमेंट ले रहा था, जितना वह रुपया कहीं और खर्च कर सके। शेष पेमेंट रूस भी यूएई की मिद्रा में ही ले रहा था, क्योंकि वह डॉलर से लिंक्ड ओपन मुद्रा है। भाई ये सब दिवा स्वप्न हैं जैसे-जैसे भारत/ चाइना का जीडीपी प्रतिशत विश्व के प्रतिशत जीडीपी में बढ़ेगा, उसी अनुपात में धीमे-धीमे इनकी मुद्रा का इनसे व्यापार में प्रचलन बढ़ेगा, जो स्वाभाविक भी है।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# जब समुद्री रास्ते वैश्विक राजनीति का केंद्र बन जाएं

दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जिनका आकार भले ही छोटा हो, लेकिन उनका प्रभाव बेहद व्यापक होता है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज ऐसा ही एक समुद्री मार्ग है, जो आज वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के केंद्र में आ खड़ा हुआ है। यह केवल एक जलमार्ग नहीं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस रास्ते से गुजरने वाला तेल और गैस कई देशों की आर्थिक धड़कन से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब इस मार्ग को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता पैदा होती है, तो उसका असर सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया तक पहुंचता है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समुद्री क्षेत्र का महत्व और भी बढ़ गया है। विभिन्न देशों की रणनीतिक गतिविधियां और बयानबाजी इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अब संघर्ष केवल जमीन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि समुद्र भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। आज की वैश्विक राजनीति में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का भी प्रतीक बन गया है। जो देश ऐसे महत्वपूर्ण रास्तों को प्रभावित करने की स्थिति में होते हैं, वे अप्रत्यक्ष रूप से वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है-निर्भरता। दुनिया के कई देश ऊर्जा के लिए कुछ सीमित क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भर हैं। यही निर्भरता उन्हें ऐसी परिस्थितियों में अधिक संवेदनशील बना देती है, जहां कोई एक निर्णय या अवरोध व्यापक संकट का रूप ले सकता है।



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

यह स्थिति केवल आर्थिक चुनौती तक सीमित नहीं रहती। इसका असर राजनीतिक संबंधों पर भी पड़ता है। देश अपने हितों को ध्यान में रखते हुए अपने रुख तय करते हैं और कई बार उन्हें ऐसे निर्णय लेने पड़ते हैं, जो आदर्श से अधिक व्यावहारिक होते हैं। ऐसे समय में यह भी देखने को मिलता है कि वैश्विक शक्तियां अपने-अपने तरीके से स्थिति को संभालने या प्रभावित करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह प्रयास हमेशा समाधान की दिशा में हों, यह जरूरी नहीं। कई बार ये प्रयास नए सवाल और नई जटिलताएं भी खड़ी कर देते हैं।

इस पूरी स्थिति का सबसे बड़ा प्रभाव आम जीवन पर पड़ता है। ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव सीधे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करता है। महंगाई बढ़ती है, आर्थिक दबाव बढ़ता है और एक अनिश्चितता का माहौल बनता है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जहां ऊर्जा की बढ़ती जरूरतें और वैश्विक संबंधों का संतुलन दोनों को साथ लेकर चलना होता है। ऐसे में हर निर्णय सोच-समझकर लेना पड़ता है, ताकि आर्थिक स्थिरता और कूटनीतिक संतुलन दोनों बनाए रखे जा सकें। आज का समय यह संकेत दे रहा है कि दुनिया केवल संसाधनों की लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि उन रास्तों और माध्यमों की भी, जिनसे ये संसाधन गुजरते हैं। यह संघर्ष प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, इसका प्रभाव हर देश और हर व्यक्ति तक पहुंचता है। शायद यही वजह है कि अब यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या हम इन घटनाओं को केवल दूर की खबर मानकर नजरअंदाज कर सकते हैं या फिर यह समझना जरूरी है कि इनका असर हमारी जिंदगी से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है? क्योंकि जब समुद्री रास्ते संघर्ष का केंद्र बन जाते हैं, तब उनकी लहरें केवल किनारों तक सीमित नहीं रहतीं, वे पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2610, राज श्री 2020, फ़ॉर्चून कि. 2630, रविन्द्रा 2520, फॉर्चुन 13kg 2320, जय जवान 2185, सचिन 2300, सूरज 2185, अवसर 2100, उजाला 2190, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2500, मोर 2390, चक्र टिन 2580, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2565
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल** – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी** – पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 142500, सोना–गिन्नी 138500, चांदी (पक्की) 2223 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :** शरबती– 3500 मसूरी– 1000 बासमती– 7200–7800 परमल– 1000–3200
**दाल दलहन**–काला चना– 1600–3200 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5400 राजमा– 7200–11600 दाल उड़द– 5500 साबुत मसूर दाल– 2400 मसूर दाल– 1200 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 5600–10200 अरहर दाल– 10200 –12000 लोबिया/ करमानी– 1600–3400

## बिजनेस ब्रीफ

### मारुति गुजरात में करेगी 10,189 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि वह गुजरात में अपने नए विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण में 2.5 लाख वाहनों की उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के खोराज औद्योगिक क्षेत्र स्थित विनिर्माण संयंत्र में सालाना 2.5 लाख वाहनों की पहले चरण की क्षमता जोड़ने को मंजूरी दे दी है।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी 400 अंक मजबूत

## 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,500 अरब डॉलर हो गई निवेशकों की संपत्ति

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में भी 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे।



तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, केवल पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट आई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव में संभावित कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का कुछ भरोसा बहाल करने में मदद की है। यह सौदे को पूरा करने को लिवाली और निचले स्तर पर खरीदारी को दर्शाता है। एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में ज्यादातर नुकसान में थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों में अस्थायी विराम के बाद घरेलू बाजार में राहत भरी तेजी देखी गई। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,78,312.77 करोड़ रुपये (4,500 अरब डॉलर) हो गई। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.77 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 2.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,968 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,295 में गिरावट आई। वहीं 168 के भाव अपरिवर्तित रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.96 प्रतिशत बढ़कर 101.9 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 10,414.23 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,033.97 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# दिल्लीः एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच, 1.3 लाख छात्राओं को मुफ्त साइकिल और मेधावी छात्रों के लिए लैपटॉप सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिए 'आपात संचालन केंद्र' के अलावा एक नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा की गई।

दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रही गुप्ता ने इसे 'हरित बजट'करार दिया और बताया कि कुल आवंटन का 21 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। उन्होंने दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के देश में तीसरे स्थान पर होने का उल्लेख किया और कहा कि 'ट्रिपल इंजन' सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 19,326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो कुल बजट का 18 प्रतिशत है। इसके बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 13,034 करोड़ रुपये, परिवहन के लिए 12,613 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 11,572 करोड़ रुपये, सामाजिक कल्याण के लिए 10,537 करोड़ रुपये और जलापूर्ति के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।




बजट पेश करने से पहले, एक ग्रुप फोटो में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता (केंद्र में) व अन्य।

- नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच
- 1.3 लाख छात्राओं को साइकिल और मेधावी छात्रों को लैपटॉप
- 'आपात संचालन केंद्र' और नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा

मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कदमों की भी घोषणा की और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव से पहले जिस 'महिला समृद्धि योजना' का वादा किया था वह जल्द लागू की जाएगी। इसके लिए 5,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही पंजीकरण मंच शुरू किया जाएगा।

### गैस संकट से जूझ रहा एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग संगठन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमए) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण एलपीजी तथा पीएनजी की आपूर्ति के गंभीर संकट से प्रभावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग के लिए सरकार से राहत उपायों की मांग की है। एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न एक निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु को एक विशिष्ट आकार की डाई के माध्यम से दबाकर ट्यूब, छड़, फ्रेम आदि बनाए जाते हैं। एएलईएमए ने सरकार से ब्याज दरों में कटौती और ऋण भुगतान की अवधि में छूट (मोराटोरियम) जैसे त्वरित राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है।

# एचडीएफसी बैंक ने बाहरी विधि कंपनी को सौंपी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एचडीएफसी बैंक ने पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के त्याग पत्र में उठाए गए मुद्दों की स्वतंत्र जांच के लिए बाहरी विधि कंपनियों को नियुक्त किया है। बैंक ने कहा कि यह कदम तथ्यों पर आधारित एवं निष्पक्ष आकलन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

एचडीएफसी बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि बाहरी विधि कंपनियों की नियुक्ति एक सक्रिय कदम है, ताकि पत्र में उठाए गए सभी पहलुओं की स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जा सके और वस्तुनिष्ठ एवं तथ्य आधारित मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह कदम बैंक द्वारा दशकों से अपनाए जा रहे उच्चतम कॉरपोरेट कामकाज मानकों के अनुरूप लगातार समीक्षा एवं तुलना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि देश के दूसरे सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपना पद अचानक छोड़ दिया था। उनका इस्तीफा 18 मार्च से प्रभावी हुआ।

यह पहली बार है जब बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच में इस्तीफा दिया है जिससे बैंक के कामकाज को लेकर सवाल खड़े हो गए। चक्रवर्ती ने 17 मार्च को लिखे अपने इस्तीफे में कहा था-पिछले दो वर्ष में बैंक के भीतर मैंने कुछ ऐसी घटनाएं एवं कार्य प्रणालियां देखीं जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों व नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। इसी आधार पर मैंने यह निर्णय लिया है। शासन, नामांकन, पारिश्रमिक समिति के चेयरमैन एच. के. भनवाला को लिखे पत्र में चक्रवर्ती ने कहा था कि उपरोक्त के अलावा मेरे इस्तीफे का कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं है




- पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने अपने त्याग पत्र में बैंक संचालन को लेकर उठाए थे गंभीर मुद्दे

चक्रवर्ती को आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में सेवानिवृत्ति के करीब एक वर्ष बाद पांच मई 2021 से अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 2024 में तीन और वर्ष के लिए बढ़ाकर चार मई 2027 तक कर दिया गया था।

चक्रवर्ती 1985 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं और अप्रैल 2020 में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले वह निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव थे। ये दोनों विभाग वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं।

## रुपया 35 पैसे टूटकर 93.88 प्रति डॉलर के रिकार्ड निचले स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** रुपया मंगलवार को 35 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 93.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण निवेशकों में चिंता का माहौल रहने से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशकों की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.66 पर खुला और पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में यह 93.88 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद स्तर से 35 पैसे की गिरावट है।

# एथनॉल के लिए पीडीएस में टूटे चावल की मात्रा घटाएगी सरकार: खाद्य सचिव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित अनाज में टूटे चावल के आवंटन को 25 से घटाकर 10% करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी। इससे एथनॉल क्षेत्र को करीब 90 लाख टन टूटा चावल उपलब्ध हो सकेगा।

ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन में चोपड़ा ने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य एथनॉल उद्योग को साल भर कच्चे माल की स्थिर आपूर्ति प्रदान करना है जिससे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साबुत अनाज के भंडार पर इसकी निर्भरता कम हो जाएगी। जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आपूर्ति श्रृंखला बाधित न हो। एथनॉल क्षेत्र को टूटे हुए चावल की निरंतर आपूर्ति यह सुनिश्चित करने में सहायक होगी। पीडीएस के तहत वर्तमान में वितरित अनाज में 25% टूटे हुए चावल होते हैं जो 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रदान किए जाते हैं। नई योजना के तहत इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा। प्रतिवर्ष वितरित होने वाले करीब 360-370 लाख टन चावल में से बचे हुए अतिरिक्त टूटे चावल को एथनॉल उत्पादकों, पशु आहार निर्माताओं और अन्य को नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। पांच राज्यों में इसका प्रायोगिक परीक्षण पहले ही किया जा चुका है।

### एथनॉल को रसोई ईंधन के रूप में करें विकसित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम क्षेत्र ने मंगलवार को उद्योग जगत के दिग्गजों से एथनॉल को भारतीय परिवारों के लिए एक स्वच्छ रसोई ईंधन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इससे आयातित एलपीजी पर निर्भरता कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को बल मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री के निदेशक (डाउनस्ट्रीम) आर एस रवि ने ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह अपील की। उन्होंने एथनॉल आधारित रसोई स्टोव पर जारी शोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलपीजी उपकरण अनुसंधान केंद्र (एलईआरसी) और विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में इस दिशा में काफी काम हो रहा है तथा इसके प्रारूप (प्रोटोटाइप) जल्द ही तैयार होने की संभावना है।

## आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 55,837 करोड़ रुपये डाले

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में तीन दिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' नीलामी के जरिये मंगलवार को 55,837 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर डाली गई।

यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक अनुमानित नकदी करीब 26,196.36 करोड़ रुपये आंकी गई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 2,08,208 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

# गैर-पंजीकृत क्षेत्रों में रोजगार 6.18% बढ़ा 74.52 लाख नये अवसर सृजित: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली,एजेंसी।** गैर-पंजीकृत उद्यम क्षेत्र में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 12.80 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान 74.52 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। मंगलवार को जारी गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई), 2025 के अनुसार, अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या 12,05,99,800 थी जो 2025 में बढ़कर 12,80,51,800 हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। इस क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 7.97 प्रतिशत बढ़कर 2025 (जनवरी 2025-दिसंबर 2025) में 7.92 करोड़ हो गई जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में 7.34 करोड़ थी। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में 10.29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 6.48 प्रतिशत और व्यापार क्षेत्र में 6.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विस्तार को बताती है।

## गडकरी बोले-सड़क परियोजनाओं के लिए जुटा सकते हैं आठ लाख करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** राजमार्ग क्षेत्र में खर्च की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल आठ लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से राजमार्ग निर्माण का बहुत महत्व है। इस पर खर्च करने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। एनएचएआई द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की बीएसई पर सूचीबद्धता के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि हमारी समस्या यह है कि हम खर्च करने में असमर्थ हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सरकार राजमार्ग क्षेत्र की मजबूत परिसंपत्तियों के आधार पर बाजार से हर साल पांच लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है, इसके अलावा 3.2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय सहयोग भी मिलता है।

## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

# भाजपा की मुहर से साबित हो गया आयोग को कौन चला रहा है: ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के पत्र पर कथित तौर पर भाजपा की मुहर लगी होने के बाद यह बात संदेह से परे साबित हो गई है कि कौन सी पार्टी पर्दे के पीछे से आयोग को चला रही है। निर्वाचन आयोग के मार्च 2019 के एक पत्र पर भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई की मुहर लगी पाई जाने के बाद सोमवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था।

बनर्जी ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्तरी बंगाल के बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर भाजपा की मुहर लगी होने से यह स्पष्ट हो गया है कि पर्दे के पीछे से आयोग को कौन चला रहा है। पोल खुल चुकी है। उन्होंने अपने दावों को सही साबित करने के लिए इस विवाद पर एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिखाई।

मुख्यमंत्री ने आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि पर्दे के पीछे से अपने खेल खेलने की कोई जरूरत नहीं है। खुलकर सामने आएं और हमसे आमने-सामने मुकाबला करें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नंदीग्राम के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) का तबादला भवानीपुर में करने के कदम से राजनीतिक साजिश की बू आ रही है। उन्होंने परोक्ष रूप से दावा किया कि बीडीओ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं। भवानीपुर सीट पर बनर्जी और अधिकारी का मुकाबला होगा।



# असम: हिमंत के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों के नामांकन मंगलवार को हुई जांच के दौरान खारिज कर दिए गए, जिनमें से एक का नामांकन जलुकबारी सीट से था, जहां से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। शाम साढ़े चार बजे तक कुल 18 नामांकन पत्र खारिज किए जा चुके थे। हालांकि, नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, ढकुआखाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आनंद नराह, हाफलोंग सीट से निर्मल लंगथासा और जलुकबारी सीट से विदिशा नेओग के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं। ढकुआखाना सीट पर वर्तमान में भाजपा के पूर्व मंत्री नबा कुमार डोले का कब्जा है। हाफलोंग सीट के लिए भाजपा की कैबिनेट मंत्री नंदिता गारलोसा की कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में उम्मीदवारी स्वीकार कर ली गई है। गोरलोसा रविवार रात को विपक्षी दल में शामिल हुईं थीं।

# केरल: भाजपा अध्यक्ष के हलफनामे पर विवाद चंद्रशेखर की कांग्रेस को कोर्ट जाने की चुनौती

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे को लेकर सियासी विवाद छिड़ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चंद्रशेखर ने बेंगलुरु स्थित एक महंगी संपत्ति का विवरण छिपाया है और उसने इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। चंद्रशेखर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संपत्ति छिपाने के दावे निराधार हैं और अगर कांग्रेस में अपने दावों को साबित करने का साहस है तो वह अदालत का रुख कर सकती है। नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव में चंद्रशेखर नेमम सीट से वी. शिवनकुट्टी और पूर्व कांग्रेस विधायक के. सबरीनाथन के खिलाफ मैदान में हैं। सबरीनाथन ने कहा कि हलफनामे से जुड़े आरोप गंभीर हैं।



तमिलनाडु में घोषणा पत्र जारी करते अन्नाद्रमुक के नेता।

# तमिलनाडु : मुफ्त फ्रिज, नकद सहायता देगी अन्नाद्रमुक

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रही मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें कुल 297 वादे शामिल हैं। मुफ्त योजनाओं में रेफ्रिजरेटर, एकमुश्त 10,000 रुपये की सहायता, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, शिक्षा ऋण माफी, कार्ड धारकों के लिए 1,000 रुपये का पोंगल उपहार पैकेट आदि शामिल हैं। अन्नाद्रमुक के महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने बुधवार को दक्षिण चेन्नई के मायलापुर इलाके में एक बैठक के साथ अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करने की पूर्व संध्या पर मंगलवार को अन्नाद्रमुक कार्यालय में घोषणापत्र जारी किया। मुख्य वादा चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर उपलब्ध कराना है। उन्होंने आगे कहा कि गृहिणियों के घरेलू कामों का बोझ कम करने के लिए, चावल राशन कार्डधारकों को मुफ्त रेफ्रिजरेटर दिया जाएगा। ईपीएस द्वारा अन्नाद्रमुक के सत्ता में आने पर किए गए वादों की सूची में करों के बोझ और महंगाई से निपटने के लिए प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये की विशेष सहायता, समाज में आर्थिक समानता लाने के लिए कुला विलाक्कु योजना के अंतर्गत सभी कार्डधारक परिवारों को 2,000 रुपये की मासिक सहायता– जो सीधे परिवार की महिला मुखिया के बैंक खाते में जमा होगी। इसकेअलावा महिलाओं के समान पुरुषों के लिए मुफ्त बस यात्रा, ग्रामीण क्षेत्रों में जिनके पास घर या भूखंड नहीं है उनके लिए पक्के मकान बनाकर देंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अफगानिस्तान ने एक साल बाद अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**काबुल।** अफगानिस्तान के अधिकारियों ने अमेरिकी शिक्षाविद डेनिस कोएले को एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखने के बाद मंगलवार को रिहा कर दिया। अफगानिस्तान के तालिबान-नियंत्रित विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह रिहाई ईद उल-फितर के अवसर पर हुई, जो मुसलमानों का पवित्र त्योहार है और इस्लामी पवित्र महीने रमजान के समापन का प्रतीक है। मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि अकादमी शोधकर्ता कोएले को देश की राजधानी काबुल में उनके परिवार की अपील के बाद रिहा कर दिया गया। अफगानिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने उनकी कैद अवधि को पर्याप्त माना। कोएले को जनवरी 2025 में कानूनों के उल्लंघन के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

### ओडिशा: 55 लाख रुपये के इनामी सुक्रू ने किया आत्मसमर्पण

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सर्वाधिक वांछित और 55 लाख रुपये के इनामी माओवादी सुक्रू ने मंगलवार को कंधमाल जिले में चार अन्य साथियों के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने बताया कि प्रदेश समिति के सदस्य सुक्रू ने एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। मलकानगिरी जिले के मूल निवासी सुक्रू को राज्य में सक्रिय बचे अंतिम माओवादी नेताओं में से एक माना जाता था। यह आत्मसमर्पण ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार द्वारा वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने की 31 मार्च की समय सीमा नजदीक आ रही है।

### पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को मंगलवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। भुल्लर को पंजाब भंडारण निगम (पंजाब वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन) के एक अधिकारी की कथित आत्महत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। भुल्लर को मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमृतसर की एक अदालत में पेश किया गया। हरे रंग की पगड़ी पहने भुल्लर अदालत से बाहर निकलते समय हाथ जोड़े बैठे दिखाई दिए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत ने भुल्लर को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजने को मंजूरी दे दी।

# वियतनाम: दो बच्चे पैदा करने पर महिला को मिलेंगे 20 लाख डोंग

हनोई, एजेंसी

- देश में प्रजनन दर बढ़ाने के लिए शुरू की वित्तीय मदद की योजना

वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जन्म दर में भारी गिरावट के बीच प्रतिस्थापन प्रजनन दर बनाए रखने के प्रयासों के तहत एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इसके तहत 35 वर्ष की आयु से पहले दो बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं को 20 लाख वियतनामी डोंग (लगभग 76 अमेरिकी डॉलर) की वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक मसौदे का अनावरण किया जिसमें कई वित्तीय सहायता नीतियों का प्रस्ताव है। इनसे प्रतिस्थापन-स्तर की प्रजनन दर को बनाए रखने और जनसंख्या की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। . मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे गिर गई है। साल 2025 में यह दर प्रति महिला 2.11 बच्चों से घटकर 1.93 रह गई है, जो 2024 के 1.91 के रिकॉर्ड निचले स्तर से केवल मामूली सुधार है। इस मौजूदा रुझान को देखते हुए 2030 तक प्रतिस्थापन प्रजनन स्तर को बनाए रखने के लक्ष्य को हासिल करना कठिन लग रहा है।

यह अनुमान लगाया गया है कि यदि प्रजनन दर में इसी तरह गिरावट जारी रही तो वियतनाम की स्वर्णिम जनसंख्या की अवधि 2036 तक समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही कार्यबल की आयु वाली जनसंख्या 2044 से कम होने लगेगी।

## श्रद्धा-आस्था का अकूत खजाना

हाल ही में ओडिशा सरकार ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खुलवाकर उसका सूचीकरण करने का फैसला लिया है। रत्न भंडार को खोलने और इसके खजाने की गिनती की निगरानी के लिए ओडिशा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार अपार संपत्ति के लिए जाना जाता है। इससे पहले यहां 1978 में गणना हुई थी जिसके अनुसार यहां तब 128 किलो सोना और 221 किलो चांदी के गहने थे, लेकिन माना जाता है कि वास्तविक मात्रा इससे कहीं अधिक है। सिर्फ पुरी का जगन्नाथ मंदिर ही नहीं, देश के कई और मंदिरों में भी बेहिसाब खजाना है जो देश के लोगों की अपार आस्था और श्रद्धा का प्रमाण है।

## भारत के मंदिरों की संपन्नता



### तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम

- भक्तों के दान के मामले में यह दुनिया का सबसे व्यस्त और संपन्न मंदिर है। यह अपनी वित्तीय पारदर्शिता के लिए भी जाना जाता है।
- मंदिर की संपत्ति 2,50,000 करोड़ से 3,00,000 करोड़ रुपये तक मानी जाती है। विभिन्न बैंकों में 10,258 किलो से ज्यादा सोना जमा है।
- इसके अलावा 16,000 करोड़ की एफडी और 7,123 एकड़ जमीन समेत 960 से अधिक संपत्तियां हैं। वार्षिक आय 5,000 करोड़ से अधिक है।

### शिरडी साईं बाबा मंदिर, शिरडी

- यह मंदिर दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और इसे भारत के सबसे अमीर ट्रस्टों में गिना जाता है।
- इस मंदिर की 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि है, 450 किलो सोना और 6,000 किलो चांदी है।
- इसके अलावा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा और निवेश हैं और सालाना आय 400-500 करोड़ के आसपास रहती है।



### श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर, तिरुवनंतपुरम

- यह न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया का सबसे अमीर मंदिर माना जाता है। 2011 में इसके गुप्त तहखानों को खोलने के बाद इसकी संपत्ति दुनिया के सामने आई थी।
- बिना ऐतिहासिक महत्व जोड़े अनुमानित संपत्ति 1,20,000 करोड़ तक है। प्राचीन कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय कीमत जोड़ने पर ये कई लाख करोड़ हो सकती है।
- संपत्ति में शुद्ध सोने की मूर्तियां, सोने का 18 फुट लंबा हार, हीरे-जवाहरात से जड़े सोने के मुकुट, हजारों सोने के सिक्के और बोरों में भरे कीमती रत्न शामिल हैं।

### वैष्णो देवी मंदिर, कटरा

- साल भर करोड़ों श्रद्धालुओं की आमद के कारण यह मंदिर उत्तर भारत का सबसे संपन्न धार्मिक स्थल है जिसकी सालाना 500 करोड़ रुपये से अधिक है।
- श्राइन बोर्ड के पास 1.2 टन सोना है। बोर्ड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, विश्वविद्यालय, आपदा प्रबंधन सुविधाओं को भी चलाता है।

### सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई

- मुंबई का यह मंदिर बॉलीवुड हस्तियों और उद्योगपतियों के दान के लिए भी जाना जाता है।
- श्री सिद्धिविनायक मंदिर का शिखर यानी गुंबद ही लगभग 3 .7 किलो सोने से मढ़ा हुआ है।
- अनुमान के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट को हर साल 100 से 150 रुपये करोड़ तक दान मिलता है।
- मंदिर के पास करीब 125 किलो सोने का भंडार और करोड़ों रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट हैं।

# इजराइली जेलों में फिलिस्तीनियों का क्रूर नरसंहार

## राज्य का सिद्धांत बनी क्रूरता : बिना किसी आरोप 18,500 फिलिस्तीनी हैं कैद जिनमें 1,500 से ज्यादा मासूम बच्चे

- अमानवीय यातनाओं से इन जेलों में अब तक हो चुकी है 100 से ज्यादा फिलीस्तीनियों की मौत

जेनेवा, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने इजराइली हिरासत केंद्रों के भीतर छिपे उस खौफनाक सच को बेनकाब कर दिया है, जिसे अब 'राज्य के सिद्धांत' के रूप में अपनाया जा चुका है। अक्टूबर 2023 से जारी जुल्म की यह श्रृंखला अब तक 18,500 से अधिक फिलिस्तीनियों को अपनी चपेट में ले चुकी है, जिनमें 1,500 से ज्यादा मासूम बच्चे शामिल हैं।

ये आंकड़े महज संख्या नहीं, बल्कि उन हजारों जिंदगियों की दास्तान हैं, जिन्हें बिना किसी आरोप या मुकदमे के सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। करीब 100 कैदियों की हिरासत में हुई मौतें इस भयावहता की गवाही देती हैं कि इजराइली जेलें सुधार गृह नहीं, बल्कि सोची-समझी क्रूरता की प्रयोगशाला बन चुकी हैं। इन जेलों में जहां कैदियों के साथ ऐसी अमानवीय और घिनौनी हरकतें की जा रही हैं, जो इंसानियत को शर्मसार कर दें। संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि दशकों से मिल रही छूट और राजनीतिक संरक्षण के चलते फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजराइल की व्यवस्थित प्रताड़ना अब कब्जे वाले फिलीस्तीनी क्षेत्र में जारी नरसंहार का परिभाषित हथियार बन गयी है।

सन् 1967 से कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने मानवाधिकार परिषद को सौंपी अपनी नई रिपोर्ट में कहा, नरसंहार की शुरुआत के बाद से इजराइली जेल प्रणाली सोची-समझी क्रूरता की प्रयोगशाला में बदल गई है। अल्बानीज के अनुसार, जो कभी अंधेरे और साये में किया जाता था, वह अब खुलेआम हो रहा है। संगठित अपमान, पीड़ा और अधोगति का यह शासन अब उच्चतम राजनीतिक स्तरों से स्वीकृत है।

यानी जो दर्द पहले छिपाया जाता था, अब उसे सत्ता की शह पर सरेआम अंजाम दिया जा रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्वीर सहित वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लागू की गई नीतियों ने प्रताड़ना, सामूहिक दंड और हिरासत की अमानवीय स्थितियों को एक संस्थानिक रूप दे दिया है। यह फिलिस्तीनियों को इंसान न समझने की एक सोची-समझी नीति है। विशेष दूत ने स्पष्ट किया है कि मानवाधिकारों के इन जघन्य उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों को जांच और न्याय का सामना करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध के समय भी इन अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता और अपराधियों को 'अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय' (आईसीसी) के कटघरे में खड़ा होना होगा।

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से खौफनाक सच बेनकाब

### ऐसी प्रताड़नाएं कि दहल जाए मानवता... चाकू, लोहे की छड़ों, बोतलों से बलात्कार, कुत्तों से नुचवाकर ऊपर करते हैं पेशाब

इजराइली जेलों में हजारों लोग बिना किसी आरोप या मुकदमे के कैद हैं, कई जबरन गायब कर दिए गए हैं और लगभग 100 कैदियों की हिरासत में मौत हो चुकी है। कैदियों के साथ ऐसी दरिंदगी की गई है जो कल्पना से परे है। रिपोर्ट में बोतलों, लोहे की छड़ों और चाकुओं से बलात्कार, भुखमरी, हड्डियां और दांत तोड़ना, शरीर को जलाना, थूकना और कुत्तों से हमला करवाना व उन पर पेशाब करवाने जैसी भयानक प्रताड़नाओं का जिक्र है। इन अकल्पनीय प्रताड़नाओं का उद्देश्य फिलिस्तीनियों को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक तौर पर भी पूरी तरह तोड़ देना है। यह संगठित बर्बरता अब अंधेरे में नहीं, बल्कि सत्ता के ऊंचे गलियारों की शह पर खुलेआम अंजाम दी जा रही है।

### विडंबना: इस बर्बरता को कई देशों की सरकारों और कानूनी संस्थाओं का समर्थन, मीडिया भी करता है लीपापोती

वर्ष 2025 में प्रताड़ना के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र समिति ने भी संगठित और व्यापक प्रताड़ना की एक वास्तविक ''राज्य की नीति'' की निंदा की थी, जो 7 अक्टूबर 2023 के बाद से बेहद गंभीर हो गई है। इस बर्बरता को दुनियाभर के राजनेताओं से बचाव मिल रहा है। कानूनी संस्थाएं इसे तर्कसंगत बता रही हैं। मीडिया इसे साफ-सुथरा कर पेश कर रहा है। दुनिया की वे सरकारें इसे सहन कर रही हैं, जो इजराइल को हथियार और सुरक्षा देना जारी रखे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रताड़ना केवल जेल की दीवारों तक सीमित नहीं है। निरंतर बमबारी, जबरन विस्थापन, भुखमरी, घरों-अस्पतालों की तबाही और सैन्य व बसने वाले आतंकी समूहों के खौफ ने पूरे फिलिस्तीनी क्षेत्र को एक 'प्रताड़नाकारी माहौल' में बदल दिया है। अल्बानीज ने भावुक होकर कहा, गाजा, वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में फिलीस्तीनी पीड़ा की अटूट श्रृंखला से गुजर रहे हैं। वहां कोई शरण नहीं है, कोई सुरक्षित कोना नहीं है, जीने के लिए कोई महफूज जगह नहीं बची है।

### अमानवीय प्रताड़ना रोके इजराइल, अंतर्राष्ट्रीय अदालत में चले मुकदमा, दोषी अधिकारियों को किया जाए गिरफ्तार

अल्बानीज ने इजराइल से प्रताड़ना के सभी कृत्यों को तुरंत रोकने, अंतरराष्ट्रीय जांचकर्ताओं को प्रवेश देने और कब्जे को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू होने तक दोषियों की जवाबदेही तय करने का आग्रह किया और सदस्य देशों से नरसंहार और प्रताड़ना को रोकने के अपने कानूनी दायित्वों को निभाने की अपील की। इतामार बेन ग्वीर, बेजालेल स्मोट्रिच और इजराइल काट्ज जैसे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच और गिरफ्तारी वारंट जारी करने को कहा गया है।

## टेक्सास की रिफाइनरी में भीषण विस्फोट, लोगों को इलाके में जहां हैं वहीं शरण लेने की सलाह



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के पोर्ट आर्थर में वैलेरो एनर्जी की रिफाइनरी में सोमवार को जोरदार विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग की लपटें और घना धुआं उठता दिखाई दिया। स्थानीय प्रशासन ने आसपास के लोगों को एहतियातन घरों में रहने की सलाह दी है।

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट का संभावित कारण एक औद्योगिक हीटर बताया जा रहा है, हालांकि मामले की जांच जारी है। प्रशासन ने ''शेल्टर-इन-प्लेस'' अलर्ट जारी करते हुए लोगों से कहा है कि वे घरों के भीतर रहें, दरवाजे-खिड़कियां बंद रखें और बाहरी गतिविधियों से बचें। शहर प्रशासन ने लोगों से अपील की, अपनी सुरक्षा के लिए तब तक अपने स्थान पर बने रहें जब तक आपातकालीन कर्मियों की ओर से सबकुछ सामान्य होने की घोषणा नहीं की जाती।

- जोरदार विस्फोट के बाद उठीं आग की लपटें और घना धुआं, नहीं पता चला घटना का कारण

टेक्सास के राज्य प्रतिनिधि क्रिश्चियन मैनुअल ने बताया कि टेक्सास कमीशन ऑन एनवायरनमेंटल क्वालिटी ने स्थल पर वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए उपकरण तैनात किए हैं और स्थानीय तथा राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन किया जा रहा है। पोर्ट आर्थर फायर डिपार्टमेंट ने विशेष रूप से शहर के पश्चिमी हिस्से में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और घरों में रहने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में रिफाइनरी परिसर से उठती आग की लपटें और काला धुआं देखा जा सकता है।

# बांग्लादेश: पूर्व जनरल मसूद उद्दीन चौधरी गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी



- 2007 में कराया था तख्तापलट मौजूदा प्रधानमंत्री तारिक को हिरासत में लेकर दी थीं यातनाएं

बांग्लादेश में एक प्रभावशाली पूर्व सैन्य जनरल मसूद उद्दीन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने 2007 में कार्यवाहक सरकार के स्थान पर सेना समर्थित अंतरिम सरकार के सत्तारूढ़ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की ओर झुकी हुई थी, जिसका नेतृत्व अब प्रधानमंत्री तारिक रहमान कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने 2007 में सरकार बदलने और एक अंतरिम सरकार स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अंतरिम सरकार ने 2008 के चुनाव तक अगले दो वर्षों तक देश चलाया। जांच शाखा के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने बताया, चौधरी को उनके खिलाफ दर्ज पांच मामलों के संबंध में गिरफ्तार किया गया है। चौधरी ने बाद में ऑस्ट्रेलिया में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया और बाद में जातीय पार्टी से संसद सदस्य बने।

जातीय पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग की चुनावी सहयोगी थी, जिसने दिसंबर 2008 के चुनाव में दो-तिहाई बहुमत से जीत हासिल की थी। तत्कालीन अंतरिम सरकार के दो साल के शासनकाल के दौरान रहमान को भी गिरफ्तार किया गया था, हिरासत में यातना दी गई थी और उन पर कई आपराधिक और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। बाद में तारिक को निर्वासित कर दिया गया था।

# किम जोंग का एलान- उ. कोरिया को बनाएंगे परमाणु शक्ति संपन्न

सियोल, एजेंसी



- दक्षिण कोरिया को घोषित किया सबसे बड़ा दुश्मन, अमेरिका पर आतंकवाद का आरोप

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एलान किया है कि वह अपने देश को स्थायी रूप से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे। उन्होंने दक्षिण कोरिया को आधिकारिक रूप से सबसे बड़े दुश्मन करार दिया और उसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रखने की चेतावनी दी।

किम ने सोमवार को संसद में अपने भाषण में पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका विरोधी भावनाओं के उभार के बीच उसके खिलाफ संयुक्त मोर्चे में उत्तर कोरिया और मजबूत भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नाम नहीं लिया।

उन्होंने कहा कि उनके दुश्मन चाहे टकराव का विकल्प चुनें या फिर शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का, लेकिन वह किसी भी विकल्प का जवाब देने के लिए तैयार हैं। किम का यह बयान पिछले महीने सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के सम्मेलन में दिए गए उस बयान से मिलता जुलता है, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया पर जमकर निशाना साधा था लेकिन ट्रंप प्रशासन के साथ वार्ता के लिए दरवाजे खुले होने की बात कही थी और वाशिंगटन से आग्रह किया था कि वह वार्ता के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की अपनी मांग छोड़ दे। सरकारी मीडिया ने बताया कि संसद के दो दिवसीय सत्र के दौरान सोमवार को संविधान संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया।

## रूस ने यूक्रेन पर दागे 400 ड्रोन, चार लोगों की मौत, 27 घायल

**कीव।** रूस की ओर से यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए।

अधिकारियों के मुताबिक मॉस्को की सेना ने यूक्रेनी अग्रिम पंक्ति की रक्षा पंक्ति को भेदने के प्रयासों को तेज कर दिया है, जो वसंत ऋतु में होने वाले संभावित जमीनी आक्रमण की शुरुआत हो सकती है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में लगभग 400 लंबी दूरी के ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों में सबसे बड़ा हमला है। यह हमला मंगलवार सुबह तक जारी रहा, जब दिन के उजाले में भी कई ड्रोन ने राजधानी कीव को निशाना बनाया।

यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि इसके अलावा, रूस ने रात में 23 क्रूज मिसाइल और सात बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं, जिनसे देशभर में कम से कम 10 स्थान प्रभावित हुए। चार साल से भी अधिक समय पहले रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद यूक्रेनी नागरिक लगातार बमबारी का सामना कर रहे हैं।

# कोलंबियाई सैन्य विमान दुर्घटना में 66 की मौत

- 125 लोग थे सवार, कई लापता कई को बचाने में मिली सफलता

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के पुटुमायो प्रांत में सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए वायुसेना के हरक्यूलिस सी-130 परिवहन विमान में सवार 66 सैन्य कर्मियों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

वायुसेना के मुताबिक दुर्घटना के शिकार हुए कई सैन्य कर्मियों को बचा भी लिया गया है और करीब दो दर्जन लोगों के बारे में कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है। इस मालवाहक विमान का उपयोग सैनिकों और साजोसामान की आवाजाही में किया जाता है। वायुसेना कमांडर जनरल कार्लोस फर्नांडो सिल्वा रुएडा के अनुसार, विमान में सेना के 114 जवान और चालक दल के 11 सदस्यों सहित 125 लोग सवार थे। यह विमान पेरू की सीमा के पास उड़ान भरते वक्त हादसे का शिकार हो गया।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज़ ने घटना को देश के लिए बेहद दुखद बताते हुए कहा कि विमान गिरने के बाद लगी भीषण आग के कारण उसमें रखा गोला-बारूद भी फट गया, जिससे बचाव कार्य में अत्यधिक कठिनाई आई और मृतकों की संख्या बढ़ गई।

## सुप्रीम फैसला

### शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त अधिकारियों की 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी मानी जाएगी

# स्थायी कमीशन से वंचित महिला अधिकारी को भी पूर्ण पेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई मानी जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

शीर्ष अदालत ने यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनाया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। फैसले के मुख्य भागों को पढ़ते हुए सीजेआई ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, एसीआर इस धारणा के साथ लिखी गई कि उनके करियर में कोई प्रगति नहीं होगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि पेंशन 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी।

### असाधारण शक्तियों का प्रयोग कर सुनाया फैसला

पीठ ने वायुसेना, नौसेना और थलसेना की शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन से वंचित किए जाने के मामले पर अलग-अलग विचार किया। वायुसेना के संबंध में, पीठ ने पाया कि 2019 में पेश किए गए सेवा अवधि मानदंड और न्यूनतम प्रदर्शन मानदंड को जल्दबाजी में लागू किया गया था, जिससे अधिकारियों को उन्हें पूरा करने का उचित अवसर नहीं मिला। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीठ ने कहा कि एक बार के उपाय के रूप में, 2019, 2020 और 2021 में चयन बोर्डों में स्थायी कमीशन के लिए विचार किए गए सभी एसएससी अधिकारियों को 20 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर चुका माना जाएगा, जिनमें 2021 में सेवा से मुक्त किए गए अधिकारी भी शामिल हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज रुके हुए कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**वृष** – आज करियर में नए बदलाव के संकेत हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन** – आज सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा के योग बन रहे हैं। मानसिक शांति के लिए अध्यात्म या रचनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी। भावुकता पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – आज पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। समाज में नेतृत्व की क्षमता निखरेगी। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

**कन्या** – आज धैर्य से काम लेना हितकारी होगा। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाएं।

**तुला** – आज नई योजनाएं सफल होंगी। दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यापार में विस्तार की संभावना है।

**वृश्चिक** – आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पुराने कर्ज से मुक्ति मिलने के आसार हैं। अपनी गुप्त योजनाओं को किसी को न बताएं।

**धनु** – आज संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा। धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।


**मकर** – आज भूमि या वाहन खरीदने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार अधिक रहेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज पराक्रम और पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। करियर में उन्नति के द्वार खोलेंगे।

**मीन** – आज का दिन आर्थिक निवेश के लिए उत्तम है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी उत्सव में शामिल हो सकते हैं।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 13 .50 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मृगशिरा 17 .33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## सुडोकू - 98 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |

## सुडोकू -99

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 6 | | 8 |
| | | 9 | 1 | | | 4 | | |
| | 8 | | | 7 | | | 1 | |
| | 1 | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | 5 | | | 4 | | | 9 | |
| | | 3 | | | 5 | 2 | | |
| 4 | | 1 | | 3 | | | | |



> पहले दिन से ही हमारी सोच साफ़ रही है, हम यहां हिस्सा लेने नहीं आए हैं। हम यहां मुकाबला करने और जीतने आए हैं। एक नई टीम के लिए, यह सोचना आसान है कि इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमारा नज़रिया कभी ऐसा नहीं था।
> –**आशीष नेहरा**, गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 25 मार्च 2026

**अमृत विचार**

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज पर किया क्लीन स्वीप

**सेंट विन्सेंट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को डीएलएस मेथड से वेस्टइंडीज को 40 रन से हराकर महिला टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। बारिश ने वेस्टइंडीज के 212 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया, जिससे 10 ओवर में उनका स्कोर 61/3 हो गया। इसी दौरान किंग्सटाउन बारिश होने लगी। बाद में मैच का नतीजा डीएलएस मेथड से तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया के टोटल में जॉर्जिया वोल का 52 गेंदों पर पहला टी20 शतक सबसे ऊपर रहा। वह मेग लैनिंग (दो बार), बेथ मूनी (दो बार) और एलिसा हीली के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 शतक बनाने वालों में शामिल हो गईं। नौ चौके और छह छक्के लगाकर, उन्होंने 17वें ओवर में अपना शतक पूरा किया।

### खेल पत्रकार एस त्यागराजन का निधन

**चेन्नई, एजेंसी।** नामचीन खेल पत्रकार एस त्यागराजन(85) का सोमवार शाम को निधन हो गया। त्यागराजन "त्यागु सर" के नाम से भी मशहूर थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। एक गाइड और मेंटर के तौर पर, उन्होंने इस रिपोर्टर को भी यूएनआई के एक जाने-माने जर्नलिस्ट के तौर पर बनाने में अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने 1984 में स्पोर्ट्स कवर करके अपना सफ़र शुरू किया था। मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट्स लिखने में माहिर होने के कारण, बाद में उन्होंने इंडियन हॉकी को कवर करना शुरू किया और इंडियन टीम के लगभग सभी इवेंट्स को कवर करते हुए बहुत यात्रा की, जिसमें सुल्तान अज़लान शाह, एशिया कप और दूसरे इवेंट्स शामिल हैं।

### बारानिका ने कायम किया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** तमिलनाडु की बरनिका एलंगोवन ने राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप के शुरुआती दिन महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस 29 वर्षीय एथलीट ने 4.22 मीटर की ऊंचाई पार कर यह नई उपलब्धि हासिल की। बरनिका का यह प्रयास पहले से कायम आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4.21 मीटर से भी बेहतर रहा, जो 2022 से राजी मीणा पौलराज के नाम दर्ज था। यह राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप पहली बार आयोजित की जा रही है, इसलिए महिला पोल वॉल्ट के लिए आधिकारिक तौर पर कोई इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड पहले से मौजूद नहीं था।

### खेलो इंडिया में 1300 खिलाड़ी लेंगे भाग

**रायपुर, एजेंसी।** देशभर के लगभग 1300 खिलाड़ी बुधवार से शुरू हो रहे खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (ट्राइबल गेम्स) में 106 स्वर्ण पदकों के लिए नौ स्पर्धाओं में दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं। इन खेलों का आयोजन छत्तीसगढ़ के तीन स्थलों (रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा) में होगा। ओडिशा ने 125 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेजा है, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ (121), झारखंड (107) और असम (106) की भी मजबूत भागीदारी रहेगी। इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में पदक दांव पर होंगे, जबकि पारंपरिक खेलों में मल्लखंब और कबड्डी का आयोजन प्रदर्शनी खेल के रूप में होगा। आयोजन में खिलाड़ियों, कोच और अधिकारियों सहित लगभग 3800 प्रतिभागी शामिल होंगे। यह खेल तीन अप्रैल तक चलेंगे।

# टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत : एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर



**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को उम्मीद है कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज एक क्रिकेटर के रूप में तब और भी बेजोड़ बन जाता है जब खेलते समय उनके चेहरे पर मुस्कान होती है। एलएसजी ने पिछले साल पंत को 27 करोड़ रुपये की मोटी कीमत पर खरीदा था, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे।

लेकिन आईपीएल 2025 में पंत और एलएसजी के लिए खुश होने का कोई खास कारण नहीं था, क्योंकि उनकी टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। लैंगर ने कहा कि हालांकि पंत पिछले साल अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे तथा इस दौरान उनके साथ बिताए गए समय से फ्रेंचाइजी और कोचिंग स्टाफ को उनके बारे में और अधिक समझने में मदद मिली। एक न्यूज चैनल से बातचीत में लैंगर ने बताया कि इस बार हम ऋषभ को पहले से अधिक सहज देख रहे हैं। वह अब खिलाड़ियों को अच्छी तरह से जानता है और हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह खूब मस्ती कर रहा है। जब वह क्रिकेट खेलता है तो उससे अधिक रोमांचक खिलाड़ी कोई दूसरा नहीं होता है।

### यश दयाल बाहर, लेकिन हटाए नहीं गए: आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मंगलवार को पेसर यश दयाल का साथ दिया, जबकि उन्होंने कन्फर्म किया था कि वह इस समय आने वाले इंडियन प्रीमियर लीग सीजन के लिए टीम में शामिल नहीं होंगे। रिपोर्ट्स में उनकी गैरमौजूदगी को चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा जा रहा है। आरसीबी के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबट ने कहा कि दयाल एक "पर्सनल सिचुएशन" से जूझ रहे हैं, उन्होंने दोहराया कि फ्रेंचाइजी खिलाड़ी को सपोर्ट करती रहेगी और उनके साथ रेगुलर कॉन्टैक्ट में रहेगी।

### आकाशदीप और एडवर्ड्स की जगह दुबे व पेन विकल्प



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाशदीप और जैक एडवर्ड्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरु में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल मीडिया बयान में कहा गया कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रुपये में केकेआर से जुड़ेंगे। वहीं, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवर्ड्स की जगह लिया है जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। वह डेढ करोड़ रुपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल नाथन एलिस की जगह उनके हमवतन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। इससे पहले गुजरात टाइटन्स और केकेआर के लिए खेल चुके जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।

# पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण, छह को रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड

## लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांस्य प्रतिमा के साथ दिए प्रशस्ति पत्र और चेक

**3.11** लाख रुपये, कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार में दिए गए

**06** अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए, क्रिकेटर रिंकू सिंह नहीं पहुंच सके

**1.64** करोड़ रुपये से 14 अन्य खिलाड़ियों को नकद धनराशि देकर किया गया सम्मानित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले पांच खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवॉर्ड और चार खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 14 अन्य खिलाड़ियों को 1.64 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। छह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी दिए गए। योगी ने बटन दबाकर एकलव्य क्रीड़ा कोष से खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता का अंतरण भी किया।

लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई एवार्ड में प्रत्येक खिलाड़ी को 3.11 लाख रुपये, कांस्य प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। नियुक्ति पत्र पाने वालों में हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और पैरालंपिक ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार को डीएसपी पद पर नियुक्ति दी गई। अजीत सिंह और सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीतिपाल को खंड विकास अधिकारी तथा क्रिकेटर रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी पद दिया गया है। रिंकू सिंह समारोह में उपस्थित नहीं हो सके।





लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### 14 खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन

- पदक विजेताओं में विनय (पैरा पावरलिफ्टिंग) को 40 लाख रुपये, विक्रांत बालियान (वुशु), सागर दांगी (शूटिंग), दीपक कुमार व ले. कर्नल भानु पाठक (पर्वतारोहण) को 15-15 लाख रुपये दिए गए। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को 2 लाख से 14 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।



चेक लेतीं तनुश्री पांडेय।


### लक्ष्मण अवॉर्ड

- उत्तम सिंह (हॉकी), अभिजीत कुमार (जिम्नास्टिक), जोंटी कुमार (कुश्ती), यश कुमार (पैरा कैनोइंग) और प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)।

### रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड

- प्राची (एथलेटिक्स), तान्या चौधरी (एथलेटिक्स), प्रगति केसरवानी (पैरा टेबल टेनिस) और वंतिका अग्रवाल (शतरंज) को सम्मानित किया गया।



लोकभवन में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवार्ड देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# राजस्थान रॉयल्स को 1.63 अरब डॉलर में खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स को अमेरिका स्थित सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम (समूह) को 1.63 अरब डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपये ) में बेचे जाने की तैयारी है। इस कंसोर्टियम में वॉलमार्ट परिवार से जुड़े रॉब वॉलटन और फोर्ड परिवार से जुड़े हैम्प परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

एरिज़ोना स्थित टेक उद्यमी कल सोमानी ने इन्ट्राएज, 'ट्रूयो डॉट एआई' और एकेडेमियन जैसी कंपनियों की स्थापना की है। इस बोली में टाइम्स इंटरनेट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, आदित्य बिड़ला समूह और आर्सेलरमित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार भी दावेदारों में शामिल थे। यह सौदा




भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी के अधीन होगा और 2026 आईपीएल सत्र के बाद प्रभावी होगा। वर्तमान में ब्रिटिश-भारतीय कारोबारी मनोज बादले के पास टीम में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों के अनुसार इस सौदे पर बीसीसीआई की मंजूरी के बाद जल्द ही हस्ताक्षर किया जाएगा। 1.63 अरब डॉलर की कीमत दर्शाती है कि आईपीएल एक ब्रांड के रूप में कितना आगे बढ़ चुका है। एक अन्य सूत्र ने 2021 में आरपीएसजी समूह द्वारा एलएसजी की सात हजार करोड़ रुपये से कुछ अधिक में हुई बिक्री से तुलना करते हुए कहा कि अगर आप आईपीएल में हाल ही में शामिल हुई लखनऊ सुपर जायंट्स की बिक्री को देखें, तो यह उससे कहीं अधिक है। उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिनों में इस समझौते की घोषणा कर दी जाएगी। आईपीएल की एक और प्रमुख फ्रेंचाइजी, मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भी बिक्री के लिए उपलब्ध है और इस सौदे का मूल्य दो अरब डॉलर (लगभग 18,749 करोड़ रुपये) से अधिक होने की संभावना है। सोमानी निवेशक और खेल उद्यमी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वह डेट्रॉइट स्थित मोटर सिटी गोल्फ क्लब के सह-मालिक हैं।

# लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार राशि होगी 10 लाख

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हर मेडल के पीछे संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की कहानी होती है। जितना पसीना बहेगा, जीत उतना ही निकट आएगी।

खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र, लक्ष्मण एवं रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार और पदक जीतने पर बधाई देते हुए ऐलान किया कि इन दोनों प्रतिष्ठित पुरस्कारों की राशि 3.11 लाख रुपये से बढ़ाकर 10-10 लाख रुपये की जाएगी। इसके लिए उन्होंने खेल विभाग को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेरठ में बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का लोकार्पण मई-जून में किया जाएगा। इसके साथ ही हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और हर विकासखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। सांसद और विधायक निधि से भी खेल मैदान और ओपन जिम को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में खिलाड़ियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि दी गई है। ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये, रजत पर 4 करोड़ और कांस्य पर 2 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले जहां खेल उपेक्षित थे, वहीं अब बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी व्यवस्था और प्रोत्साहन के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।



लक्ष्मण पुरस्कार लेता खिलाड़ी।

**आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग** | मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंची कप्तान हरमनप्रीत कौर

# भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना दूसरे स्थान पर कायम



**दुबई, एजेंसी।**

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है।

दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए काशवी भारतीय टीम में शामिल

- **नई दिल्ली, एजेंसी :** तेज गेंदबाज़ ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है। चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। दक्षिण अफ्रीका का ये दौरा डरबन में शुरू होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आख़िरी मैच खेला जाएगा।
- **भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफ़ाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्री चरणी, श्रेयंका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।



काशवी गौतम।